

सूर्योदय प्रातः 5:59 | सूर्यास्त संध्या 5:05 | पखवाड़ा कार्तिक शु. तृतीया, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 16°


फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 12 नवम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 266, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions



एक झलक

सीआरपीएफ पेट्रोलिंग पार्टी पर गोलीबारी

कुलगाम : जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर एक चेकपॉइंट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने गोलीबारी की, जिसमें दो सीआरपीएफ जवान घायल हो गये। सीआरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि घटना दोपहर करीब 2:15 बजे घटी, जब हमलावरों ने सीआरपीएफ जवानों पर गोलीबारी की और मौके से फरार हो गये। घायल जवानों को इलाज के लिए अनंतनाग जिले के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई, 13 गिरफ्तार

तिरुप्पुर : तमिलनाडु के तिरुप्पुर जिले में मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चला कर 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपितों के कब्जे से गांजा, गांजा चॉकलेट और गुटखा उत्पाद बरामद किये गये। अभियान के तहत पुलिस की 46 टीमों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और लॉज सहित करीब 92 स्थानों पर सघन जांच की।

बेपटरी हुई कोलकाता-साइरंग एक्सप्रेस

कोलकाता : असम के गुवाहाटी के पास बुधवार को कोलकाता-साइरंग एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना के बाद रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों की मदद के लिए कई स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन में पश्चिम बंगाल के 300 से अधिक यात्री सवार थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया है कि सुबह कामरूप (महानगर) जिले के डिगारू में ट्रेन का इंजन और पांच डिब्बे पटरी से उतर गये। इस हादसे में चार लोगों को मामूली चोटें आयी हैं। राहत की बात यह है कि घटना में किसी की जान जाने की कोई सूचना नहीं है। पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि, पश्चिम बंगाल से 300 से अधिक यात्रियों ने कोलकाता, नैहाटी, कृष्णानगर, मालदा और कटिहार मंडलों जैसे स्टेशनों से यात्रा शुरू की थी और वे गुवाहाटी से आगे जा रहे थे।

अंदर के पन्नों पर

3 छठ घाटों की सुरक्षा को लेकर डीसी ने...

5 धूमधाम से हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा...

7 माओवादी जोनल कमांडर संजय महाराष्ट्र के...

9 बिहार के दरभंगा में ट्रक ने चार किशोर को कुचला...

10 लिंडा नोस्कोवा ने सेमीफाइनल में बनायी...

कार्टून कोना



500 करोड़ रुपये से होगी नौसेना के युद्धपोत बेतवा की मरम्मत, बढ़ेगी युद्धक क्षमता

एजेंसी

नयी दिल्ली : पिछले एक दशक में कई दुर्घटनाओं का शिकार हुए भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस बेतवा की मरम्मत कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में करायी जायेगी। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में 498.58 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं। ब्रह्मपुत्र श्रेणी के इस युद्धपोत की प्रणोदन प्रणाली में व्यापक बदलाव किया जायेगा। मरम्मत के बाद आधुनिक हथियार प्रणाली के माध्यम से पोत की युद्धक क्षमता बढ़ेगी। इस परियोजना से जहाजों की मरम्मत एवं रखरखाव से जुड़े स्वदेशी औद्योगिक तंत्र की क्षमताएं और सुदृढ़ होंगी। विशेष रूप से इससे जटिल प्रणोदन प्रणाली में बदलाव तथा नौसैनिक प्लेटफॉर्म के आधुनिकीकरण के क्षेत्र में देश की तकनीकी और औद्योगिक क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना में 50 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी होने की उम्मीद है। साथ ही, भारतीय जहाज निर्माण उद्योग और उससे जुड़े सहायक क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित होंगे।

यह परियोजना सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के विजन को नयी गति प्रदान करेगी तथा देश की स्वदेशी नौसैनिक पोत मरम्मत एवं रख-रखाव क्षमताओं को और मजबूत करेगी। इजराइल-लेबनान संघर्ष शुरू होने के समय 2006 में बेतवा युद्धपोत टास्क फोर्स 54 का हिस्सा था, जो भूमध्य सागर से लौट रहा था। ऑपरेशन सुकून के एक हिस्से के रूप में बेतवा ने लेबनान से साइप्रस तक भारतीय नागरिकों को निकालने में भाग लिया। उसके बाद यह जहाज कई बार दुर्घटनाओं का शिकार हुआ।



■ रख-रखाव मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ किया करार

ब्रह्मपुत्र श्रेणी का यह युद्धपोत 04 जनवरी, 2014 को पानी के नीचे एक अज्ञात वस्तु से टकरा गया और सोनार गुंबद में दरार आ गयी, जिससे संवेदनशील उपकरणों में समुद्र का खारा पानी प्रवेश कर गया था। इसके बाद 05 दिसम्बर, 2016 को बेतवा मुम्बई में नौसेना डॉकयार्ड में क्रूजर ग्रेविंग डॉक के अन्दर रिफिट मरम्मत के दौरान रिफ्लोटिंग और अनडॉकिंग करते समय सपोर्ट ब्लॉक से फिसल गया और अपने बंदरगाह की तरफ गिर गया, जिससे 02 नाविकों की मौत हो गयी और 15 अन्य घायल हो गये। जहाज का मुख्य मस्तूल भी क्षतिग्रस्त हो गया था।

इसके बाद 22 फरवरी, 2017 को जहाज को सीधा करके फिर से पानी में उतारा गया। बेतवा को अमेरिकी सैल्वेज कम्पनी ने बिना किसी बाहरी लिफ्टिंग मैकेनिज्म का इस्तेमाल किये सिस्टमैटिक तरीके से उसके ● शेष पृष्ठ 11 पर

पेट्रोल-डीजल, एलपीजी, अनाज व सब्जियों के बाद अब डेयरी प्रोडक्ट भी हुए महंगे

अमूल व मदर डेयरी ने दूध के दामों में की भारी बढ़ोतरी

एजेंसी

नयी दिल्ली : पेट्रोल-डीजल, एलपीजी, अनाज और सब्जियों की बढ़ीं कीमतों से परेशान आम आदमी की रसोई का बजट एक बार फिर बिगड़नेवाला है। देश की दिग्गज डेयरी कम्पनियां अमूल और मदर डेयरी ने दूध के दामों में भारी बढ़ोतरी करने का एलान किया है। बढ़ती खरीद लागत और दूध की कम सप्लाई के चलते अमूल ने अपने दूध के दामों में 02 से 06 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की है, जो गुरुवार, 12 नवम्बर से लागू होगी। वहीं, मदर डेयरी ने भी अपने लिक्विड मिल्क वेरिएंट्स के दाम 02 से 04 रुपये प्रति लीटर बढ़ाने की घोषणा की है।

आमतौर पर सर्दियों के फ्लश सीजन में दूध का उत्पादन बढ़ता है और कीमतें स्थिर रहती हैं, लेकिन इस बार हालात बिलकुल उलट हैं। दरअसल, पिछले कुछ महीनों में दूध के फैट के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे कम्पनियों की लागत बहुत बढ़ गयी है। पशु आहार महंगे होने से किसानों की लागत बढ़ी है, जिसके चलते कम्पनियों को किसानों को अधिक खरीद मूल्य देना पड़ रहा है। अमूल ने फैट से जुड़ी खरीद दर को 1,000 रुपये प्रति किलो कर दिया है, जिससे किसानों को 60 रुपये प्रति लीटर से ज्यादा मिल रहे हैं। ताजा दूध की कमी के चलते जब कम्पनियां पाउडर और फैट का इस्तेमाल करती हैं, तो फैट महंगे होने से पूरा गणित बिगड़ गया और जनता पर यह बोझ डालना पड़ा।



अमूल का बड़ा झटका

अमूल ने अलग-अलग कैटेगरी के दूध पर तगड़ा इजाफा किया है। फुल क्रीम भैंस के दूध पर सबसे तगड़ी मार पड़ी है और दाम सीधे 80 से बढ़ते कर 86 रुपये प्रति लीटर हो गये हैं। फुल क्रीम पैक दूध के दाम में 04 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गयी है। अब यह 76 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। टोंड मिल्कपर 02 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। टोंड मिल्क (टोकन वाला दूध) अब 60 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। गाय का दूध अब 65 रुपये प्रति लीटर मिलेगा (पहले 62 रुपये था)।

मदर डेयरी ने 04 रुपये तक की बढ़ोतरी

फेस्टिव सीजन के बीच मदर डेयरी ने ग्राहकों को महंगाई का झटका देते हुए दूध की कीमत में 02 रुपये से 04 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। फुल क्रीम की कीमत 72 रुपये से बढ़ा कर 76 रुपये कर दी गयी है, जबकि टोंड दूध की थैली 60 रुपये के बजाय 62 रुपये में मिलेगी। वेंडिंग मशीन से मिलनेवाले टोंड दूध की कीमत भी 58 रुपये से बढ़ा कर 60 रुपये कर दी गयी है। डबल टोंड मिल्क 54 रुपये से बढ़ कर 56 रुपये लीटर हो गया है, जबकि गाय के दूध के लिए 62 रुपये के बजाय 65 रुपये खर्च करने होंगे।

निशा भगत मौत प्रकरण

राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान, डीजीपी से मांगी जांच रिपोर्ट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आदिवासी महिला नेत्री निशा भगत की मौत के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहटकर ने बुधवार को रांची में कहा कि निशा भगत को बहुत कम उम्र में उत्पीड़न के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिन्ताजनक है।

विजया राहटकर कहा कि आयोग इस मामले को गम्भीरता से ले रहा है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर जरूरी कदम उठायेगा। उन्होंने बताया कि आयोग ने झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मामले की तत्काल जांच कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये हैं।



■ सीबीआई जांच की सिफारिश से राज्य सरकार की जिम्मेदारी खत्म नहीं होती : विजया राहटकर

विजया राहटकर ने कहा कि आयोग ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से यह जानकारी मांगी है कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां बनीं, जिनके कारण निशा भगत को अपनी जान गंवानी पड़ी। अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है और इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं, इसकी भी पूरी जानकारी मांगी गयी है। आयोग ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम रांची के बाद गुमला भी पहुंची, जहां निशा भगत के माता-पिता से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली गयी। इस दौरान परिजनों ने अपनी बेटी के साथ हुई घटनाओं को लेकर गम्भीर ● शेष पृष्ठ 11 पर

छठ में रेलवे ने बढ़ायी विशेष ट्रेनों की संख्या

नयी दिल्ली : छठ महापर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर व्यापक इंतजाम किये हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियों का संचालन बढ़ाया गया है। बुधवार को दिल्ली क्षेत्र से कुल 31 विशेष रेलगाड़ियां चलायी गयीं, जबकि गुरुवार को 29 विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ और मांग के अनुसार अल्प सूचना पर अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियां भी चलायी जायेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी का 13-14 नवम्बर को दो राज्यों का दौरा



■ कर्नाटक को देंगे 15,600 करोड़ की सौगात, गुजरात में अंबाजी मंदिर में दर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 और 14 नवम्बर को कर्नाटक और गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह कर्नाटक में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन, नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ी बिजली आपूर्ति परियोजनाएं, एलपीजी भंडारण सुविधा, रेलवे परियोजनाएं और कचरा प्रबंधन से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। वह बेंगलुरु-मैंगलुरु-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखायेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 13 नवम्बर को सुबह करीब 10:45 बजे बेंगलुरु ● शेष पृष्ठ 11 पर

औद्योगिक कचरे से निर्माण सामग्री तैयार करने को भारत-नॉर्वे विकसित करेंगे तकनीक

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारत और नॉर्वे ने औद्योगिक कचरे को उपयोगी संसाधनों में बदलने और निर्माण क्षेत्र में इसके टिकाऊ इस्तेमाल के लिए संयुक्त तकनीकी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में पहल की है। इस पहल के तहत सीमेंट और निर्माण क्षेत्र में कचरे के पुनर्चक्रण, सुरक्षित निपटान और पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री विकसित करने पर जोर दिया जायेगा।

इस दिशा में वैज्ञानिक तथा



औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नॉर्वे की एसआईएनटीईएफ और रिसर्च काउंसिल ऑफ नॉर्वे ने मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'वेस्ट टू रिसोर्स सॉल्यूशंस इन द सीमेंट एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर' विषय पर भारत-नॉर्वे संवाद आयोजित किया। इसमें सीएसआईआर संस्थानों, नियामक एजेंसियों और सीमेंट एवं निर्माण उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

यह संवाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मई में नॉर्वे यात्रा के दौरान भारत-नॉर्वे सम्बन्धों को 'ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप' के स्तर पर ले जाने की घोषणा के अनुरूप आयोजित किया गया।

इस साझेदारी में चक्रीय अर्थव्यवस्था, स्वच्छ तकनीक और शोध को ● शेष पृष्ठ 11 पर

कोलकाता हवाई अड्डे पर हाईजैक की धमकी अफवाह

कोलकाता : कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह एयर इंडिया के एक विमान में हाईजैक (विमान अपहरण) की धमकी मिलने से मचे हड़कम्प के बाद अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की गयी जांच में विमान के अंदर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने आधिकारिक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत जांच पूरी होने के बाद विमान में यात्रियों की दोबारा बोर्डिंग शुरू कर दी गयी है।

राष्ट्रपति ने जमशेदपुर को किया राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित, स्वच्छता में फिर लहराया परचम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

जमशेदपुर : स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, प्रभावी नगर प्रबंधन और नागरिक सहभागिता के दम पर जमशेदपुर ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का मान बढ़ाया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शानदार प्रदर्शन के लिए जमशेदपुर को राष्ट्रपति द्वारा नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में देशभर के 4,751 नगरीय निकायों ने हिस्सा लिया था। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले 63 शहरों को राष्ट्रीय सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किया गया। ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला सम्मान

■ देश के 4,751 नगरीय निकायों के बीच 63 चयनित शहरों में जमशेदपुर ने बनायी जगह

केन्द्रीय कैबिनेट ने लिये कई महत्त्वपूर्ण फैसले

उर्वरक सब्सिडी, ऋण गारंटी और स्टैंडअप योजना को जारी रखेगी सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली : केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने किसान, सूक्ष्म उद्योगों और उद्यमिता के लिए बनी उर्वरक सब्सिडी, ऋण गारंटी और स्टैंडअप योजना को जारी रखने को मंजूरी दी है। सब्सिडी योजना को रबी सीजन और बाकी दोनों योजनाओं को 31 मार्च तक जारी रखने को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उक्त योजनाओं के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में



आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।

मंत्रिमंडल ने रबी 2026-27 के लिए फॉस्फेटिक और पोटैशिक उर्वरकों पर पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दी है। इसके अलावा सूक्ष्म इकाइयों के लिए ऋण गारंटी कोष (सीजीएफएमयू) और स्टैंड-अप इंडिया योजना को अगले पांच साल के लिए 31 मार्च 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी। पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी दरें 01 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड के उर्वरकों पर लागू होगी, जिससे किसानों को ये उर्वरक किफायती दामों पर उपलब्ध हो सकेंगे। इस पर अनुमानित बजटीय आवश्यकता 62,370.02 करोड़ (लगभग) है।

वहीं, ऋण गारंटी कोष (सीजीएफएमयू) के विस्तार से अगले पांच वर्षों में 12.6 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिये जा सकेंगे। यह कोष प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत दिये गये ऋणों के लिए ऋण गारंटी प्रदान करता है। आज 5,000 करोड़ रुपये के कोष को मंजूरी दी गयी है। इससे 12.6 लाख करोड़ रुपये के पीएमएमवाई ऋणों को सुगम बनाया जा सकेगा। इस कोष का उद्देश्य ऋण देनेवाली संस्थाओं (एलआईएस) को पात्र सूक्ष्म उद्यमों को 20 लाख रुपये तक के ऋण, प्रधानमंत्री ● शेष पृष्ठ 11 पर

नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक एक्वा लाइन मेट्रो के विस्तार को मंजूरी, 2,390 करोड़ रुपये होंगे खर्च

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक एक्वा लाइन मेट्रो के विस्तार को मंजूरी दे दी। इस परियोजना के तहत 8.449 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर बनाया जायेगा, जिस पर 2,390 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मार्ग में पांच नये स्टेशन बनाये जायेंगे। इसके चालू होने से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो नेटवर्क की कुल लम्बाई बढ़कर 71.878 किलोमीटर हो जायेगी। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया ● शेष पृष्ठ 11 पर

नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में 'युगे युगीन भारत संग्रहालय' के निर्माण को मंजूरी

केन्द्र सरकार ने बुधवार को नयी दिल्ली के नॉर्थ और साउथ ब्लॉक कॉम्प्लेक्स में 'युगे युगीन भारत संग्रहालय' के निर्माण को मंजूरी दे दी। यह संग्रहालय भारत की सभ्यतागत विरासत की निरंतरता और विविधता को इसकी मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के एकीकृत विवरण के माध्यम से प्रदर्शित करेगा। परियोजना की लागत 3,230 करोड़ रुपये है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।

एक झलक

मुरी-सिल्ली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व

मुरी : मुरी-सिल्ली क्षेत्र में भाई दूज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और पवित्र रिश्ते के प्रतीक के रूप में यह पर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों के घर जाकर आदरपूर्वक भोजन ग्रहण किया और प्रेम स्वरूप उपहार एवं शगुन भेंट किए। घरों में सुबह से ही उत्सव का माहौल देखने को मिला। बहनों ने थाली सजाकर आरती उतारी, मिठाई खिलाई और भाइयों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। भाइयों ने बहनों को साड़ी, वस्त्र और नकद शगुन देकर आशीर्वाद लिया। आसपास के गांवों में भी भाई दूज को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। बाजारों में मिठाई और उपहार की दुकानों पर भीड़ रही।

साढ़े पांच साल से अंडरपास का इंतजार, ग्रामीणों ने रोकी ट्रेन

पिस्का नगड़ी : रांची-लोहरदगा रेलमार्ग के नगड़ी क्षेत्र में अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर बुधवार सुबह ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। साढ़े पांच वर्षों से लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से नाराज नगड़ी, नारो, देवरी, महतो टोली, कुडला टोली और तुसमू सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण रेलवे लाइन के समीप जुटे और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सांकेतिक आंदोलन करते हुए करीब पांच मिनट तक ट्रेन रोक दी। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास निर्माण की मांग पिछले साढ़े पांच वर्षों से उठाई जा रही है। कई बार जनप्रतिनिधियों और रेलवे अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। अंडरपास नहीं होने से किसानों को खेतों तक पहुंचने और कृषि कार्य से जुड़ा सामान लाने-ले जाने में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों के लिए भी आवागमन मुश्किल बना हुआ है। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने बैठक कर आगे की रणनीति बनाई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) से मिलकर अंडरपास निर्माण की मांग रखेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी केवल आश्वासन मिला और ठोस पहल नहीं हुई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इसके तहत रेलवे लाइन के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर भी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि अब उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि अंडरपास निर्माण पर ठोस निर्णय चाहिए।

लापुंग के डुरू में सोहराय जतरा का आयोजन

सोहराय जतरा हमारी सांस्कृतिक विरासत : बन्धु तिर्की



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लापुंग : लापुंग प्रखंड के डुरू खंटगा में सोहराय जतरा के दौरान आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली विभिन्न नृत्य दलों के द्वारा रम्पा चम्पा, टेंगेरिया छाता व कलश लेकर आकर्षक झांकी निकाली गयी। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थि हुए इस मौके पर खोड़हा नृत्य मंडलियों ने पुष्प माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छा देकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया जतरा महोत्सव कार्यक्रम में बंधु तिर्की खोड़हा मंडली के साथ सामुहिक रूप से नृत्य किया। इस दौरान जतरा कार्यक्रम मे आये तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस तरह हमारे पूर्वज एवं माता पिता ने हमारी सस्कृति व कल्चर को बचाकर रखा है, उस प्रकार हम सभी युवा को हमारी संस्कृति व कल्चर को भी बचा के रखने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि मुखिया बिरसमनी देवी ने कहा कि सोहराय जतरा हमारी पुर्वजों से चली आ रही परम्परा है। इससे हमें एक दुसरे से मिलने जुलने का मौका मिलता है। वहीं, जतरा का नेतृत्व विधायक प्रतिनिधि सह पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने किया। मौके पर पार्टी अध्यक्ष जयंत बरला, अजय साहु, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, प्रकाश राम, प्रकाश खलखो प्यारा खलखो, रामा उरांव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

चिकोर में सोहराय डायर जतरा मेले का हुआ आयोजन



भदानीनगर : क्षेत्र के ऊपर चिकोर गांव में सोहराय डायर जतरा पूजा समिति के तत्वावधान में मेले का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पाहन शनिचर गंझू द्वारा पारंपरिक रूप से सुबह सोहराय पूजा प्रारंभ हुई। इसके बाद दोपहर 12 बजे से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अवसर पर पारंपरिक संस्कृति और लोककला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलाकारों ने रंगारंग खोड़हा नृत्य और गीत प्रस्तुत किए, जो देर शाम तक जारी रहे। कलाकारों ने मनमोहक नृत्य और नागपुरी गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी मनोज राम, रामफल बेदिया, दिलीप दांगी, धनंजय यादव, प्रमुख कौशल्या देवी, सीताराम मुंडा एवं हरिलाल बेदिया सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी अतिथियों का कमिटी की ओर से पारंपरिक रूप से स्वागत और अभिनंदन किया गया। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए जंपिंग झूला, खिलौना, चाट-चाउमीन, मिठाई की दुकानें लगीं, जहां लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजाबाबू मुंडा और संचालन देवशरण मुंडा, वीरेंद्र करमाली ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजाबाबू मुंडा, सचिव राजेंद्र गंजू, कोषाध्यक्ष अशोक बेदिया, उपाध्यक्ष विजय तुरी, सह सचिव आसमानी गंझू, उमेश गंझू, उपकोषाध्यक्ष शिवलाल गंझू, देवनारायण गंझू सहित राजू मुंडा, सुरेश तुरी, शनिचर गंझू, प्रेमलाल बेदिया, जोगेश्वर बेदिया, शंकर तुरी, चरकू गंझू, मनोज, कामेश्वर, बहादुर, देवानंद, नंदलाल तुरी, जितेंद्र बेदिया, श्रवण तुरी, जगनरायण बेदिया सहित अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।

बलौरा सोहराय जतरा में पारम्परिक वेशभूषा नाच-गान के साथ शामिल हुई खोड़हा टीम



अनगड़ा : प्रखंड क्षेत्र के बलौरा में मंगलवार को सोहराय पर्व के अवसर पर सोहराय जतरा का भव्य आयोजन किया गया। जतरा में आसपास के गांवों से पहुंचीं खोड़हा टीमों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ नाचते-गाते अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति और परंपरा का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें गेतलसूद, बनादागा, भाकुटुंगरी, पारासटोली, करंज टोली, भेलवाजारा, बीसा, बेंती और नवागढ़ की खोड़हा टीमें शामिल हुईं। सभी टीमों को आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जैलेंद्र कुमार थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनगड़ा प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, गेतलसूद की मुखिया शांति मुंडा, जिला परिषद सदस्य ओरमांझी कमिश्नर मुंडा, अजय तिर्की एवं उपमुखिया शंकर बैठा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिवा महतो ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जैलेंद्र कुमार ने कहा कि सोहराय पर्व हमारी आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की जरूरत है। संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्र के विकास की अवधारणा पर भी आगे बढ़ना होगा। मौके पर ममता देवी, अनीता देवी, सीताराम मुंडा, हरिहर महतो,वीचा उरांव,रणवीर कुजूर, जितेंद्र उरांव सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर मुंडा,सचिव रामू उरांव, कोषाध्यक्ष शिशु उरांव,गुल्लू उरांव,सनिका उरांव,बसंती कच्छप,अनीता देवी, पलटू उरांव, कृष्णा महतो, एवं नटराज उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पारम्परिक गीत-संगीत और नृत्य से गूंजा कंडेर सोहराई जतरा, उमड़ा हजारों लोगों का जनसैलाब



बुढ़मू : प्रखंड के कंडेर में बुधवार को पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ सोहराई जतरा का आयोजन संपन्न हुआ। जतरा मंच का उद्घाटन कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, भाजपा नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश, जतरा अध्यक्ष रघुवीर जायसवाल सहित कमेटी के पदाधिकारियों, भाजपा-कांग्रेस के नेताओं एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जतरा मंच पर ग्रुप डांस सहित कई रंगारंग गीत-संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पारंपरिक धुनों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों पर मंच के साथ-साथ आसपास मौजूद लोग भी झूमते नजर आए। वहीं, अतिथियों ने सोहराई पर्व की पौराणिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष जतरा में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। स्थिति ऐसी रही कि लोगों को खड़े होने तक की जगह कम पड़ गई। उमेडंडा, कंडेर, बुढ़मू, सारले, आरिद, चैनगढ़ा सहित आसपास की पंचायतों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने मेले में लगे खेल-खिलौनों की दुकानों, झूलों और मिठाइयों का जमकर आनंद लिया। मौके पर मोहन जायसवाल, विनोद मुंडा, अरुण यादव, सुदामा नायक, शमीम बड़ेहार, गोपाल तिवारी, सनोज यादव, सदन साहू, बलराम साहू, कमल मोदी, मनोज साहू, दिनेश यादव, सरफराज अहमद, विंटू शहदेव सहित सैकड़ों अतिथियों, आयोजकों एवं ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

बदरी अंबाटुंगरी में धूमधाम से मना सोहराय जतरा, पारम्परिक नृत्य प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर शामिल हुए ग्रामीण



अनगड़ा : अनगड़ा प्रखंड के कुच्चु पंचायत अंतर्गत बदरी अंबाटुंगरी हुड़पूपाखना में सोहराय पर्व के अवसर पर सोहराय जतरा सह पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जेएमएम रांची जिला अध्यक्ष मुस्तफा आलम एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जैलेंद्र कुमार सहित जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, अनुराधा मुंडा,मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, रामानंद बेदिया, सहदेव बेदिया,समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्थानीय पहान रामेश्वर बेदिया, दिनेश बेदिया एवं भुना बेदिया ने पहाड़ी बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना की। अतिथियों ने फीता काटकर जतरा का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। जतरा में बदरी, खभावन, खक्सी टोली, कुच्चु, बढ़ुवाडीह एवं हुंडरू जारा समेत दर्जनों गांवों की सांस्कृतिक टीमों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बढ़ुवाडीह की टीम को प्रथम (चार हजार रुपये), खक्सी टोली को द्वितीय (तीन हजार रुपये) तथा हुंडरू स्थल जारा को तृतीय (दो हजार रुपये) पुरस्कार मिला। पांच अन्य टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक-एक हजार रुपये दिए गए। मुख्य अतिथि मुस्तफा आलम ने कहा कि अपनी संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करना जरूरी है। वहीं जैलेंद्र कुमार ने कहा कि भाषा, संस्कृति और परंपरा ही आदिवासी समाज की पहचान है। मौके पर नागपुरी कलाकार सोनू करमाली की टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।आयोजन को सफल बनाने में मेला समिति के अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, सचिव सौहरैया बेदिया, कोषाध्यक्ष शनिचरवा बेदिया, संरक्षक सहदेव बेदिया सहित समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।



पतरातू डैम पर 15 व 16 नवम्बर को सजेगा आस्था का महाकुम्भ, छठ महापर्व की तैयारियां तेज



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पतरातू : छठ महापर्व को लेकर पतरातू डैम के छठ घाट पर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इसे लेकर बुधवार को पीटीपीएस लेक रिसोर्ट राष्ट्र संचेतना संस्था की कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष राकेश प्रसाद और संचालन सचिव दिलीप प्रसाद ने किया। बैठक में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों, व्यवस्थाओं एवं कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। अवसर पर अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि पतरातू डैम का छठ महापर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों से संस्था पूरी श्रद्धा एवं समर्पण के साथ इस आयोजन को सफल बनाती आ रही है। संस्था ने सभी छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति छठ घाट पर किसी प्रकार से स्थान आरक्षित न करें। सभी श्रद्धालु समय पर घाट पहुंचकर उपलब्ध स्थान पर अपना स्थान ग्रहण करें तथा एक-दूसरे के साथ सहयोग, सद्भाव एवं भाईचारे का परिचय दें। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति ने किया।

उत्पाद विभाग ने चार स्थानों पर की छापेमारी

30 लीटर महुआ शराब बरामद



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन में उत्पाद बल ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठार चौक के पास, कैथा, गोबरदाहा एवं कोठार जेल रोड में कुल चार स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में करीब 30 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद किया गया। अवैध शराब की बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान करते हुए उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद अमित किशोर प्रसाद तथा गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। जिला प्रशासन द्वारा अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

स्व. रमेश सिंह मुंडा की जयंती पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि



बुंडू : झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं जननेता स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा की जयंती पर बुधवार को बुंडू में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रधान कार्यालय, रमेश सिंह मुंडा स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, रमेश सिंह मुंडा महिला महाविद्यालय और तैमारा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने अपने पिता स्व. रमेश सिंह मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि पिता के आदर्श, स्नेह और जनसेवा के प्रति समर्पण उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा, अशरफ अंसारी, शिवनाथ मुंडा, सिकंदर खान, सोमरा कुंडु, बासु सेठ, प्रदीप मुंडा सहित पार्टी कार्यकर्ता, शुभचिंतक और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने स्व. रमेश सिंह मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

डीएवी विवेकानंद बेड़ो के विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान का किया शैक्षणिक भ्रमण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बेड़ो के नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के 150 विद्यार्थियों और 15 शिक्षकों ने बुधवार को रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस एक दिवसीय भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से प्रकृति, वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देना था। भ्रमण के दौरान नन्हे विद्यार्थियों ने जैविक उद्यान में विभिन्न प्रजातियों के वन्यजीवों और प्राकृतिक वातावरण का करीब से अवलोकन किया। बच्चों ने चीता, भालू, हाथी, दरियाई घोड़ा, शेर और बाघ जैसे वन्यजीवों को देखकर खूब उत्साह दिखाया। वहीं, सांप घर पहुंचकर विभिन्न प्रजातियों के सांपों को देखकर बच्चे रोमांचित हो उठे। छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे भ्रमण का भरपूर आनंद लिया और शिक्षकों से वन्यजीवों के बारे में कई रोचक जानकारियां भी प्राप्त कीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षिकाओं ने पूरे समय बच्चों का साथ दिया तथा अनुशासन और सुरक्षा के साथ उनका मार्गदर्शन किया।

ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, मौत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुढ़मू : थाना क्षेत्र के राय रोड स्थित चौकी टॉड के समीप झीलया नदी के पास बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कोयला लदे तेज रफ्तार एलपी ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए दोनों युवकों को कुचल दिया। मृतकों की पहचान टंडवा प्रखंड के दूंडुवा पांडे मोड़ निवासी कुलदीप महतो (35 वर्ष) एवं प्रकाश महतो (24 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक संख्या जेएच01एफएन 7870 से अपने गांव दूंडुवा पांडे मोड़, टंडवा से ठाकुर गांव थानाक्षेत्र के खरकु टोला, पतरातू जा रहे थे। इसी दौरान चौकी टॉड के समीप झीलया नदी के पास कोयला लदे एलपी ट्रक संख्या जेएच02एवी2655 ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में शामिल ट्रक मां भगवती ट्रांसपोर्ट, कुमडांग का बताया जा रहा है। हादसे में दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक कुलदीप महतो अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। वहीं, प्रकाश महतो की शादी महज एक साल पहले हुई थी। दो युवकों की असामयिक मौत से दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़मू पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। हादसे की खबर फैलते ही मृतकों के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने सड़क जाम कर दिया।

भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित सड़क पर भारी वाहनों के परिचालन के लिए उचित व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद कोयला लदे सैकड़ों भारी वाहन प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरते हैं। तेज रफ्तार और भारी वाहनों के लगातार परिचालन से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने इस मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

चित्रगुप्त मंदिर गोला में चित्रांश महापरिवार ने की भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना

गोला (रामगढ़) : बक्शी टोला स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में बुधवार को चित्रांश महापरिवार के लोगों ने चित्रगुप्तजी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना की। पुरोहित गुरु बाबा द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विशेष पूजा अर्चना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। पूजा में बतौर यजमान अभिषेक कुमार सिन्हा शामिल हुए। पूजन के बाद हवन एवं महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें दर्जनों श्रद्धालु शामिल हुए। पूजन-अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण और संध्या में भव्य प्रीतिभोज का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने सामुहिक रूप भोजन किया। मौके पर चित्रांश परिवार के लोगों ने चित्रगुप्त महाराज के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। साथ ही कहा गया कि ऐसे मौके पर श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है। चित्रगुप्त पूजा को ले मंदिर प्रांगण को आकर्षक रूप में सजाया गया। यहाँ की विद्युत सज्जा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौके पर चित्रगुप्त महापरिवार अध्यक्ष सनत कुमार सिन्हा, सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, अभाकाम के जिला उपाध्यक्ष द्वय कुँवर कुमार बक्शी एवं सुजीत सिन्हा, बिपिन बिहारी प्रसाद, प्रदीप चंद्र लाला, अरुण कुमार बक्शी, संजय बक्शी, अनिल कुमार सिन्हा, प्रीतम सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, रजणीश आनंद, सहदेव प्रसाद बक्शी, सुमन कुमार सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, मनीन्द्र कुमार सिन्हा, राजु बक्शी, कृष्ण कुमार, संदीप बक्शी, जितेंद्र प्रसाद बक्शी, श्रीकांत गोविंद सहित चित्रांश समाज के अनेकों लोग मौजूद थे।

पतरातू के सुदूरवर्ती भंडारगढ़ा और पलानी गांव पहुंचे उपायुक्त

ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, ली सुविधाओं की जानकारी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पतरातू : रामगढ़ के उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को पतरातू प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव भंडारगढ़ा एवं पलानी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और गांव में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं तथा योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी ली कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद एवं पात्र लाभुकों तक पहुंच रहा है या नहीं। दौरे के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त का यह दौरा सुदूरवर्ती गांवों में सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने और ग्रामीणों की समस्याओं को करीब से समझने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। प्रशासन के इस सीधे संवाद से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं एवं जरूरतें अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला।

आदिवासी संघर्षशील परम्परा को आगे बढ़ाने की जरूरत : गौतम



सीएनटी एक्ट दिवस पर विशेष

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुंडू : ग्राम सभा गितिलडीह - हुमटा के तत्वावधान में गितिलडीह ग्राम के पारटोला स्थित जदुर अखड़ा में 119वां सीएनटी एक्ट दिवस पर जन सभा का आयोजन जगन्नाथ मुंडा की अध्यक्षता में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए गौतम सिंह मुंडा ने कहा कि आदिवासियों की सबसे मूल्यवान संपत्ति जमीन है, जिस पर जीवन आधारित है और दूसरी संपत्ति जंगल है, जहां वास करते हैं। ऐतिहासिक युग से आदिवासियों की जमीन और जंगल लूटने हड़पने के लिए षड्यंत्र किये जाते रहे, आज भी यह क्रम जारी है। अंग्रेजों के शासन काल में आदिवासियों का विद्रोह हुआ परिणाम स्वरूप छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 बना, जिसे आदिवासियों का सरक्षा कवच कहा जाता है। आज के समय में मौजूदा सरकारें भी विकास के नाम पर आदिवासियों का जल जंगल जमीन छीन कर कॉरपोरेट घरानों को सौंप रही है । इसी लिए 119वां सीएनटी एक्ट दिवस पर संकल्प लेकर आदिवासी पुरखों की संघर्षशील परंपरा को आगे बढ़ाना होगा । छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 के तहत गैर कानूनी तरीके से आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों के द्वारा कब्जा किया जमीन वापसी का प्रावधान है। लेकिन उपायुक्त की उदासीनता के कारण आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों के हाथों में धड़ल्ले से जा रही है । इसी लिए आज भी जल जंगल जमीन के लिए संघर्ष तेज करना होगा। राजेश कुमार मुंडा ने कहा कि सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आदिवासियों का जल जंगल जमीन पर सामुहिक अधिकार सुनिश्चित करना होगा। छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 से रूढ़ि प्रथा जुड़ा हुआ है । इसी लिए सीएनटी एक्ट की जानकारी नई पीढ़ी को रखना अनिवार्य है। सानिका मुंडा ने कहा कि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 किसी सरकार की दया से नहीं मिला है, बल्कि आदिवासी वीर सपूतों की संघर्ष और बलिदान के बदौलत हासिल हुआ है । 1875 के बाद शहीद बिरसा मुंडा ने उलगुलान किया । सन् 1730 ई० में मुगल गवर्नर नवाब हेदायतुल्ला ने शेर घाटी के रोहिला को पलामू पर चढ़ाई कराया , लड़ाई में रोहिला और उसके पुत्र मारे गए । अंग्रेजों से हारने पर बादशाह शाह - आलम ने 12 अगस्त 1765 को बिहार , बंगाल और उड़ीसा की दीवानी ईस्ट इंडिया कंपनी के नाम लिख दिया । परंतु आदिवासी किसी की अधीनता स्वीकार करने को तैयार नहीं हुए । 1820 - 21 और 1831 - 32 में मुंडाओं ने रूदु मुंडा और कोन्ता मुंडा के नेतृत्व में विद्रोह हुआ । इस तरह हजारों आदिवासी जल जंगल जमीन पर मालिकाना अधिकार के लिए संघर्ष में शहीद हुए । आज भी सीएनटी एक्ट को संशोधन कर शिथिल करने की कोशिश सरकारें करती है। लेकिन आदिवासी आज भी संघर्षरत हैं। हमें लोकतांत्रिक तरीके से लड़कर भावी पीढ़ी के लिए जल जंगल जमीन संरक्षित करना है। सोमरा मुंडा ने कहा कि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम में स्पष्ट है कि धारा 46 आदिवासी जमीन का बिक्री प्रतिबंधित है। आदिवासी जमीन का गैर कानूनी तरीके हस्तांतरण गैर आदिवासी को किया गया तो धारा 71 के तहत जमीन वापसी होगी ।

बेड़ो में मना भैया दूज का पर्व



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : भाई-बहनों के प्रेम व स्नेह का पर्व भाई दूज बुधवार को प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बहनों व महिलाओं ने परंपरागत वेश भूषा में पूजा-अर्चना किया। परंपरा के अनुसार बहनों ने अपने भाई के दुश्मन का गोबर से तस्वीर बनाकर भाई के दुश्मनों को लाठियों से कुटाई करते हुए अपने भाई की लंबी उम्र की कामना की। साथ ही मौके पर पारंपरिक गीत भी महिलाओं ने गाए। बहनों अपने भाइयों के चिरंजीवी और यशस्वी होने की कामना करते हुए माथे पर तिलक लगाया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर भाइयों ने बहनों को उपहार प्रदान किया।वहीं दिन भर बहनों का अपने भाईयों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

एक झलक

झारखंड में बादलों के कारण बढ़ा तापमान, ठंड से मिली थोड़ी राहत

रांची : झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में बादल छाए रहने के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तापमान बढ़ने से ठंड का असर भी कुछ कम हुआ है। मौसम विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार की तुलना में बुधवार को रांची के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो-दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। इसी तरह जमशेदपुर में अधिकतम तापमान एक डिग्री और न्यूनतम तापमान दो डिग्री बढ़ा। बोकारो में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। चाईबासा में अधिकतम तापमान एक डिग्री और न्यूनतम तापमान दो डिग्री बढ़ा। विभाग के अनुसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों से होते हुए उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी, झारखंड और पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों तक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से आने वाले दिनों में झारखंड के मौसम में बदलाव की संभावना है।

निशा भगत मामले में सीबीआई जांच पर भाजपा का बयान

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि निशा भगत मामले में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के आंदोलन के दबाव में झारखंड सरकार को सीबीआई जांच की अनुशंसा करनी पड़ी। मंगलवार रात जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि निशा भगत की आत्महत्या की खबर मिलने के बाद भाजपा एसटी मोर्चा ने सड़क पर उतरकर आंदोलन शुरू किया था। साहू ने बताया कि मोर्चा की ओर से पुतला दहन, मशाल जुलूस और चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई थी। भाजपा ने आगामी दिनों में झारखंड बंद और कैंडल मार्च सहित कई कार्यक्रमों की भी घोषणा की थी। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के लगातार विरोध-प्रदर्शन के बाद सरकार सीबीआई जांच की अनुशंसा करने को बाध्य हुई। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच से मामले के सभी पहलुओं की निष्पक्ष पड़ताल हो सकेगी। साहू ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने निशा भगत के चरित्र हनन का प्रयास किया, जिससे वह मानसिक तनाव में थीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जांच से सच्चाई सामने आएगी और निशा के परिजनों को न्याय मिलेगा। साथ ही कहा कि मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न

रांची : सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक का 11 नवंबर, 2026 को आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने की। बैठक में उप-प्रबंधक (राजभाषा) दिविक दिवेश ने गत तिमाही में संचालित राजभाषा कार्यक्रमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। तिमाही प्रगति रिपोर्ट के माध्यम से कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग, प्रगति एवं सुधार के विभिन्न पहलुओं की समग्र समीक्षा की गई। अपने संबोधन में महाप्रबंधक (राजभाषा) अशोक कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता की सशक्त अभिव्यक्ति है।

छठ घाटों की सुरक्षा को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : छठ महापर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बुधवार को शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पूजा समितियों के सदस्यों से बातचीत कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने हातमा, काके डैम, मधुकम, हटानिया, बड़ा तालाब, जेल तालाब, चडरी, अरगोड़ा, धुर्वा, बटन तालाब, बनस तालाब (चुटिया) और पावर हाउस तालाब स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च

- पानी में तीन फीट की गहराई पर होगी बैरिकेडिंग, संवेदनशील घाटों पर तैनात रहेंगी एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें
- छठ महापर्व का आयोजन सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद



प्राथमिकता होनी चाहिए। जलस्तर को देखते हुए पानी में तीन फीट की गहराई के बाद बैरिकेडिंग की जाए। खतरनाक और गहरे स्थानों को चिह्नित कर चेतावनी संकेतक भी लगाए जाएं।

संवेदनशील घाटों पर रहेगी बचाव टीम

अत्यधिक संवेदनशील घाटों पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात रहेंगी। इसके अलावा गोताखोरों और बचाव दल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पूजा समितियों को गोताखोरों के मोबाइल नंबर साझा करने को भी कहा गया, ताकि आपात स्थिति में तत्काल मदद मिल सके।

साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

उपायुक्त ने घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को डस्ट डालकर समतल और सुगम बनाने, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षित बिजली व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भीड़ नियंत्रण, सुचारु आवागमन और फिसलन वाले स्थानों को सुरक्षित बनाने पर भी जोर दिया। नगर निगम क्षेत्र के बाहर स्थित घाटों पर भी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान एसपी यातायात राकेश सिंह, एसपी सिटी पारस राणा, एसडीओ सदर कुमार रजत, अपर जिला दंडाधिकारी धनंजय, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, वार्ड पार्षद और छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

छठ घाटों की तैयारी में जुटा नगर निगम, नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



- फिटकरी छिड़काव, हाईमास्ट लाइट और विशेष सफाई के निर्देश, सम्पर्क पथों को कंकड़-पत्थर मुक्त रखने पर जोर

रांची : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रांची नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने निगम की टीम के साथ एदलहातू तालाब, बड़गाईं तालाब और पीएचईडी तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी घाटों पर फिटकरी का छिड़काव, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, हाईमास्ट लाइट लगाने, पेड़ों की छंटाई, रंगाई-पुताई और विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही घाटों तक पहुंचने वाले संपर्क पथों को कंकड़-पत्थर और कचरे से मुक्त रखने पर जोर दिया, ताकि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को नंगे पैर आवागमन करने तथा अर्घ्य अर्पित करने में परेशानी न हो। नगर आयुक्त ने सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी कर घाटों को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रकाशमय बनाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, नगर प्रबंधक और छठ पूजा समितियों के सदस्य उपस्थित थे।

सीबीआई मामले में हलका कर्मचारी शशि भूषण सिंह को हाई कोर्ट से राहत नहीं

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय से सीबीआई के एक मामले में आरोपित हलका कर्मचारी शशि भूषण सिंह को राहत नहीं मिली है। अदालत ने उनकी क्रिमिनल रिवीजन याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही याचिका दाखिल करने में हुई 1185 दिनों की देरी को माफ करने की मांग भी अस्वीकार कर दी। शशि भूषण सिंह ने रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत के 25 फरवरी 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ आरोप तय किए गए थे। यह मामला वर्ष 2009-10 का है। उस समय शशि भूषण सिंह रांची के रातू अंचल में हलका कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। उन पर पुंदाग गांव की जमीन के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) में अनियमितता बरतने



- सीबीआई की विशेष अदालत के आरोप तय करने के आदेश को दी थी चुनौती
- याचिका दाखिल करने में हुई 1185 दिनों की देरी माफ करने से भी अदालत का इनकार

का आरोप है। सीबीआई के मुताबिक, जमीन की वास्तविक रकबा 35.55 डिसमिल था, जबकि शशि भूषण सिंह ने 39.49 डिसमिल जमीन के म्यूटेशन की अनुशंसा की थी। आरोप है कि उन्होंने मेसर्स संजीवनी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसा किया था। इस मामले में निचली अदालत ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप तय किए थे। उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि विभागीय जांच में वर्ष 2022 में उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया था। इसके अलावा, इसी तरह के आरोपों से संबंधित एक अन्य मामले में उच्चतम न्यायालय ने 29 अप्रैल 2025 को उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। यह मामला आपराधिक अपील संख्या 2293/2025 से संबंधित था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने उस मामले में हलका कर्मचारी की भूमिका को रजिस्टर्ड सेल डीड के आधार पर राजस्व रिकॉर्ड में प्रविष्टि करने और म्यूटेशन की प्रक्रिया शुरू करने तक सीमित माना था। उनका तर्क था कि वर्तमान मामला भी इसी प्रकृति का है, इसलिए उच्चतम न्यायालय के फैसले का लाभ उन्हें मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी दलील दी कि उच्चतम न्यायालय में संबंधित मामला लंबित रहने के कारण आरोप तय करने के आदेश को चुनौती देने में देरी हुई। सीबीआई की ओर से याचिकाकर्ता की दलीलों का विरोध किया गया। सीबीआई के अधिवक्ता ने कहा कि वर्तमान मामला अलग प्राथमिकी यानी आरसी केस संख्या 17(एस)/2013-आर से जुड़ा है और इसमें आरोप भी अलग हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के दूसरे मामले के फैसले का लाभ याचिकाकर्ता को नहीं दिया जा सकता।

न्यूजीलैंड-भारत लॉन बॉल्स टेस्ट सीरीज 16 नवम्बर से


फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : न्यूजीलैंड और भारत के बीच तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल्स टेस्ट सीरीज का आयोजन 16 से 18 नवंबर 2026 तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड स्थित रॉयल ओक बाउल्स में होगा। प्रतियोगिता का आयोजन न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय खेल संस्था 'बाउल्स न्यूजीलैंड' के दिशा-निर्देशों के तहत किया जा रहा है। सीरीज में दोनों देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी होंगे। तीन दिनों में कुल तीन टेस्ट खेले जाएंगे। प्रत्येक टेस्ट में पांच मुकाबले होंगे, जिनमें पुरुष पेयर्स, महिला पेयर्स, मिक्स्ड फोर्स और दो मिक्स्ड पेयर्स मुकाबले शामिल हैं। प्रत्येक मुकाबले में जीत पर तीन अंक मिलेंगे। पांच में से कम से कम तीन मुकाबले जीतने वाली



टीम टेस्ट अपने नाम करेगी। सीरीज में सर्वाधिक टेस्ट जीतने वाली टीम को मार्लीन कैसल-राजेंद्र बेनहानी ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। झारखंड लॉन बॉल्स के महासचिव सह कोच मधुकांत पाठक ने बताया कि भारतीय टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी दिनेश महतो, कॉमनवेल्थ पदक विजेता सुनील बहादुर और एशियन पदक विजेता रेशमा कुमारी शामिल हैं। वहीं, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित और कॉमनवेल्थ पदक विजेता पिंकी दिल्ली की खिलाड़ी हैं। चारों खिलाड़ी इन दिनों रांची में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम को झारखंड खेल विभाग के सचिव मुकेश कुमार, निदेशक छवि रंजन, झारखंड लॉन बॉल्स के अध्यक्ष शीतल झा, झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, संयुक्त सचिव आशीष झा सहित खेल जगत से जुड़े कई लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

श्री श्याम मंदिर में बाबा को अन्नकूट का भोग अर्पित



- 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री श्याम मंडल की ओर से अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में कार्तिक माह के अवसर पर मंगलवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान ललित मोदी, सृष्टि मोदी, अंशुल मोदी एवं तुषित मोदी रहे। मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका और मोदी परिवार ने सर्वप्रथम गणेश पूजन किया। इसके बाद वीर बजरंगबली और शिव परिवार की पूजा-अर्चना की गई। बाबा को विभिन्न प्रकार के फल, मिठाइयों के साथ पूड़ी, पूड़ा, बड़ा और पंचमेल सब्जी का भोग लगाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। मंदिर में ही तैयार प्रसाद 500 से अधिक भक्तों के बीच वितरित किया गया। मंडल के कार्यकताओं ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था भी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास पाड़िया, प्रमोद बगड़िया, मनोज ढांढनिया, प्रदीप अग्रवाल, अभिषेक डालमिया, प्रियांश पोद्दार, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, राजेश सारस्वत और नितेश लखोटिया का सहयोग रहा।

खूंटी में धूमधाम से मनाया गया भैया दूज का त्योहार

बहनों ने भाइयों के माथे पर लगाया तिलक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची/खूंटी : भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक भैया दूज का त्योहार बुधवार को खूंटी में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल देखने को मिला। बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों के सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। त्योहार को लेकर बहनों में खासा उत्साह रहा। उन्होंने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनके मंगलमय जीवन की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपना स्नेह जताया और हर परिस्थिति में साथ निभाने तथा उनकी रक्षा करने का संकल्प दोहराया। जिन बहनों के भाई दूसरे शहरों या दूर-दराज के क्षेत्रों में रहते हैं, उन्होंने



- बहनों ने पूजा-अर्चना कर भाइयों की सुख-समृद्धि और लम्बी उम्र की कामना की, भाइयों ने उपहार देकर निभाया स्नेह का वादा

फोन और अन्य संचार माध्यमों से शुभकामनाएं देकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। भैया दूज को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख और समृद्धि की कामना करती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, इसी दिन मृत्यु के देवता यमराज अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे थे। बहन के आतिथ्य और स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया था कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर उससे तिलक लगवाएगा, उसे सुख-समृद्धि और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होगा। इसी धार्मिक और पारिवारिक परंपरा के साथ खूंटी में भी लोगों ने भैया दूज का पर्व मनाया। त्योहार ने भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और पारिवारिक एकजुटता के महत्व को एक बार फिर रेखांकित किया।

उपायुक्त ने डोरंडा स्थित मां काली पूजा पंडाल में किये मां काली के दर्शन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने डोरंडा स्थित मां काली पूजा समिति के पूजा पंडाल पहुंचकर मां काली के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने मां काली से समस्त जिलेवासियों के सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन द्वारा काली पूजा के सफल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर किए गए सहयोग एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए आभार व्यक्त किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग एवं समन्वय से पूजा का आयोजन बेहतर एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो रहा है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

हेहल सोहराय जतरा महोत्सव में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री, मेला समिति की बहनों को किया सम्मानित

समृद्ध जनजातीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक है सोहराय जतरा : सेठ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपरा और लोकआस्था के प्रतीक सोहराय महापर्व के अवसर पर हेहल जतरा स्थल में आयोजित हेहल सोहराय जतरा महोत्सव में रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक उत्सव में सहभागिता की और क्षेत्रवासियों को सोहराय पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि सोहराय केवल एक पर्व नहीं, बल्कि झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान और जनजातीय जीवन-



दर्शन का जीवंत उत्सव है। यह पर्व हमें अपनी कृषि परंपराओं, पशुधन के महत्व और प्रकृति के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता का संदेश देता है। हमारी लोकसंस्कृति और परंपराएं ही हमारी असली पहचान हैं, जिन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। महोत्सव के आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मेला समिति की बहनों (दीदियों) को श्री संजय सेठ ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमारी बहनें अपनी सक्रिय भागीदारी, परिश्रम और समर्पण से न केवल ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को सफल बनाती हैं, बल्कि हमारी परंपराओं और सामाजिक विरासत को भी सहेजने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। उन्होंने झारखंड की समृद्ध लोकपरंपराओं, जनजातीय संस्कृति और पारम्परिक उत्सवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजीत भगत, अशोक मुंडा, बिंदेश्वर बेक, धर्मचंद्र उरांव, श्री बिमेश तिर्की, बंदे उरांव, सुचित उरांव, राकेश तिर्की एवं विजय तिर्की सहित अनेक गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

भारत समिट में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे ऋषिकेश सिंह, कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह को तेलंगाना सरकार द्वारा हैदराबाद में 12 से 14 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित द्वितीय भारत समिट – Forging a New World में विशिष्ट प्रतिनिधि (Distinguished Delegate) के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस अंतरराष्ट्रीय समिट में भारत सहित 100 देशों के प्रतिनिधिमंडलों की भागीदारी प्रस्तावित है। यहां ऋषीकेश सिंह युवा नेतृत्व, राजनीति और समसामयिक सामाजिक-राजनीतिक विषयों पर अपनी बात रखेंगे। झारखंड से इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिनिधित्व का अवसर मिलना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सूबोध कांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रमा खलखो, रविंद्र सिंह, हृदयानंद मिश्रा,



विनय सिन्हा दीपू, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, कमल ठाकुर, सोनाल शांति एवं सुनील सिंह सहित प्रदेश कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं एवं कांग्रेसजनों ने ऋषीकेश सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि ऋषीकेश सिंह ने छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की और निरंतर संघर्ष, संगठन के प्रति समर्पण एवं मेहनत के बल पर आज झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रहे ऐसे अवसर उनके राजनीतिक सफर और संगठनात्मक योगदान की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ ऋषीकेश सिंह की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि झारखंड कांग्रेस और प्रदेश के युवाओं के लिए भी गर्व का विषय है। उम्मीद है कि वे इस मंच पर झारखंड की आवाज और युवा नेतृत्व की आकांक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेंगे।

'थिंक 2029' में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और औद्योगिक विकास पर हुई चर्चा, राज्य के लिए नीति निर्माण का संकल्प

झारखंड के आर्थिक बदलाव के लिए पेशेवरों ने किया मंथन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड के आर्थिक विकास और भविष्य की नीतिगत दिशा तय करने के उद्देश्य से होटल बीएनआर चाणक्य में 'थिंक 2029-प्रोफेशनल्स फॉर इकोनॉमिक ट्रांसफॉर्मेशन' का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस, झारखंड की ओर से आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव सह प्रोफेशनल्स प्रभारी आदित्य विक्रम जायसवाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रोफेशनल्स कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मधु यास्की गौड़, लेखक एवं स्तंभकार सुवीर सरन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शामिल हुए। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और झारखंड की पारंपरिक नृत्य-संगीत प्रस्तुति के साथ हुई। सम्मेलन में डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षाविद्, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कानून विशेषज्ञ, उद्यमी



और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पैनल चर्चा के माध्यम से राज्य की आर्थिक संभावनाओं, विकास की चुनौतियों और नीतिगत प्राथमिकताओं पर विचार रखे। प्रोफेशनल्स कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मधु यास्की गौड़ ने कहा कि देश के निर्माण में पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज भी राष्ट्र निर्माण में उनकी विशेषज्ञता और भागीदारी जरूरी है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, सिंगल विंडो सिस्टम और जल-जंगल-जमीन जैसे विषयों पर पेशेवर पैनल बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड संसाधनों और मानव क्षमता से समृद्ध है। पेशेवरों की भागीदारी से राज्य के विकास को नई दिशा मिल सकती है। झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि प्रोफेशनल्स कांग्रेस ऐसे विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रही है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता और वंचित वर्गों के सशक्तीकरण के लिए योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों तक विभिन्न विषयों पर पेशेवरों के साथ संवाद कर झारखंड के विकास का विजन तैयार किया जाएगा। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर नीति निर्माण में उनके सुझाव और अनुभवों का लाभ लेना है। आयोजक आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि झारखंड में प्रतिभा, अवसर और संसाधनों की कमी नहीं है, बल्कि उचित मार्गदर्शन और नीतिगत पहल की जरूरत है।

बिरसा मुंडा की जयंती पर उलिहातू से कोकर तक 73 किलोमीटर की पदयात्रा निकालेगी भाजपा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड प्रदेश की ओर से व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 13 से 15 नवंबर तक भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू (खूंटी) से उनके समाधि स्थल कोकर (रांची) तक करीब 73 किलोमीटर की तीन दिवसीय पदयात्रा निकाली जाएगी। वहीं, 17 से 20 नवंबर तक राज्य के विभिन्न प्रमंडलों में जनजातीय गौरव सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से



जनजातीय महापुरुषों के संघर्ष, बलिदान और योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। यह जानकारी भाजपा एसटी मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद समीर उरांव ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में 11 से 18 नवंबर तक देशभर में जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जा रहा है।

एक झलक

पुलिस ने चार पिकअप वैन और एक मैजिक गाड़ी से 33 मवेशी जब्त किये



बरही : बरही थाना क्षेत्र के बिलौतिया मोड़ बायपास के समीप पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार पिकअप वाहन एवं एक मैजिक वाहन को पकड़ा है। वाहनों से कुल 33 मवेशी बरामद किए गए। सभी मवेशियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। इस मामले में धनबाद जिले के जोड़ापोखर निवासी शाहनवाज आलम को गिरफ्तार किया गया है। बरही थाना पुलिस पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

श्री रामकृष्ण शांति आश्रम में रक्तदान व कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित

बरही : हजारीबाग स्वामी मुक्तानंद महाराज की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्री रामकृष्ण शांति आश्रम में रक्तदान एवं निशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किया गया। शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन, उपाध्यक्ष डॉ. खेमलाल महतो, शांति आश्रम के स्वामी अक्षयानंद, डी.एन. साधु, प्रव्राजिका शक्ति प्राणा, प्रव्राजिका शांति प्राणा, दीपक घोष और चिन्मय सरकार ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर का शुभारंभ स्वामी अक्षयानंद ने रक्तदान करके किया। इसके बाद राजा दत्ता, आशीष कुमार, सुकांत दास, पी. राय, पार्था डे, एस. लिथासिनी, ज्योथिका मंडल, कपिल कुमार, अमित कुमार मालाकार, सागर, अजय राम, अनिकेश, विजय कुमार, मनोज कुमार, सुजीत गुप्ता आदि 16 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। आश्रम द्वारा 250 जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरित किए गए। अपने संबोधन में हजारीबाग रत्न निर्मल जैन ने शांति आश्रम द्वारा प्रतिवर्ष किए जाने वाले रक्तदान शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि अन्य संस्थाओं को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें तथा आयोजकों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ हजारीबाग में उबाल

- नगर आयुक्त के कथित अभद्र व्यवहार की एक स्वर से हुई कड़ी निन्दा
- झारखंड सरकार से बेलगाम अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग
- सांसद-विधायक समेत जनप्रतिनिधियों ने जताया कड़ा विरोध
- आज पुराने समाहरणालय स्थित धरना स्थल पर होगा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन
- नगर आयुक्त के तत्काल स्थानांतरण की मांग को लेकर डीसी को सौंपा जायेगा ज्ञापन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग प्रेस क्लब में नगर निगम के अधिकारियों द्वारा पत्रकारों के साथ कथित तौर पर किये गये अभद्र व्यवहार के प्रयास को लेकर जिले में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, महापौर अरविंद राणा सहित कई जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी एवं प्रबुद्धजन हजारीबाग प्रेस क्लब पहुंचे और घटना की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए पत्रकारों के प्रति अपना समर्थन जताया। इस दौरान सभी राजनीतिक व सामाजिक दल के लोगों ने एक स्वर में कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। पत्रकारों की आवाज दबाने और उन्हें डराने का प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। जनहित के मुद्दों को उठाना और सरकारी विभागों की कार्यशैली पर सवाल करना पत्रकारों का संवैधानिक एवं सामाजिक दायित्व है। ऐसे में पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना बेहद निन्दनीय है। दरअसल, हजारीबाग नगर निगम की कार्यशैली को लेकर बीते मंगलवार को पत्रकारों द्वारा खबर प्रकाशित की गयी थी, जिसमें छठ महापर्व के अवसर पर स्टोन डस्ट गिराने की टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाये गये थे। टेंडर प्रक्रिया और निर्धारित समयावधि को लेकर पत्रकारों ने जनहित में कई महत्त्वपूर्ण सवाल उठाये थे। आरोप है कि इसी खबर से नाराज होकर नगर आयुक्त हजारीबाग प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस घटना के बाद पत्रकारों के साथ-साथ आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है।

प्रेस क्लब पहुंचे जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों ने कहा कि पत्रकारों के साथ हुई यह घटना पूरी तरह निन्दनीय है। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की आवाज को दबाने की कोशिश किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी ने झारखंड सरकार से मांग की, कि ऐसे अधिकारियों की कार्यशैली पर अंकुश लगाया जाये और पूरे मामले में उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पत्रकारों के सम्मान और स्वतंत्र पत्रकारिता की रक्षा के लिए वे उनके साथ मजबूती के साथ खड़े हैं।

धरना-प्रदर्शन कर जताया जायेगा विरोध, डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन

घटना के विरोध में हजारीबाग प्रेस क्लब के पत्रकारों के समर्थन में एकजुट हुए जनप्रतिनिधियों ने जोरदार आन्दोलन का निर्णय लिया। तय किया गया कि आज हजारीबाग पुराने समाहरणालय के सामने स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। इसमें जिले के पत्रकारों के साथ स्थानीय सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं आम नागरिक शामिल होकर नगर निगम के अधिकारियों के कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। धरना-प्रदर्शन के उपरांत हजारीबाग उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञापन के माध्यम से नगर आयुक्त के तत्काल स्थानांतरण की मांग उठायी जायेगी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह लड़ाई केवल पत्रकारों के सम्मान की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनहित के सवालों को उठाने के अधिकार की भी है।

इन जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने जताया विरोध

इस घटना की कड़ी निन्दा करनेवालों में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, झारखंड कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विनोद कुशवाहा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, कांग्रेस नेता संजय तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवलाल महतो एवं बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अनूप भाई सहित कई गण्यमान्य लोग शामिल थे। सभी ने पत्रकारों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की।

बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार को लेकर प्रोचेस्टा ट्रस्ट ने की पोषण वाटिका मिशन की शुरुआत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : अभी के समय जितनी भी खेती की जाती है उसमे राशयनो का प्रयोग कर मिट्टी की गुणवत्ता, पैदावार में बढ़ोतरी और कीटनाशक का प्रयोग किया जाता है। इससे बच्चो की सेहत में काफी बुरा असर हो रहा है। इसी से बचने के लिए प्रोचेस्टा ट्रस्ट के माध्यम से चुरचू प्रखंड के लोठे कैराटोले गांव में पोषण वाटिका मिशन चलाया जा रहा है। इस पोषण वाटिका मिशन के तहत ग्रामीणों के बच्चे को पोषण से भरा हुआ अनाज उपजाने की ट्रेनिंग दिया जाता है। इसमें जैविक खाद का इस्तेमाल कर सब्जी और फसल का उत्पादन किया जाता है। इस तरह के बिना रसायन वाले फसल को बच्चे को खिलाने से बच्चो के स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। इस काम को लोठे गांव के ही रहने वाले सुखदेव सोरेन उत्पादन का देखभाल करते हैं। वहीं लालमुनि किस्कू यहां की महिला कृषक है। प्रोचेस्टा ट्रस्ट के सचिव सहदेव गांगुली ने कहा कि पोषण वाटिका मिशन के तहत हरेक गांव में बिना रसायन के फसल को उपजाने और इस्तेमाल करने की जागरूकता फैलाई जा रही है। इसमें जैविक खाद और कीटनाशक का इस्तेमाल के विषय में भी बताया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना रसायन के फसल, सब्जी और फल के इस्तेमाल से बच्चो का स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। इस मिशन के तहत बच्चों की सेहत में सुधार को टारगेट किया गया है।

ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी, महिला ने थाने में दिया आवेदन

बरही : थाना क्षेत्र के पटना रोड स्थित नवनिमार्णाधीन साहू धर्मशाला के समीप एक घर में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और 10,800 रुपये नकद चोरी कर लिए। इस संबंध में पीड़ित मीना देवी पति बजरंगी सोनी ने बरही थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।आवेदन के अनुसार मीना देवी 10 नवंबर 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे रोज की तरह खाना खाने के बाद दैनिक मजदूरी (रेजा कार्य) करने धमना गई थीं। शाम करीब 5:40 बजे जब वह घर लौटीं तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे शोध व तकनीकी विकास को अपनाना समय की मांग : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, हजारीबाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनुभा कुमारी ने दांतों से परेः ओरल माइक्रोबायोम और प्रिसिजन डेंटिस्ट्री का भविष्य विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने ओरल माइक्रोबायोम मौखिक स्वास्थ्य में सूक्ष्मजीवों की भूमिका तथा दंत चिकित्सा में 16र १फ्ठअ सीक्वेंसिंग, मेटाजीनोमिक्स और बायोइन्फॉर्मेटिक्स जैसी आधुनिक अनुसंधान तकनीकों



के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही भविष्य में व्यक्तिगत एवं सटीक दंत चिकित्सा की संभावनाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान की प्रवृत्ति और नवाचार की भावना विकसित करना भी है। आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे शोध एवं तकनीकी विकास को अपनाना समय की आवश्यकता है। ऐसे विशेष व्याख्यान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नई जानकारियों से जोड़ने के साथ-साथ ज्ञान के आदान-प्रदान और अकादमिक उत्कृष्टता को भी बढ़ावा देते हैं ।

दारू में चित्रांश परिवार ने श्रद्धा और उल्लास के साथ की भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

दारू(हजारीबाग) : दारू प्रखंड में बुधवार को चित्रांश परिवार की ओर से भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर दारू क्षेत्र में रहने वाले सभी चित्रांश परिवार के सदस्य उपस्थित हुए और अपने आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सभी चित्रांश परिवार के सदस्यों ने एक साथ पूजा में भाग लेकर सामाजिक एकता, आपसी प्रेम और भाईचारे का परिचय दिया। इस सामूहिक आयोजन ने चित्रांश समाज की एकजुटता को और मजबूत किया। कार्यक्रम में समाज के सभी सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। पूजा-अर्चना के बाद सभी ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और समाज की एकता एवं सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही रात मे सामूहिक भोजन मे बिभिन्न ब्यंजनों का लुफ्त उठाया और संस्कृतिक कार्यक्रम मे बच्चों से लेकर बड़ो ने डांस, कॉमेडी, और मिमिकरी कर सबों को लोटपोट कर दिया ।

चनारो में वैज्ञानिकों ने चलाया खेत बचाओ अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चरही : बुधवार को चुरचू प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चनारो पंचायत भवन सभागार में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (कअफक्र) झारखंड के वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण 'खेत बचाओ अभियान' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम से 71 से अधिक स्थानीय महिला किसानों को सीधा लाभ मिला और उन्हें स्थायी कृषि रणनीतियों की जानकारी दी गई। टीम लीडर डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने मिट्टी की जांच कराए बिना या विशेषज्ञों से सलाह लिए बिना रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में किसानों को जागरूक किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मिट्टी एक जीवंत संसाधन है जिसे बनने में लाखों साल लगते



हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि एक बार मिट्टी खराब हो जाने पर इसे कम समय में दोबारा ठीक नहीं किया जा सकता। डॉ. गुप्ता ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के कारण कृषि भूमि से केंचुए गायब हो रहे हैं। इसके समाधान के लिए उन्होंने किसानों को गोबर की खाद (FYM), केंचुआ खाद (वर्मीकंपोस्ट) और जीवामृत तैयार करने के साथ-साथ ढैंचा के साथ हरी खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया, ताकि मिट्टी के स्वास्थ्य और उसकी उर्वरता को बनाए रखा जा सके। ऊपरी भूमि (टांड) की खेती पर चर्चा करते हुए, डॉ. नरेंद्र सिंह ने किसानों को बागवानी के बहुआयामी लाभों के बारे में प्रशिक्षित किया। उन्होंने फलों के पौधे लगाने की सही तकनीक और फसलों को कीटों से बचाने के उपाय सिखाए। डॉ. सिंह ने बताया कि फलों के पेड़ लगाने से न केवल किसानों को सुनिश्चित और नियमित आय मिलती है ।

जमीन पर जबरन कब्जा और चहारदीवारी निर्माण का आरोप, एसपी से लगायी न्याय की गुहार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पदमा : बरही ओपी पदमा क्षेत्र के जीहू मौजा स्थित दाउजीनगर में जमीन पर जबरन कब्जा करने और चहारदीवारी निर्माण कराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में महाबीर मेहता, शैलेश कुमार मेहता एवं सोनू कुमार ने पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदकों का आरोप है कि खाता संख्या 86, प्लॉट संख्या 3080 की 3 एकड़ 26 डिसमिल जमीन उनके पूर्वजों के नाम हुकुमनामा से प्राप्त है। इस जमीन की सरकारी रसीद वर्ष 2011-12 तक निर्गत हुई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 7 नवंबर 2026 को पंकज कुमार, बसंत नारायण मेहता, अजय मेहता, सीताराम मेहता एवं नितीश कुमार सहित अन्य लोगों द्वारा उक्त जमीन पर जबरन कब्जा कर चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त जमीन पर जबरन कब्जा कर चहारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था। आवेदकों ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जमीन पर कथित अवैध कब्जा रोकने तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आवेदन के साथ जमीन के दस्तावेज और सरकारी रसीद की छायाप्रति भी संलग्न की है।

मौलाना अबुल कलाम आजाद स्वराज के आंदोलन में सदा अग्रणी रहे : निसार खान



हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण वल्लभ आश्रम में स्वाधीन भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 138 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला मीडिया विभाग के अध्यक्ष सह जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष निसार खान ने कहा कि स्वाधीन भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद, जो अरबी फारसी के विद्वान थे, स्वाधीनता संग्राम में, इस सदी के प्रारंभ में ही कूद पड़े थे। प्रथम महायुद्ध (1914-1918) और द्वितीय महायुद्ध (1938-1945) दोनों महायुद्ध के काल में कारावास भुगतने वाले संभवतः वे ही एकमात्र नेता थे। स्वराज के आंदोलन में वे अग्रणी रहे। मौलाना आजाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। उनकी विशेषता यह रही की द्विराष्ट्र सिद्धांत को उन्होंने कभी स्वीकारन ही किया। सह अस्तित्व पर जबरदस्त विश्वास रखने वाले नेताओं में वे प्रमुख थे। उन्हीं के कारण देश के विभाजन के बाद लाखों मुसलमानों की आस्था देश के प्रति गहरी हुई। मदीना के मुफ्ती का यह पौत्र, मुस्लिमों को संगठित कर देश के राष्ट्रीय प्रवाह में काम रखने में सफल रहा। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी नगर अध्यक्ष परवेज अहमद उपाध्यक्ष बाबर अंसारी महासचिव दिलीप कुमार रवि, जावेद इकबाल, विजय कुमार सिंह, सदरुल होदा, अनिल कुमार भुइया, मोहम्मद रब्बानी, रीवाली पासवान, मुश्ताक अंसारी, प्रदीप मंडल, जहांगीर अंसारी, चंद्रशेखर आजाद, बहादुर सागर, सैयद अशरफ अली, निसार अहमद भोला, समसुल उर्फ बबलू, मोहम्मद जिब्राइल, अशरफ अली, मोहम्मद आफताब आलम, अभिमन्यु भगत, कैलाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

झारखंड के दो राष्ट्रीय राजमार्ग बने मौत के हाईवे, गडकरी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : हजारीबाग बरही झारखंड के दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को लेकर आजसू नेता संजय मेहता ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। इस संबंध में उन्होंने मंत्रालय को



पत्र लिखकर एनएच-19 (पुराना एनएच-2) के चोरदाहा-चौपारण-गोरहर तथा एनएच-20 (पुराना ठल्ह्-33) के बरही-चुटुपालू-तैमारा घाटी खंड में प्रभावी सड़क सुरक्षा उपाय करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि पिछले 15 वर्षों में इन दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों पर 30 हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

मेहता विकास मंच की बैठक, संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

इचाक : मेहता विकास मंच इचाक प्रखंड कमेटी की बैठक बुधवार को परासी पंचायत भवन परिसर में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन मंच के प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता ने किया. बैठक मे मंच के मुख्य संरक्षक सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं संरक्षक बटेश्वर प्रसाद मेहता सहित जिला एवं प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें प्रखंड कमेटी के विस्तार,समाज को एकजुट कर मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया. पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि मेहता विकास मंच को गांव-गांव तक पहुंचाने की जरूरत है. संगठन



की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं और समाज के लोगों को मंच से जोड़ें. उन्होंने आगामी 22 नवंबर को आयोजित झारखंड कुशवाहा महासम्मेलन में इचाक से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को हजारीबाग पहुंचने का आह्वान किया. बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज के बिना उसका विकास संभव नहीं है ।

डीबलबांध जतरा मेला में दिखा आदिवासी संस्कृति व एकजुटता का अद्भुत संगम : जेपी पटेल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कटकमसांडी : कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत के डीबलबांध में मंगलवार को सरना समिति आदिवासी कुटुम्ब जतरा मेला का भव्य आयोजन किया गया। मेले में आदिवासी संस्कृति, परंपरा, सामाजिक एकता और झारखंडी लोककला का अद्भुत संगम देखने को मिला। मांदर की गूंज और नागपुरी गीतों की धुन पर पूरा क्षेत्र उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के पूर्व विधायक सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष जेपी पटेल शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथियों में शाहपुर पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि शंभु यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य विजय सिंह भोगता, मनोज मोदी, नरसिंह प्रजापति, युवा समाजसेवी पप्पू यादव एवं राजद जिला अध्यक्ष चरका यादव सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि



जेपी पटेल ने कहा कि आदिवासी जतरा मेला हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक है। आदिवासी समाज की संस्कृति प्रकृति से जुड़ी हुई है, जिसमें जल, जंगल, जमीन, भाईचारा और सामूहिकता का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी भाषा, परंपरा, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस तरह के आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं।

आस्था : छठ व्रतियों के बीच कल होगा 21 प्रकार की पूजन सामग्री का वितरण, हजारीबाग यूथ विंग की तैयारी पूरी

समाज में एकता, सहयोग और सेवा भाव को सशक्त बनाना ही हमारी सबसे बड़ी साधना है : चंद्र प्रकाश जैन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर हजारीबाग यूथ विंग की ओर से आयोजित होने वाले विशेष सेवा कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आस्था, श्रद्धा और समर्पण की भावना के साथ संस्था लगातार चौथे वर्ष छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के बीच पूजन सामग्री का वितरण करने जा रही है। इस पहल के तहत 301 छठ व्रतियों को सूप, नारियल सहित 21 प्रकार की पूजन सामग्री मात्र 11 रुपये की सहयोग राशि पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह सेवा कार्यक्रम गुरुवार, 12 नवंबर को



सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक के. बी. सहाय मार्ग स्थित खजांची तालाब के निकट आयोजित होगा। संस्था का उद्देश्य छठ व्रतियों के कठिन संकल्प में सहयोग करना और इस पावन पर्व पर सेवा, समर्पण एवं सामाजिक सहभागिता का संदेश देना है। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य दिनभर तैयारियों में जुटे रहे। सबसे पहले 301 सूप एवं नारियल को विधिवत साफ कर स्वच्छता और पवित्रता के साथ तैयार किया गया। इसके बाद सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से पूजन सामग्री की पैकिंग की। सामग्री में सूप, नारियल, शुद्ध घी, सिंदूर, रोली, कपूर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छोहाड़ा, मखाना, रुई-बत्ती, धूपबत्ती, सुपारी, आरता पत्ता, माचिस सहित अन्य आवश्यक पूजन सामग्री शामिल हैं। पूरी तैयारी इस बात को ध्यान में रखकर की गई है कि व्रतियों को एक ही स्थान पर छठ पूजा के लिए आवश्यक सामग्री सहजता से उपलब्ध हो सके। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि छठ महापर्व पवित्रता, अनुशासन, आस्था और सामाजिक समरसता का अद्भुत प्रतीक है। हजारीबाग यूथ विंग का प्रयास है कि व्रतियों के इस कठिन अनुष्ठान में अपनी छोटी-सी सहभागिता निभाई जाए। समाज में एकता, सहयोग और सेवा भाव को सशक्त बनाना ही हमारी सबसे बड़ी साधना है। संस्था आगे भी इसी भावना के साथ सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में अपनी भूमिका निभाती रहेगी। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग का प्रयास है कि छठ व्रतियों को हरसंभव सहयोग मिले।

लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर एसपी ने कटकमदाग थाना में की समीक्षा बैठक

वारंटियों की गिरफ्तारी, संगठित अपराध पर कार्रवाई और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बुधवार को कटकमदाग थाना में लंबित कांडों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, पुलिस निरीक्षक पेलावल अंचल तथा कटकमदाग थाना प्रभारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में एसपी ने वर्ष 2026 से पूर्व के लंबित मामलों के साथ वर्तमान में दर्ज कांडों का भी बारी-बारी से जायजा लिया। उन्होंने सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना में



लंबित जमानती एवं गैरजमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की-जब्ती से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने तथा फरार आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार को थाना स्तर पर सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित कांडों की प्रगति की समीक्षा की जाए और उनके निष्पादन में तेजी लाई जाए। उन्होंने अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री होने वाले स्थानों को चिह्नित कर इसमें संलिप्त लोगों की पहचान करने तथा विशेष अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। संगठित अपराध से जुड़े लंबित मामलों को भी गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने और इसमें शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि थाने में आने वाले आम लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। वहीं, जमीन विवाद से संबंधित लंबित मामलों की थाना दिवस में समीक्षा करने तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के साथ पत्राचार करने का निर्देश दिया गया।

एक झलक

शिक्षा ही राष्ट्र की शक्ति : सहदेव महतो



बाघमारा : राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर बुधवार को अंगारपथरा स्थित संकल्प एजुकेशन में खेतवासी स्किलअप संस्था की ओर से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कतरास के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर संस्था के झारखंड प्रभारी सहदेव महतो ने कहा कि 11 नवंबर को देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाई जाती है। शिक्षा ही राष्ट्र की शक्ति है। शिक्षा से योग्यता और योग्यता से जीवन में सफलता मिलती है। शिक्षित समाज ही राष्ट्र को समृद्ध और मजबूत बना सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा ज्ञान अर्जित कर देश के विकास में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोरमा देवी, रवि कुमार निषाद, दीपक कुमार साव एवं सुधीर हेंब्रम का सराहनीय योगदान रहा।

बाथरूम में गिरने से 54 वर्षीय विरेंद्र पांडेय की मौत

सिंदरी (धनबाद): डोमगढ़ स्थित डीएल-टू आवास संख्या 296 में मंगलवार दोपहर बाथरूम में गिरने से 54 वर्षीय विरेंद्र पांडेय की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वार्ड पार्षद नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब दो बजे विरेंद्र पांडेय बाथरूम में गिरकर मूर्छित हो गए थे। सूचना पर बलियापुर से 108 एंबुलेंस बुलाकर उन्हें एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया। वहां प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें असर्फी अस्पताल रेफर कर दिया। असर्फी अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि बाथरूम में गिरने के बाद संभवतः ब्रेन हेमरेज अथवा हृदयाघात से उनकी मौत हुई है। बुधवार को परिजनों ने दामोदर नदी स्थित सिंदरी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया। मृतक की दोनों आंखें खराब थीं। वे पूर्व में रेलवे में ठेकेदारी करते थे। उनके परिवार में एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

सिंदरी शहरपुरा में दो बन्द घरों में चोरी, शहर में सनसनी

सिंदरी (धनबाद): सिंदरी के शहरपुरा में मंगलवार की देर रात दो बंद आवासों में चोरी की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। चोरों ने दोनों घरों के मुख्य दरवाजों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सिंदरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आवासों का निरीक्षण किया। पहली घटना रविंद्र दुबे के आवास संख्या एम-141-142 में हुई। रविंद्र दुबे 24 अक्टूबर से अपने गांव सलेमपुर गए हुए हैं। उनके बंद आवास में चोरी की सूचना मिलने पर रिश्तेदार सोहन द्विवेदी मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार ने आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान एक कमरे में रखी आलमारी का दरवाजा भी टूटा हुआ मिला। घर बंद रहने के कारण चोरी गए सामानों की जानकारी नहीं मिल सकी। वहीं, दूसरी घटना विकाश भंडारी के आवास संख्या एल-400 में हुई। विकाश भंडारी भी सपरिवार सिंदरी से बाहर गए हुए हैं। उनके आवास का ताला तोड़कर चोरी की गई। पुलिस ने दोनों गृहस्वामियों को घटना की सूचना देकर वापस लौटने को कहा है। थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, गृहस्वामियों के लौटने और चोरी गए सामानों की जानकारी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

धूमधाम से हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा, उमड़े सैकड़ों चित्रांश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



बाघमारा (धनबाद): बाघमारा अंचल चित्रगुप्त महापरिवार के तत्वावधान में बुधवार को कतरास हीरक रोड स्थित श्यामडीह में भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से की गई। श्यामडीह में भगवान चित्रगुप्त महाराज के प्रस्तावित मंदिर के समीप आयोजित पूजा में बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के लोग शामिल हुए। पंडित अशोक पांडेय ने विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई। पूजा के बाद भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर चित्रांश रौनक सिन्हा ने कहा कि समाज के वरिष्ठ एवं अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन और युवा टीम की मेहनत से आयोजन सफल हुआ है। भगवान चित्रगुप्त के आशीर्वाद से युवाओं को इतने भव्य आयोजन की प्रेरणा और हौसला मिला। उन्होंने बताया कि गुरुवार को प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इसके बाद महापरिवार के बैनर तले सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने की योजनाओं पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, वरिष्ठ अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद (मुनमुन बाबू) सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों को बैज लगाकर सम्मानित किया। मौके पर प्रवीण कुमार लाल, मनोज कुमार लाल, हिमांशु सिन्हा, कृष्ण कुमार सिन्हा, केशव लाला, अमित सिन्हा, विजय कुमार सिन्हा, कबीर रंजन, रौनक सिन्हा सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

चित्रगुप्त पूजा में विभिन्न पंडालों में पहुंचे विधायक राज सिन्हा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हुए शामिल

धनबाद : चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने मंगलवार को धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित पूजा समारोहों में भाग लिया। उन्होंने भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज का दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक विभिन्न पूजा समितियों की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। विधायक राज सिन्हा नवागढ़, महेशपुर, विनोद नगर, पुराना स्टेशन, मेमको मोड़, कतरास बाजार, बाबूडीह, हाउसिंग कॉलोनी, हीरापुर, सिंदरी एवं जगजीवन नगर सहित विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचे। उनके आगमन पर पूजा समितियों के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर



राज सिन्हा ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज सत्य, न्याय, विवेक और कर्म के प्रतीक हैं। उनकी आराधना हमें ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा समाज में सद्भाव, समरसता और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा देती है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का माध्यम हैं। उन्होंने पूजा समितियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भगवान चित्रगुप्त महाराज से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

शहरपुरा चित्रगुप्त मंदिर में धूमधाम से मनायी गयी चित्रगुप्त पूजा

- वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ पूजन, संध्या में संगीत कार्यक्रम व प्रीतिभोज का आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिंदरी (धनबाद): शहरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में चित्रांश समाज की ओर से चित्रगुप्त पूजा धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। पूजा के मुख्य यजमान वरिष्ठ चित्रांश एवं चिटाही निवासी रंजीत श्रीवास्तव थे। मंदिर के पुजारी पं. जय नारायण पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शास्त्रसम्मत विधि से भगवान चित्रगुप्त का पूजन संपन्न कराया। पूजनोत्सव में डॉ. सरोज कुमार सिन्हा, विनोद कुमार सिन्हा, कुंदन वर्मा, अजीत कुमार, संजीव श्रीवास्तव, मुनमुन श्रीवास्तव एवं अंजली श्रीवास्तव सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। श्री चित्रगुप्त महापरिवार समिति सिंदरी के अध्यक्ष डॉ. सरोज कुमार सिन्हा ने बताया कि पूजा के अवसर पर संध्या में संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम 7:30 बजे प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई है। आयोजन को लेकर चित्रांश समाज में उत्साह का माहौल रहा।

पंचगढ़ी बाजार में सांड का आतंक, सड़क पर लगा जाम



बाघमारा (धनबाद): कतरास पंचगढ़ी बाजार में बुधवार को एक आवारा सांड के आतंक से कुछ देर के लिए यातायात ठप हो गया। बाजार में सांड के विचरण से राहगीरों और वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। कतरास में इन दिनों आवारा पशुओं का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। गाय, सांड, सूअर और कुत्तों के कारण आमजन की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाजार से राशन लेकर लौट रहे लोगों पर सांड अचानक झपट्टा मारकर सामान छीन लेता है। इससे राशन सड़क पर बिखर जाता है और लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। आवारा कुत्ते भी झोले पर झपट्टा मारते हैं। कई बार राहगीरों को काटने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। लोगों का कहना है कि नगर निगम क्षेत्र होने के बावजूद आवारा पशुओं पर नियंत्रण और सफाई व्यवस्था को लेकर प्रभावी पहल नहीं हो रही है। सड़कों के किनारे अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब हैं, जबकि आधा दर्जन से अधिक हाईमास्ट लाइट लंबे समय से बंद पड़ी हैं। अधूरे नाली निर्माण से दुकानदार भी परेशान हैं।

ट्रांसफार्मर की चिंगारी से बिचाली लदी टाटा मैजिक में लगी आग



जोड़ापोखर (धनबाद): डिगवाडीह गणेश पूजा मैदान के समीप बुधवार को चलती बिचाली लदी टाटा मैजिक में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें तेज होते देख चालक ने वाहन रोककर कूदकर अपनी जान बचाई। स्थानीय ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। घटना में चालक सुरक्षित बच गया और बड़ा हादसा टल गया। वाहन चालक भोला चौधरी ने बताया कि वह बोकारो जिले के चंदनकियारी से टाटा मैजिक में बिचाली लोड कर डिगवाडीह एवं फुसबंगला में आपूर्ति करने जा रहा था। इसी दौरान डिगवाडीह कांटा घर के समीप ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी बिचाली पर गिर गई, जिससे आग लग गई। आसपास के लोगों ने चालक को इसकी जानकारी दी।

झरिया के 12 प्रमुख स्थान हाईमास्ट लाइट से जगमगाये, विधायक रागिनी सिंह ने किया उद्घाटन

जनता की सुविधा और सुरक्षा प्राथमिकता : रागिनी सिंह



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद): झरिया विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में विधायक रागिनी सिंह की पहल पर 12 प्रमुख स्थानों पर हाईमास्ट लाइटें स्थापित की गई हैं। बुधवार को विधायक ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर हाईमास्ट लाइटों का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत बस्ताकोला स्थित अंबेडकर चौक से हुई। इसके बाद भगतडीह, लोदना सहित अन्य इलाकों में लाइटों का शुभारंभ किया गया। विधायक मद से स्थापित हाईमास्ट लाइटों के चालू होने से अब प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर रात में भी पर्याप्त रोशनी रहेगी। इससे दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही अंधेरे के कारण होने वाली परेशानियों से राहत मिलने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इन 12 स्थानों में लोदना अंबेडकर चौक बाजार, भौरा टैक्सी स्टैंड, मोहन बाजार मार्केट, भाटडीह मोड़, भगतडीह मोड़, बस्ताकोला अंबेडकर चौक, सुदामडीह रिवर साइड मार्केट, शहीद शशिकांत पाण्डेय चौक, चासनाला सम्राट नगर, होरलाडीह, भगा अग्रवाल धर्मशाला के सामने और डिनोबली मोड़ शामिल हैं।

कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मना भाई फोटा, बहनों ने भाइयों की लम्बी उम्र की कामना की

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



बाघमारा (धनबाद): कतरास कोयलांचल में बंगाली समुदाय की ओर से बुधवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक पर्व भाई फोंटा पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने विधि-विधान से भाइयों के माथे पर चंदन, दही और काजल से फोंटा (टीका) लगाकर उनकी लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की कामना की। इसके बाद आरती उतारकर भाइयों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। अनुष्ठान के दौरान बहनों ने पारंपरिक मंत्र ह्यभाइयेर कपाले दिलाम फोंटा, जमेर दुआरे पोड़लो कांटा...का उच्चारण किया। इसका भावार्थ है कि भाई के माथे पर फोंटा लगाने से यमराज के द्वार पर कांटा पड़ जाए और भाई की उम्र लंबी हो। पूजा-अर्चना के बाद भाइयों ने बहनों की रक्षा और सम्मान का संकल्प लिया तथा उन्हें उपहार भेंट किए। घरों में विभिन्न पारंपरिक पकवान और विशेष भोज का आयोजन हुआ। परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कर पर्व को यादगार बनाया। मान्यता है कि भाई फोंटा का संबंध यमराज और उनकी बहन यमुना की पौराणिक कथा से है। कहा जाता है कि यमुना ने अपने भाई यमराज के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की थी।

13 दिनों के बकाया वेतन भुगतान को लेकर 23 से 25 नवम्बर तक धरना, ओबीसी एसोसिएशन ने की बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



अलकडीहा (धनबाद): लोदना क्षेत्र के श्रमिकों के 13 दिनों के बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर 23 से 25 नवंबर तक लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए बुधवार को लोदना क्षेत्रीय बैकवर्ड ओबीसी कोल एंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक लोदना मोड़ के समीप वैष्णो मंदिर के सामने आयोजित की गई। बैठक में बकाया वेतन भुगतान को लेकर प्रस्तावित आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। एसोसिएशन के सदस्यों ने लोदना क्षेत्र के सभी श्रमिकों को आंदोलन के प्रति जागरूक करने तथा धरना प्रदर्शन में उनकी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सदस्यों ने कहा कि मजदूरों के बकाया वेतन भुगतान के मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाना जरूरी है। बैठक में तीन दिवसीय धरना को पूरी तरह सफल बनाने के लिए श्रमिकों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाने और आंदोलन को मजबूती देने का निर्णय लिया गया। बैठक में संयुक्त महासचिव सुभाष माली, क्षेत्रीय सचिव रामनाथ गोप, कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम सिंह यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरजीत यादव, गणेश कुमार, मुन्ना राजभर, रामदेव प्रसाद एवं मंगरू बरई उपस्थित थे।

आदर्श क्लब सिंदरी में चंद्रदेव महतो ने की मां काली की पूजा-अर्चना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



सिंदरी (धनबाद): सिंदरी विधायक कॉमरेड चंद्रदेव महतो ने बुधवार को आदर्श क्लब, सिंदरी में आयोजित काली पूजा महोत्सव में शामिल होकर मां काली की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां काली से सिंदरी विधानसभा क्षेत्र की जनता के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद विधायक ने पूजा पंडाल का अवलोकन किया तथा आयोजन समिति के सदस्यों से मुलाकात कर पूजा की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए सभी को काली पूजा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं।

इंकलाबी नौजवान सभा का नगर सम्मेलन 29 को, तैयारियों को लेकर बैठक



सिंदरी (धनबाद): सिंदरी बिरसा समिति में इंकलाबी नौजवान सभा के नगर सम्मेलन के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने की। इसमें आगामी 29 नवंबर को प्रस्तावित नगर सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन के प्रचार-प्रसार और सफल आयोजन के लिए सभा के कार्यकर्ताओं के बीच विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि नगर सम्मेलन युवाओं को संगठित करने और उनकी आवाज को मजबूती प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण मंच होगा। उन्होंने युवाओं से अपने-अपने वार्डों में सघन सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में रोजगार के सवाल और क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। युवाओं की भागीदारी से संगठन को मजबूत बनाने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

लेकिशा शर्मा को मिला सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय सांस्कृतिक प्रस्तुति सम्मान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



झरिया (धनबाद): मारवाड़ी सम्मेलन, झरिया की ओर से आयोजित दीपावली मिलन समारोह ह्यदीपश्रीह्ल में लेकिशा शर्मा को ह्यसर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय सांस्कृतिक प्रस्तुतिह्ल सम्मान से नवाजा गया। उनकी प्रस्तुति ह्यरंगीलो म्हारो ढोलनाह्ल दर्शकों की पहली पसंद बनी। दर्शकों की पसंद पर आधारित प्रतियोगिता में कुल 248 मत प्राप्त हुए, जिसके आधार पर लेकिशा शर्मा को विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन के अध्यक्ष सुनील साँवड़िया ने लेकिशा शर्मा को आकर्षक ट्रॉफी एवं उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि 10 नवंबर को आयोजित दीपश्री समारोह में कलाकारों को प्रोत्साहित करने और दर्शकों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से ह्यदर्शकों की पसंद पुरस्कार की पहल की गई थी। इसके तहत आठ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में से दर्शकों को अपनी पसंद चुनकर मतदान करने का अवसर दिया गया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच समृद्धि शाखा की अध्यक्ष जया अग्रवाल, झरिया शाखा की अध्यक्ष किरण शर्मा, मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष शीला चोखानी एवं कार्यक्रम संयोजक अरविंद शर्मा सहित विभिन्न संस्थाओं के सदस्य और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

गंगा गोशाला में 17 से 23 नवम्बर तक गोपाष्टमी महोत्सव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



बाघमारा (धनबाद): गंगा गौशाला कतरास-करकेंद के 107वें वार्षिक अधिवेशन सह गोपाष्टमी महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 17 से 23 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस सात दिवसीय महोत्सव को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए गौशाला परिसर में रंग-रोगन, साफ-सफाई और आकर्षक सजावट का कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष महोत्सव में कथावाचिका देवी चित्रलेखा की श्रीकृष्ण कथा और भव्य कवि सम्मेलन विशेष आकर्षण होंगे। गौशाला अध्यक्ष अनीश डोकानियां एवं महासचिव महेश अग्रवाल ने बताया कि 17 नवंबर को झंडोत्तोलन एवं गौपूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। 17 से 21 नवंबर तक प्रतिदिन अपराह्न तीन बजे कथावाचिका देवी चित्रलेखा श्रीकृष्ण कथा का वाचन करेंगी। 23 नवंबर को शाम चार बजे गौशाला का 107वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित होगा।

आमटाल समेत कोयलांचल में हर्षोल्लास से मनाया गया भाई फोटा, बहनों ने भाइयों की लम्बी उम्र की कामना की



धनबाद/बलियापुर: भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक भाई फोटा (भैया दूज) बुधवार को बलियापुर प्रखंड के आमटाल पंचायत समेत पूरे कोयलांचल में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर चंदन और काजल का फोटा लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पर्व के दौरान बंगाली और कोयलांचल की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। बहनों ने पारंपरिक मंत्र ह्यभाइयेर कपाले दिलाम फोटा, यमेर दुआरे पड़लो कांटाह्ल का उच्चारण कर भाइयों की आरती उतारी और मिठाइयां खिलाईं। वहीं, भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर उनके सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कोयलांचल और सिंदरीवासियों को भाई फोटा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाई फोटा केवल पारंपरिक रस्म नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करता है।

एसएसपी की सख्ती का असर, 24 घंटे में जोड़ापोखर पुलिस ने सुलझाए दो चोरी के मामले, चार गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता


जोड़ापोखर (धनबाद): अपराध नियंत्रण को लेकर एसएसपी की सख्ती का असर जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में दिखने लगा है। मंगलवार को आयोजित क्राइम मीटिंग में एसएसपी की कड़ी चेतावनी के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरी की दो घटनाओं का उद्भेदन करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।

केबल चोरी में चार गिरफ्तार


पुलिस ने टाटा स्टील जामाडोबा डिवीजन के वर्कशॉप से पिछले माह हुई केबल चोरी मामले में राकेश, रिक्की सिंह, जैकी और मनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। सभी स्थानीय निवासी बताए जाते हैं। पूछताछ के बाद बुधवार को चारों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मालूम हो कि वर्कशॉप से केबल चोरी होने के बाद कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने जोड़ापोखर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मंगलवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर कांग्रेसियों ने मनायी मौलाना आजाद की जयंती

धनबाद : राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय भवन, हाउसिंग कॉलोनी में स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। कांग्रेसजनों ने मौलाना आजाद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। मौके पर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मौलाना आजाद महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, विद्वान, पत्रकार एवं आधुनिक भारत की शिक्षा व्यवस्था के प्रमुख शिल्पकार थे।



मां काली की पूजा-अर्चना में शामिल हुईं कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह



जोड़ापोखर (धनबाद): धनबाद लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह शालीमार मछली मार्केट में आयोजित मां काली पूजा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मां काली की पूजा-अर्चना कर उनके श्रीचरणों में श्रद्धापूर्वक नमन किया। पूजा-अर्चना के दौरान अनुपमा सिंह ने मां काली से समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनाए रखने की कामना की। उन्होंने कहा कि मां काली की कृपा सभी पर बनी रहे तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का वातावरण कायम रहे।

छठ पूजा को लेकर धनबाद पुलिस अलर्ट, छह प्रमुख तालाबों का डीएसपी ने किया निरीक्षण

गहरे पानी वाले स्थानों पर होगी बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड व गोताखोरों की तैनाती

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



धनबाद : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए धनबाद पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर बुधवार को डीएसपी विधि व्यवस्था प्रकाश सोय एवं डीएसपी सीसीआर प्रदीप साव ने शहर के छह प्रमुख छठ घाटों एवं तालाबों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने जलस्तर, घाटों की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही और यातायात प्रबंधन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बेकार बांध, रानी बांध, पप्पू तालाब, बरमसिया तालाब, मनईटांड़ तालाब एवं नई दिल्ली कॉलोनी तालाब का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया।

गहरे पानी वाले स्थानों पर होगी बैरिकेडिंग

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तालाबों में गहरे पानी वाले स्थानों को चिह्नित कर चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए निर्धारित सुरक्षित गहराई तक बैरिकेडिंग की जाएगी। सभी घाटों पर पर्याप्त रोशनी के साथ पुलिस बल एवं गोताखोरों की तैनाती की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

दोनों अर्घ्य के दौरान बदलेगी ट्रैफिक व्यवस्था

ट्रैफिक थाना प्रभारी जय प्रकाश ने बताया कि 15 नवंबर को पहले अर्घ्य के दौरान दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक और 16 नवंबर को दूसरे अर्घ्य के दौरान रात 2 बजे से सुबह 9 बजे तक विभिन्न मार्गों पर नो-इंट्री लागू रहेगी। यात्री बसों एवं भारी मालवाहक वाहनों को मेमको मोड़ पर रोक दिया जाएगा, ताकि वे धैया की ओर नहीं जा सकें। रानी बांध तालाब के समीप सड़क की एक लेन पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। सिटी सेंटर से पूजा टॉकीज के बीच छोटे-बड़े वाहनों की नो-इंट्री रहेगी। वाहनों को सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक होकर तथा पूजा टॉकीज से डीआरएम चौक की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

छठ घाटों की सुरक्षा को लेकर डीएसपी ने किया निरीक्षण महिला श्रद्धालुओं के जेवरात की सुरक्षा पर विशेष ध्यान



बाघमारा (धनबाद): लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को बाघमारा डीएसपी अजीत कुमार विमल ने कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के साथ कतरास स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट एवं कतरास बाजार राजवाड़ी छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर चल रही साफ-सफाई और अन्य तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में डीएसपी ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु घाटों पर पहुंचती हैं। कई महिलाएं सोने-चांदी के आभूषण पहनकर पूजा करने आती हैं। ऐसे में उनके जेवरात की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सभी छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। डीएसपी ने छठ पूजा समितियों से घाटों के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। साथ ही कतरास थाना प्रभारी, अंगारपथरा ओपी प्रभारी एवं पूजा समितियों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने महिला श्रद्धालुओं से भी पूजा के दौरान अपने आभूषणों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। मौके पर अंगारपथरा ओपी प्रभारी विवेक श्रीवास्तव, पार्षद डॉ. मधुमाला, किशोरी गुप्ता, अधिवक्ता अवधेश गुप्ता, विजय गुप्ता, मनोज गुप्ता, विमल तिवारी, पिंटर शर्मा, पप्पू गुप्ता, अशोक बर्मन, सुजीत शाह, सियाकांत मिश्रा, रामाकांत तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

सम्पादकीय.....

जलवायु संकट का असली चेहरा

जलवायु परिवर्तन की सबसे भयावह तस्वीर केवल पिघलते हिमखंडों, सूखती नदियों या जंगलों में लगी आग में नहीं दिखती। वह उस मजदूर के शरीर पर भी दर्ज होती है, जो दोपहर की झुलसाती धूप में काम करने को मजबूर है; उस किसान की चिंता में भी, जिसकी फसल मौसम की अनिश्चितता से जूझ रही है; और उस बुजुर्ग की सांसों में भी, जिसके लिए बढ़ती गर्मी अब महज असुविधा नहीं, जानलेवा खतरा बनती जा रही है। धरती का बढ़ता तापमान अब केवल पर्यावरण का सवाल नहीं है। यह स्वास्थ्य, रोजगार, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक न्याय का संकट है। असली सवाल है कि गर्म होती धरती पर सबसे पहले किसका जीवन और किसकी आजीविका संकट में पड़ रही है? तुर्किये के अंताल्या में 9 से 20 नवंबर 2026 तक आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन कॉप-31 इसी सवाल की कसौटी है। दुनिया के देश इस सम्मेलन में उत्सर्जन में कटौती, जलवायु अनुकूलन, वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग पर विचार कर रहे हैं। जलवायु अनुकूल शहर, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और आपदाओं का सामना करने में सक्षम स्वास्थ्य प्रणालियां भी इसकी प्राथमिकताओं में हैं। लेकिन इस वैश्विक विमर्श की सबसे बड़ी चुनौती है कि जलवायु परिवर्तन से प्रभावित आम लोगों की जिंदगी को नीतियों और समझौतों के केंद्र में कैसे लाया जाए। कॉप-31 में भारत का उद्घाटन वक्तव्य इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। भारत ने जलवायु बहुपक्षवाद और समानता तथा साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों एवं संबंधित क्षमताओं यानी सीबीडीआर-आरसी के सिद्धांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव नरेंद्र भूषण ने भारत का पक्ष रखते हुए निष्पक्ष, न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी परिणाम का आह्वान किया। भारत ने जी-77 और चीन, एलएमडीसी तथा बेसिक समूहों के वक्तव्यों के साथ अपनी सहमति जताई। उसने संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय और पेरिस समझौते को ऐसा समावेशी मंच बताया, जहां प्रत्येक देश की आवाज सुनी जा सकती है। भारत ने सम्मेलन की अध्यक्षता के लिए तुर्किये और ऑस्ट्रेलिया के प्रयासों की सराहना करते हुए संवाद, आम सहमति और कार्रवाई पर आधारित कार्यान्वयन-केंद्रित दृष्टिकोण का स्वागत किया। यह दृष्टिकोण इसलिए महत्वपूर्ण है कि जलवायु वार्ताओं में घोषणाओं और जमीन पर वास्तविक कार्रवाई के बीच अक्सर लंबी दूरी दिखाई देती है। संवाद से विश्वास पैदा होता है, आम सहमति से सामूहिक जिम्मेदारी तय होती है और कार्रवाई से वादे वास्तविक प्रगति में बदलते हैं। लेकिन इनकी सार्थकता तभी है, जब जलवायु संकट का सामना कर रहे कमजोर समुदायों तक उसका लाभ पहुंचे। वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का लक्ष्य गंभीर दबाव में है। इसके पार जाने की आशंका केवल पर्यावरणीय असंतुलन का संकेत नहीं है। इससे गर्मी, सूखा, बाढ़ और चरम मौसमी घटनाओं का जोखिम बढ़ेगा। ऐसे में समानता का महत्व और बढ़ जाता है। जिन देशों का ऐतिहासिक उत्सर्जन में योगदान अपेक्षाकृत कम रहा है, वे अक्सर जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणाम झेल रहे हैं। इसलिए सभी देशों से समान प्रकार की जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा न्यायसंगत नहीं हो सकती। जलवायु न्याय का तकाजा है कि जिम्मेदारियों का निर्धारण ऐतिहासिक उत्सर्जन, आर्थिक क्षमता और विकास संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखकर हो। लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज की रिपोर्ट संकट की मानवीय कीमत सामने रखती है।

डिजिटल क्रांति के बीच कायम नकदी का आकर्षण

विशेष | डॉ. प्रियंका सौरभ



देश में डिजिटल भुगतान का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, लेकिन नकदी का प्रचलन भी लगातार बढ़ा है। यही विरोधाभास नोटबंदी की वास्तविक उपलब्धियों और सीमाओं को समझने की कुंजी है। नोटबंदी के बाद सामने आया सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में देखने को मिला। हालांकि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की शुरूआत अप्रैल 2016 में नोटबंदी से पहले ही हो चुकी थी, लेकिन नोटों की अचानक कमी ने लोगों को डिजिटल भुगतान के विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। मोबाइल वॉलेट, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और क्यूआर कोड आधारित भुगतान धीरे-धीरे आम जीवन का हिस्सा बन गए।

भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में 8 नवंबर 2016 की रात एक ऐसा निर्णय लिया गया, जिसने देश के आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को प्रचलन से बाहर करने की घोषणा केवल मुद्रा परिवर्तन नहीं थी, बल्कि इसे काले धन, नकली नोटों, भ्रष्टाचार और आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण पर प्रहार के रूप में प्रस्तुत किया गया था। उस समय प्रचलित मुद्रा के कुल मूल्य का लगभग 86 प्रतिशत हिस्सा इन दोनों नोटों में था। आज दस वर्ष बाद जब इस फैसले का मूल्यांकन किया जा रहा है, तब एक महत्वपूर्ण विरोधाभास सामने आता है। देश में डिजिटल भुगतान का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, लेकिन नकदी का प्रचलन भी लगातार बढ़ा है। यही विरोधाभास नोटबंदी की वास्तविक उपलब्धियों और सीमाओं को समझने की कुंजी है। नोटबंदी के बाद सामने आया सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में देखने को मिला। हालांकि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की शुरूआत अप्रैल 2016 में नोटबंदी से पहले ही हो चुकी थी, लेकिन नोटों की अचानक कमी ने लोगों को डिजिटल भुगतान के विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। मोबाइल वॉलेट, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और क्यूआर कोड आधारित भुगतान धीरे-धीरे आम जीवन का हिस्सा बन गए। वित्त वर्ष 2025-26 में यूपीआई के माध्यम से लगभग 241 अरब से अधिक लेन-देन दर्ज किए गए। छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी संचालकों, सेवा प्रदाताओं और आम उपभोक्ताओं के बीच इसकी स्वीकार्यता ने भारतीय भुगतान व्यवस्था में व्यापक बदलाव को दशार्या है। यह कहना उचित होगा कि नोटबंदी ने डिजिटल भुगतान को अपनाने की प्रक्रिया को गति प्रदान की। इस फैसले का एक अन्य परिणाम बैंकिंग व्यवस्था में जमा राशि की अस्थायी वृद्धि के रूप में सामने आया। पुराने नोट बैंकों में जमा होने से बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ी और वित्तीय संस्थाओं को असामान्य लेन-देन की पहचान करने के अवसर मिले। पहले बैंकिंग व्यवस्था से बाहर रहने वाली कई नकदी जमाओं का विवरण उपलब्ध हुआ। इससे आयकर विभाग को संदिग्ध लेन-देन की जांच, कर चोरी की पहचान और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने में सहायता मिली। इसके अतिरिक्त पुराने मूल्यवर्ग के नकली नोट तत्काल अमान्य हो गए। इससे मौजूदा नकली मुद्रा नेटवर्क को झटका लगा। नोटबंदी ने बैंकिंग सेवाओं, इलेक्ट्रॉनिक भुगतान और वित्तीय जागरूकता के विस्तार को भी प्रोत्साहित किया। हालांकि इन उपलब्धियों के बावजूद नोटबंदी के आर्थिक परिणाम कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करते हैं। सबसे बड़ा प्रश्न काले धन की वापसी और उसकी वास्तविक रोकथाम से जुड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, विमुद्रीकृत मुद्रा का लगभग 99.3 प्रतिशत हिस्सा वापस बैंकिंग प्रणाली में आ गया। लगभग 15.41 लाख करोड़ रुपये की अमान्य घोषित मुद्रा में से करीब 15.31 लाख करोड़ रुपये बैंकों में लौट आए। यह आंकड़ा उस अपेक्षा के विपरीत था, जिसके अनुसार बड़ी मात्रा में काला धन नकदी के रूप में होने के कारण स्वतः समाप्त हो जाएगा। यह जरूर है कि बैंक में जमा हुई पूरी राशि को वैध नहीं माना जा सकता, लेकिन इससे स्पष्ट हुआ कि नोटबंदी के माध्यम से स्थायी रूप से समाप्त हुई नकदी अपेक्षाकृत बहुत कम थी।

इसका मूल कारण यह है कि काला धन केवल नकदी के रूप में नहीं रखा जाता। उसका बड़ा हिस्सा अचल संपत्ति, सोना, बेनामी संपत्तियों, विदेशों में जमा धन, फर्जी कंपनियों और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेशित रहता है। इसलिए केवल बड़े नोटों को प्रचलन से बाहर कर देना काले धन की पूरी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। इसके लिए कर व्यवस्था में पारदर्शिता, संपत्ति के लेन-देन की निगरानी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है। नकदी पर निर्भरता का बने रहना भी नोटबंदी की सीमाओं को उजागर करता है। नवंबर 2016 के आसपास प्रचलन में मुद्रा लगभग 17.77 लाख करोड़ रुपये थी, जबकि अक्टूबर 2026 तक यह बढ़कर लगभग 43.16 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई। यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि डिजिटल भुगतान के विस्तार के बावजूद नकदी भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण माध्यम बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे कारोबारियों, दैनिक मजदूरों और सीमित इंटरनेट सुविधा वाले लोगों के लिए नकदी आज भी आवश्यक है। इसका अर्थ यह नहीं कि डिजिटल भुगतान असफल रहा, बल्कि यह स्पष्ट करता है कि भारत की अर्थव्यवस्था में नकदी और डिजिटल माध्यम दोनों की अपनी उपयोगिता है। नोटबंदी का सबसे गंभीर प्रभाव असंगठित क्षेत्र पर पड़ा। छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी संचालकों, कृषि मजदूरों, निर्माण श्रमिकों और सूक्ष्म उद्यमों को अचानक नकदी की कमी का सामना करना पड़ा। अनेक कारोबारों की बिक्री घटी, उत्पादन प्रभावित हुआ और कुछ प्रतिष्ठानों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। दैनिक मजदूरी पर निर्भर लोगों की आय में कमी आई। ग्रामीण बाजारों में सामान्य आर्थिक गतिविधियां बाधित हुईं। देश की अर्थव्यवस्था में छोटे उद्यमों और असंगठित क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए यह व्यवधान केवल कुछ दिनों की समस्या नहीं था, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिणाम सामने आए।

दीपावली दे गयी अर्थव्यवस्था को नयी शक्ति

गौरतलब | डॉ. मयंक चतुर्वेदी



मिट्टी के दीयों से रोशन होते घर, बाजारों में उमड़ती भीड़, कारीगरों के हाथों से आकार लेते स्वदेशी उत्पाद, मिठाइयों की मिठास और अपनों के बीच उपहारों का आदान-प्रदान, ये सभी मिलकर एक ऐसी आर्थिक शृंखला का निर्माण करते हैं, जिसका लाभ समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचता है।

भारत की सांस्कृतिक चेतना में हिंदू त्योहारों का स्थान घर-आंगन में खुशियों का उजास भरने से लेकर देश की सामाजिक एकजुटता, पारिवारिक परंपराओं, लोककलाओं और आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा देने तक व्यापक है। दीपावली इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। मिट्टी के दीयों से रोशन होते घर, बाजारों में उमड़ती भीड़, कारीगरों के हाथों से आकार लेते स्वदेशी उत्पाद, मिठाइयों की मिठास और अपनों के बीच उपहारों का आदान-प्रदान, ये सभी मिलकर एक ऐसी आर्थिक शृंखला का निर्माण करते हैं, जिसका लाभ समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचता है। इस साल की दीपावली भी हमेशा की तरह देश के सांस्कृतिक सामर्थ्य को आर्थिक शक्ति में बदलते हुए भारतीय व्यापार के इतिहास में नया अध्याय जोड़ गई। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के आकलन के अनुसार, नवरात्रि से दीपावली तक देशभर में लगभग सात लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। भारतीय पर्वों की विशेषता ही है कि उनकी जड़ें धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं में होती हैं, जबकि उनका प्रभाव समाज और अर्थव्यवस्था के अनेक क्षेत्रों तक पहुंचता है। दीपावली पर घरों की सफाई, रंगाई-पुताई, सजावट, नए वस्त्रों की खरीदारी, आभूषण, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मिठाइयां और उपहारों की खरीद जैसे अनेक कार्य एक साथ गति पकड़ते हैं। इससे उत्पादन, परिवहन, विपणन, खुदरा व्यापार और सेवा क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ती हैं। देश के करोड़ों छोटे-बड़े व्यापारियों, दुकानदारों, कारीगरों, श्रमिकों और उद्यमियों के लिए यह पर्व वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण कारोबारी अवसरों में शामिल है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल की ओर से साझा किए गए आकलन के मुताबिक, वर्ष 2025 के त्योहारी कारोबार का आंकड़ा 6.05 लाख करोड़ रुपये था, जबकि 2024 में यह 4.25 लाख करोड़ रुपये रहा था। वर्ष 2026 में लगभग सात लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा कारोबार पिछले वर्ष की तुलना में 15 से 18 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। वहीं यह वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और महंगाई की चुनौतियों के बीच भारतीय बाजारों का यह प्रदर्शन हिन्दू त्योहारों का घरेलू उपभोग के नजरिए से एक ताकत के रूप में रेखांकित करता है। दीपावली के आर्थिक महोत्सव में धनतेरस सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा। भारतीय परंपरा में इस दिन सोना, चांदी, बर्तन और अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीद को शुभ माना जाता है।

आज का इतिहास

- अंग्रेजों ने 1781 में नागापट्टनम पर कब्जा किया।
- ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने 1847 में बेहोशी की दवा के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया।
- सन 1918 में ऑस्ट्रिया एक गणतंत्र बना।
- राजकुमारी मॉड ऑफ फाइफ ने 1923 में वेलिंगटन बैरकों, लंदन में कप्तान चार्ल्स अलेक्जेंडर कार्नेगी से विवाह कर लिया।
- अमेरिका और इटली ने 1925 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- लंदन में 1930 में पहली बार गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत इसमें 56 भारतीय और 23 ब्रिटिश प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया लेकिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कोई सदस्य शामिल नहीं हुआ।
- केरल के मंदिर 1936 में सभी हिंदुओं के लिए खुले।
- इजराइल के प्रधानमंत्री डेविड बेन गुरियन ने 1953 में अपने पद से इस्तीफा दिया।
- मोरक्को, सूडान और ट्यूनिशिया 1956 में संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
- जापान में 1963 में ट्रेन दुर्घटना में 164 लोग मारे गये।
- इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए 1967 में पार्टी से निष्कासित कर दिया।
- सन 1984 में एक रुपये के ब्रितानी नोट गायब, सिक्के चालू किये गये।
- जापान में सम्राट आकिहितो का 1990 में परम्परानुसार सिंहासनरोहण।
- नाइजीरिया 1995 में राष्ट्रमंडल की सदस्यता से निलम्बित।
- संयुक्त राष्ट्र ने 2002 में स्विटजरलैंड के संघीय ढांचे के आधार पर साइप्रस के लिए एक नयी शांति योजना तैयार की।
- ढाका में 2005 में 13वां दक्षेस शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने 2008 में महाराष्ट्र के अदलपुर अर्बन कोआपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द किया।
- भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार के 'अतुल्य भारत' अभियान को 2009 में वल्ड ट्रेवल अवार्ड-2009 से नवाजा गया।
- लेबनान में 2015 में हुए आत्मघाती हमले में 43 लोगों की मौत।
- आईएसआईएस ने हमले की जिम्मेदारी ली।

अंकजाल - 8446

■	17	17	22	35	■	11	22	20	■
29		7		9	■	3		4	12
23	9		7		■		7		20
23		8		7		■		6	8
■	■	■	2		7		8		29
31		7		6		5	■	■	■
7	2		■		4		8		30
19		8		■		8		3	24
18	5		7	■	3		7		13
■	18	26	13	■	27	24	22	12	■

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 8445 का हल

■	15	14	26	16	22	■	30	21	■
27	8	9	2	3	5	■	9	2	11
32	7	5	8	7	5	■	8	2	10
■	■	■	2	6	7	9	3	7	34
14	2	5	7	■	5	7	8	5	25
22	6	7	3	6	■	5	2	5	12
36	6	3	4	7	8	8	■	■	■
13	5	8	■	4	6	8	7	3	28
11	5	6	■	3	2	7	8	5	25
■	24	29	■	20	16	44	15	8	■

Jagrutidaur.com, Bangalore

पूर्वाग्रह न पालें

पुत्र वयस्क हो चुका था। उसने एक दिन पिता से कहा, पिताजी! आज से मैं आपके साथ भोजन नहीं करूंगा। यह कथन तनाव पैदा करने वाला था। पर पिता समझदार था। उसने तत्काल कहा, बेटा! कोई बात नहीं है। इतने दिनों तक तुम मेरे साथ भोजन करते रहे तो आज से मैं तुम्हारे साथ भोजन करने लग जाऊंगा। कोई खास बात नहीं है। पुत्र प्रसन्न हो गया। तनाव मिट गया। आक्रोश समाप्त हो गया। कोई अन्तर नहीं आया। पुत्र के मन में अहं जाग गया कि अब मैं पिता के साथ भोजन क्यों करूं? पिता ने उसके अहं को परोक्षतः पुष्ट करते हुए कह दिया, मैं तुम्हारे साथ भोजन करने लग जाऊंगा। यह है समन्वय की दृष्टि। समन्वय के दृष्टिकोण ने समस्या को सुलझा दिया। आदमी में अनेक प्रकार के आग्रह होते हैं, पूर्वाग्रह होते हैं। एक बात पकड़ ली तो फिर उसे छोड़ने का मन ही नहीं होता। जैसे मकोड़ा टूट जाता है, पर अपनी पकड़ नहीं छोड़ता, वैसे ही आदमी टूट जाता है, पर आग्रह को नहीं छोड़ता। मकोड़ा अज्ञानी है। उसकी चेतना विकसित नहीं है। आदमी ज्ञानी है। उसकी चेतना बहुत विकसित है। वह पकड़ को, आग्रह को छोड़ भी सकता है। सामाजिक या पारिवारिक जीवन में आग्रह जितना कम होता है, उतना ही जीवन सुखद और शांत रहता है। आग्रही व्यक्ति छोटी-सी बात को इतना तान देता है कि वह बड़ी समस्या पैदा कर देती है।

सुविचार

स्वतंत्र वही हो सकता है, जो अपना काम अपने आप कर लेता है।

विनोबा भावे

समय और बुद्धि बड़े से बड़े शोक को भी कम कर देते हैं।

कहावत

राशिफल

मेष व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

तुला स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

वृष सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

वृश्चिक लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

मिथुन प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

धनु सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें।

कर्क शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

मकर स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

सिंह शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

कुंभ प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

कन्या परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

मीन श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

● किसने क्या कहा



गरीबों और जनजातीय समाज के नेतृत्व को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं कर पा रही

धर्मेन्द्र प्रधान
पूर्व केन्द्रीय मंत्री



कृषि को आधुनिक, लाभकारी और रोजगारपरक बनाने के लिए प्रयासरत है मध्य प्रदेश सरकार

मोहन यादव
मुख्यमंत्री (मध्यप्रदेश)

क्या डिजिटल निर्भरता देश की नयी कमजोरी बन रही है ?



प्रो. आरके जैन

कभी धुआं, गोलियां, लड़ाकू विमान और सरहदों पर आमने-सामने खड़ी सेनाएं युद्ध की पहचान थीं। लेकिन अब युद्ध का तरीका बदल चुका है। न सैनिक दिखाई देते हैं, न हथियारों की आवाज सुनाई देती है। एक डिजिटल हमला हजारों किलोमीटर दूर से आपके घर की रसोई तक असर पहुँचा सकता है। कंप्यूटर पर कुछ अंकों में बदलाव से फ्रिज का तापमान बढ़ सकता है और उसमें रखा भोजन खराब हो सकता है। अब दुश्मन को घर में घुसने या सीमा पार करने की जरूरत नहीं, वह दूर बैठकर ही आपकी रोजमर्रा की जरूरतों को प्रभावित कर सकता है। अक्टूबर 2026 में फ्रांस के सुपरमार्केटों में हुई घटना ने युद्ध के इस नए स्वरूप की झलक दिखाई, जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पहले तक विज्ञान-कथा में ही की जाती थी। फ्रांस में करीब 700 सुपरमार्केट और व्यावसायिक प्रतिष्ठान साइबर हमले की चपेट में आए। अक्टूबर की एक रात हमलावरों ने रेफ्रिजरेशन सिस्टम का तापमान दूर से बढ़ा दिया। कुछ इकाइयों में यह 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया, जिससे मांस, दूध और अन्य खाद्य सामग्री खराब हो गई। कम से कम 15 स्थानों पर आग लगी और लाखों यूरो का खाद्य भंडार नष्ट हुआ। नवंबर 2026 की शुरूआत में फ्रांसीसी अधिकारियों ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स से जुड़ी साइबर इकाई 'शहीद कावेह' पर हमले का आरोप लगाया। जाँच में फारसी भाषा और ईरानी इंटरनेट पतों के संकेत मिले। फ्रांस ने ईरानी राजदूत को तलब कर यूरोपीय प्रतिबंधों की पहल की। ईरान ने आरोपों को निराधार बताया। स्वतंत्र पुष्टि अभी शेष है।

इस घटना का दायरा फ्रांस और ईरान के बीच राजनयिक विवाद तक सीमित नहीं है। अब तक साइबर युद्ध को बैंकिंग नेटवर्क में सेंध लगाने, सरकारी वेबसाइटें ठप करने, गोपनीय जानकारियाँ चुराने और संचार व्यवस्था बाधित करने तक समझा जाता था। लेकिन फ्रांस की घटना ने स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल हमले का असर वास्तविक दुनिया में आग, भारी आर्थिक क्षति और खाद्य संकट के रूप में सामने आ सकता है। यानी कंप्यूटर पर शुरू हुई कार्रवाई सीधे आम आदमी के जीवन और जरूरतों को प्रभावित कर सकती है। अब चिंता केवल पासवर्ड चोरी की नहीं, बल्कि लोगों की थाली तक भोजन पहुँचने की है। इस हमले की सबसे चिंताजनक बात यह है कि इसके लिए किसी जटिल हथियार की जरूरत नहीं पड़ी। सुपरमार्केटों में लगे डैनफॉस जैसे तापमान नियंत्रकों के वेब इंटरफेस इंटरनेट पर खुले थे। कमजोर या डिफॉल्ट पासवर्ड और सुरक्षा की कमी ने हमलावरों के लिए इन तक पहुँच आसान बना दी। भोजन सुरक्षित रखने वाले उपकरण ही विनाश का जरिया बन गए। जिस फ्रिज का काम भोजन बचाना था, उसकी डिजिटल कमजोरी ने वही भोजन नष्ट कर दिया। इससे स्पष्ट है कि आधुनिक तकनीक की कसौटी केवल उसकी स्मार्टनेस नहीं, बल्कि उसकी सुरक्षा भी है। भारत इस घटना को यूरोप की समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं कर सकता। हमारी खाद्य व्यवस्था कोल्ड चेन पर निर्भर है। खेत से मंडी, गोदाम और प्रसंस्करण इकाई तक दूध, फल, सब्जियाँ, मांस और मछली सुरक्षित पहुँचाने में तापमान नियंत्रित भंडारण अहम है। शहरीकरण, लंबी आपूर्ति श्रृंखलाओं और बदलते मौसम ने इसकी जरूरत बढ़ा दी है।

क्या ऐसे होंगे हिन्दू राष्ट्र के सूत्रधार ?

गौरतलब | निर्मल रानी



धीरेंद्र शास्त्री ने मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक कथा के दौरान भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप व मुद्रा की तुलना करते हुये कहा कि 'हमारे वाले' श्रीराम बिल्कुल सीधे खड़े होते हैं, जबकि 'तुम्हारे वाले' श्रीकृष्ण की मुद्रा और चाल 'टेढ़ी' होती है। उन्होंने कृष्ण के बांसुरी बजाने को बच्चों का खेल और धनुष-बाण चलाने को बड़ी बात बताया। उन्होंने 'हमारे वाले राम' और 'उनके वाले कृष्ण' जैसी शब्दावली का प्रयोग कर सनातन धर्म में जातिवाद की लकीर खींचने का भी दुष्प्रयास किया।

इन दिनों सत्ता,गोदी मीडिया व सोशल मीडिया द्वारा सुनियोजित तरीके से प्रचारित कर जनता पर थोपे गये बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने विवादित बयानों को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। परन्तु इसबार उनके मुंह से जिस तरीके से भगवान श्री कृष्ण को लेकर अपमानजनक बातें की गयीं और उनका मजाक उड़ाया गया और जिन शब्दों व जिस अंदाज में पेश किया गया वह उनके क्षमा मांगने के बावजूद अक्षम्य है। गौरतलब है कि धीरेंद्र शास्त्री ने मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक कथा के दौरान भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप व मुद्रा की तुलना करते हुये कहा कि 'हमारे वाले' श्रीराम बिल्कुल सीधे खड़े होते हैं, जबकि 'तुम्हारे वाले' श्रीकृष्ण की मुद्रा और चाल 'टेढ़ी' होती है। उन्होंने कृष्ण के बांसुरी बजाने को बच्चों का खेल और धनुष-बाण चलाने को बड़ी बात बताया। उन्होंने 'हमारे वाले राम' और 'उनके वाले कृष्ण' जैसी शब्दावली का प्रयोग कर सनातन धर्म में जातिवाद की लकीर खींचने का भी दुष्प्रयास किया। धीरेंद्र शास्त्री के इस बयान पर देशभर के संतों,नेताओं, कृष्ण भक्तों और यादव समाज ने कड़ी आपत्ति जताई। तभी मौके की नजाकत को भांप कर इस 'लंपट' ने क्षमा मांगने में ही अपनी भलाई समझी। उसके आलोचकों का आरोप है कि ऐसे बयान से भगवान कृष्ण का उपहास उड़ाया गया है। इस मामले में आगरा की सिविल कोर्ट में उसके खिलाफ एक आपराधिक मानहानि की शिकायत भी दर्ज कराई गई। इसी विवाद के बीच पिछले दिनों रायपुर में आयोजित एक कथा के दौरान शास्त्री ने सनातनियों से एकजुट होने की अपील करते हुये नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रसिद्ध नारे 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' की तर्ज पर एक नया नारा दिया है। धीरेंद्र शास्त्री का नारा है- 'तुम मेरा साथ दो, मैं हिंदू राष्ट्र बनाऊंगा।' परन्तु सवाल यह है कि क्या 'हमारे राम' और 'तुम्हारे कृष्ण' जैसी दुर्भावनापूर्ण बातें कर समाज में फूट डलवाने की कुचेष्टा करने वाला व्यक्ति भी हिन्दू राष्ट्र का सूत्रधार बनने का सपना देख सकता है ? इसके द्वारा भरी सभा में अपने भक्तों के बीच की गयी बकवास की सूची बहुत लंबी है। कभी यह ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक भागवत कथा के दौरान महिलाओं के पहनावे और श्रृंगार को लेकर कहता है कि जिस महिला की मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र न हो, उसे 'खाली प्लॉट' समझा जाए। इसके साथ ही इस ने ब्यूटी पार्लर जाने वाली महिलाओं पर भी तंज कसते हुए कहा था कि वे 'काले जामुन पर फाउंडेशन' लगा देती हैं। उसका यह बयान काफी चर्चा में रहा। सोशल मीडिया और महिला संगठनों द्वारा इस बयान की तीखी आलोचना भी की गई थी। आलोचकों ने इसे पितृसत्तात्मक, स्त्री-विरोधी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बयान बताया था। एक अन्य कथा के दौरान रामायण के प्रसंगों की व्याख्या करते हुए उसने व्यास मंच से कहा था कि 'विश्वास करना मुश्किल है, लेकिन श्री राम जी के पांच पिता थे'।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

माओवादी जोनल कमांडर संजय महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पलामू : प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर और 10 लाख रुपये के इनामी संजय यादव उर्फ संजय गोदराम उर्फ बुधराम को दो दिनों की पुलिस रिमांड के बाद बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रिमांड के दौरान उससे कई स्तरों पर पूछताछ की गई। इस दौरान उसकी निशानदेही पर जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के केमो दुधिया जंगल में जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए हथियार और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर महाराष्ट्र एटीएस ने छह नवंबर को ठाणे के एक खटाल में छिपकर रह रहे संजय यादव उर्फ संजय गोदराम उर्फ बुधराम को हिरासत में लिया था। इसकी सूचना पलामू पुलिस को दी गई। इसके बाद छतरपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रशांत कुमार और हरिहरगंज थाना के सौरभ कुमार सात नवंबर को महाराष्ट्र पहुंचे और चार दिनों के ट्रांजिट रिमांड पर उसे पलामू लाए। नौ नवंबर को



उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 10 नवंबर को पिपरा थाना पुलिस ने उसे दो दिनों की रिमांड पर लिया। बुधवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कपिल चौधरी ने बताया कि छतरपुर के देवगन निवासी संजय यादव के खिलाफ बिहार और झारखंड में कुल 63 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें पलामू में 32, गढ़वा में एक, बिहार के औरंगाबाद में 20 और गयाजी में 10 मामले शामिल हैं। झारखंड सरकार ने उसके खिलाफ 10 लाख रुपये, जबकि बिहार सरकार ने तीन लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। एसपी के अनुसार, 45 वर्षीय संजय यादव पिछले 15 वर्षों से भाकपा माओवादी संगठन से जुड़ा था। जमीन विवाद के कारण वह माओवादी बना था। हालांकि, संगठन में 15 साल बिताने के बाद भी उसे जमीन विवाद में न्याय नहीं मिला। अब उसे माओवादी संगठन में शामिल होने का पछतावा है। एसपी ने बताया कि उसकी निशानदेही पर 7.62 एमएम की एक एसएलआर राइफल, 7.62 एमएम के 140 जिंदा कारतूस, थ्री नॉट थ्री के 150 जिंदा कारतूस, एसएलआर की तीन खाली मैगजीन, एक राइफल का बट और एक मैगजीन पाउच सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, संजय यादव जोनल कमांडर नितेश यादव के दस्ते में शामिल था। करीब एक महीने पहले उसने संगठन छोड़ दिया और काम की तलाश में मुंबई चला गया। वहां उसने अपने एक परिचित से संपर्क कर काम दिलाने का आग्रह किया। परिचित ने उसे एक कपड़ा फैक्ट्री में काम दिलाया, लेकिन तकनीकी जानकारी नहीं होने के कारण कंपनी ने उसे हटा दिया। इसके बाद वह पिछले 15 दिनों से ठाणे के एक खटाल में रह रहा था। उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटा मजदूरी करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब बताई गई है।

कई गम्भीर आपराधिक घटनाओं में नाम

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2020 में पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार गांव स्थित क्रेशर प्लांट में कर्मियों को बंधक बनाकर मारपीट की गई थी और प्लांट के 11 वाहनों में आग लगा दी गई थी। वर्ष 2016 में छतरपुर थाना क्षेत्र के कालापहाड़ में विस्फोट के बाद पुलिस बल पर फायरिंग की गई थी, जिसमें सात पुलिसकर्मी शहीद हुए थे। वर्ष 2014 में विश्रामपुर थाना क्षेत्र के छोटकी कौड़िया गांव में टीपीसी के 15 कमांडर और सदस्यों की हत्या की घटना में भी उसकी संलिप्तता बताई गई है। वर्ष 2019 में हरिहरगंज थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यालय को विस्फोटक से उड़ा दिया गया था। इसी वर्ष पिपरा बाजार में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रखंड अध्यक्ष मोहन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वर्ष 2023 में छतरपुर थाना क्षेत्र के कालापहाड़ इलाके में ईंट-भट्ठा मालिकों से लेवी मांगने और रकम नहीं देने पर मारपीट करने का आरोप भी उस पर है। पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2016 में पांडू थाना क्षेत्र के पोखरी गांव में दस्ते के सदस्यों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की हत्या और पोखराही गांव में लेवी की मांग को लेकर एक व्यक्ति से मारपीट की गई थी। वर्ष 2017 में छतरपुर थाना क्षेत्र के धुरछिरिया जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस बल के साथ हुई मुठभेड़ में भी उसकी संलिप्तता बताई गई है। वर्ष 2023 में छतरपुर थाना क्षेत्र के पोरदाहा-हरदिया घाटी में निमार्णाधीन सड़क के काम में लगे मुंशी और मजदूरों के साथ मारपीट की गई थी। वर्ष 2024 में पांडू थाना क्षेत्र के गुवासराई से ठेकही जाने वाले रास्ते पर नक्सली पोस्टर चिपकाकर दहशत फैलाने और हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सड़ेया गांव में वाहन जलाने की घटना में उसका नाम आया था। इसी वर्ष हुसैनाबाद के कालापहाड़ क्षेत्र में वाहन जलाने की घटना में भी उसकी संलिप्तता बताई गई है। वर्ष 2025 में हरिहरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में हाईवा और पोकलेन मशीन में आग लगाने की घटना में भी वह आरोपित था। इसी वर्ष पांडू थाना क्षेत्र में पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में चर्चित नक्सली तुलसी भुइयां मारा गया था। पुलिस के अनुसार, उस दस्ते में संजय यादव उर्फ संजय गोदराम भी शामिल था, लेकिन पुलिस बल को भारी पड़ता देख वह अपने दस्ते के साथ फरार हो गया था। इसके अलावा, मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कादल गांव के परहिया टोला में मोबाइल टावर और ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के दुआरपार गांव में हाईवा तथा जेसीबी मशीन में आग लगाने की घटनाओं में भी उसकी संलिप्तता बताई गई है।

एक झलक

पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने उठाया आत्मघाती कदम, हालत गम्भीर

बालूमाथ (लातेहार) : बालूमाथ प्रखंड के चितरपुर गांव में पारिवारिक विवाद ने एक युवक को इस कदर परेशान कर दिया कि उसने अपनी जान देने की कोशिश की। धाधू पंचायत के सुशील उरांव (22), पिता सुबेदार उरांव ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते परिजनों की नजर पड़ने से उसकी जान बच गई, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और युवक को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद उसे तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक घरेलू विवाद को लेकर काफी परेशान था। इसी तनाव में उसने यह कदम उठाया। फिलहाल रिम्स में उसका इलाज कराया जा रहा है।

युवा व्यवसायी मुकेश कुमार के निधन से लातेहार में शोक

लातेहार : शहर के युवा व्यवसायी मुकेश कुमार (44) का बुधवार, 11 नवंबर को रांची के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही लातेहार में शोक की लहर दौड़ गई। वे पिछले कई वर्षों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। मुकेश कुमार लातेहार लैम्प्स में कार्यरत रहे स्व. दिनेश कुमार के पुत्र थे। शहर के चेकनाका मोड़ पर उनकी खाद एवं बीज की प्रतिष्ठित दुकान थी। व्यवसाय के साथ-साथ अपने मिलनसार व्यवहार, शांत स्वभाव और हमेशा मुस्कुराते रहने की आदत के कारण वे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। बीमारी से लंबे समय तक संघर्ष करने के बावजूद उन्होंने कभी अपने चेहरे की मुस्कान कम नहीं होने दी। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे दो संतानों को छोड़ गए हैं। कम उम्र में पिता का साया उठ जाने से बच्चों और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके निधन से शहर के व्यवसायिक और सामाजिक क्षेत्र में भी शोक का माहौल है।मुकेश कुमार के निधन पर लातेहार के स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।शोक व्यक्त करने वालों में लवलेश प्रसाद, महावीर प्रसाद, अवधेश श्रीवास्तव, मिथलेश सिन्हा, राजेंद्र प्रसाद, दिलीप सिन्हा, योगेंद्र प्रसाद, उदय सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, पंकज सिन्हा, संजीव सिन्हा, नीरज सिन्हा, विवेक सिन्हा, आलोक सिन्हा, अमित कुमार, विकास सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, अनिकेत सिन्हा, अमित सिन्हा, प्रिंस सिन्हा, विनीत सिन्हा, आशीष सिन्हा, प्रतीक आनंद, आर्यरंजन, आदित्य राज वर्मा, सर्वोत्तम प्रिय, वेदविकाश सहित अन्य लोग शामिल हैं।

भानु प्रताप शाही के सोशल मीडिया पोस्ट से भवनाथपुर में सियासी हलचल

- 'वो जलसा में जाते हैं और हम लक्ष्मी पूजा में आते हैं' टिप्पणी पर समर्थकों के बीच छिड़ी बहस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

डंडई (गढ़वा) : भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही और वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव के बीच सोशल मीडिया पर राजनीतिक तंज और बयानबाजी चर्चा का विषय बनी हुई है। पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ह्यवो जलसा में जाते हैं और हम लक्ष्मी पूजा में आते हैं।' उनकी इस टिप्पणी को वर्तमान विधायक पर राजनीतिक कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, रमना प्रखंड के हरादाग गांव में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करने पहुंचे भानु प्रताप शाही ने सभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की थी। बाद में उन्होंने कार्यक्रम की तस्वीरों के साथ इसे सोशल मीडिया पर भी साझा किया। पोस्ट सामने आने के बाद विधायक अनंत प्रताप देव के समर्थकों की प्रतिक्रियाएं भी आने लगीं। समर्थक श्याम सुंदर राम की पोस्ट और उस पर की गई टिप्पणी भी चर्चा में है। दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच सोशल मीडिया पर चल रही बयानबाजी से क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। फिलहाल जलसा और लक्ष्मी पूजा को लेकर शुरू हुई यह सियासी चर्चा लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

भवनाथपुर पीडीएस गोदाम में हजारों टन अनाज के भंडारण में अनियमितता का आरोप

प्रखंड प्रमुख ने डीसी से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भवनाथपुर : भवनाथपुर प्रखंड स्थित जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) गोदाम में सरकारी खाद्यान्न के भंडारण, रखरखाव और वितरण व्यवस्था में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। इसको लेकर भवनाथपुर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने गढ़वा उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर गोदाम की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने मामले को गंभीर बताते हुए सरकारी खाद्यान्न की सुरक्षा और गरीब लाभुकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उपायुक्त को दिए गए आवेदन में प्रखंड प्रमुख ने उल्लेख किया है कि भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में स्थित पीडीएस गोदाम में बड़ी मात्रा में सरकारी राशन सामग्री का भंडारण किया जाता है। गोदाम में हजारों टन खाद्यान्न उपलब्ध रहने के बावजूद इसके रखरखाव, भंडारण, आवक-जावक एवं वितरण व्यवस्था में गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी खाद्यान्न गरीब, जरूरतमंद और राशन कार्डधारी परिवारों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रखा जाता है। ऐसे में गोदाम की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही सीधे तौर पर गरीब लाभुकों के अधिकारों को प्रभावित कर सकती है। प्रखंड प्रमुख ने आशंका जताई है कि यदि गोदाम में खाद्यान्न के भंडारण और वितरण की सही तरीके से निगरानी नहीं की गई, तो सरकारी अनाज की हेराफेरी, स्टॉक में गड़बड़ी तथा रिकॉर्ड और वास्तविक भंडार में अंतर जैसी अनियमितताएं हो सकती हैं। इससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ जरूरतमंद लाभुकों को भी उनके हक से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विभाग के उच्चस्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच के दौरान गोदाम के स्टॉक रजिस्टर, आवक-जावक पंजी, खाद्यान्न वितरण से संबंधित अभिलेखों और वास्तविक भंडारण का भौतिक सत्यापन कराया जाए। साथ ही गोदाम में उपलब्ध खाद्यान्न की मात्रा, गुणवत्ता और वर्तमान स्थिति की भी जांच की जाए, ताकि अभिलेखों में दर्ज आंकड़ों और वास्तविक स्टॉक के बीच किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर उसका खुलासा हो सके। प्रखंड प्रमुख ने यह भी कहा है कि जांच के दौरान यदि संबंधित पदाधिकारी, कर्मचारी, संवेदक अथवा किसी अन्य व्यक्ति की लापरवाही या अनियमितता प्रमाणित होती है, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। सरकारी खाद्यान्न की किसी भी प्रकार की क्षति या गबन सामने आने पर उसकी वसूली भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनवितरण प्रणाली सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से गरीब परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है।



- स्टॉक रजिस्टर और वास्तविक अनाज के भंडार का मिलान कराने की मांग, दोषियों पर कार्रवाई की उठायी आवाज

महुआडांड़ जामा मस्जिद के दो छात्र बने हाफिज, उलेमाओं ने की दस्तारबंदी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़ जामा मस्जिद के दो छात्रों ने कुरान शरीफ के सभी 30 पारे कंठस्थ कर हिफ्ज मुकम्मल किया। इस खुशी में महुआडांड़ अंजुमन कमेटी की ओर से डिपाटोली में भव्य ज्याउल नबी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें दोनों छात्रों की दस्तारबंदी कर उन्हें हाफिज की उपाधि दी गई। कार्यक्रम में पटना, इलाहाबाद, गया, गिरिडीह और गढ़वा से आए प्रमुख उलेमा एवं शायर शामिल हुए। मंगलवार की रात ईशा की नमाज के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज एवं कारी नदीम अख्तर गयावी ने कुरान की तिलावत से की। इसके बाद शायर अख्तर काशिफ और सैयद मोहम्मद रजा ने नातिया कलाम पेश किया। मुफ्ती मुजाहिद हुसैन रजवी ने अपनी तकरीर में इस्लाम के अकीदों और नबी-ए-पाक की बताई राह पर चलने की सीख दी। वहीं मौलाना सैयद अहमद रजा ने हाफिज बनने की अहमियत बताते हुए कहा कि कुरान के 30 पारों को जुबानी याद करना कठिन मेहनत का काम है। इसमें छात्रों के साथ उनके उस्तादों की भी अहम भूमिका होती है। इस मौके पर हाफिज अजमल रजा हाशमी, पिता अबुल लैस अंसारी, निवासी विजयनगर, बलरामपुर (छत्तीसगढ़) और हाफिज तौसीफ रजा, पिता जमाल खान, निवासी हनहट, लोहरदगा (झारखंड) की उलेमाओं ने पगड़ी बांधकर दस्तारबंदी की और प्रमाणपत्र प्रदान किया।



मतनाग गांव में छठ घाट का रास्ता बंद

पर्व से पहले रास्ता खोलने की मांग



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मनिका (लातेहार) : जानहो पंचायत के मतनाग गांव में छठ घाट और श्मशान घाट तक जाने का रास्ता बंद होने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। छठ महापर्व में अब कुछ ही समय शेष है, लेकिन घाट तक पहुंचने का रास्ता नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि छठ घाट और श्मशान घाट तक जाने के लिए पहले रास्ता था। पुल निर्माण के बाद रंजीत यादव का घर बनने से गार्डवाल के नीचे से जाने वाले रास्ते को तार लगाकर बंद कर दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक, यह जमीन गैरमजरूआ है। वहीं, पुल के दूसरी ओर गार्डवाल के नीचे स्थित भूमिदान की जमीन पर गांव के भोला यादव द्वारा धान की फसल लगा दिए जाने से दूसरा रास्ता भी बंद हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान घाट के आसपास दलित समुदाय के कई परिवार रहते हैं। रास्ता बंद होने से इन परिवारों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि पुल निर्माण के समय दोनों ओर स्थित श्मशान घाट और छठ घाट तक जाने के लिए रास्ते की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। पुल की नींव की खुदाई से निकले बड़े-बड़े पत्थरों को ठेकेदार ने घाट के आसपास कई जगहों पर छोड़ दिया है। इससे रास्ता बाधित हो रहा है और घाट की सफाई करना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से छठ पर्व से पहले रास्ता खुलवाने तथा घाट के आसपास पड़े पत्थरों को हटवाने की मांग की है।

छठ घाटों का थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण, फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित ढंग से दुकान लगाने के निर्देश

भवनाथपुर : छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर भवनाथपुर थाना प्रभारी अरुण रवानी ने बुधवार को भवनाथपुर बाजार स्थित छठ घाट सहित विभिन्न छठ घाटों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाटों की व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने छठ घाट के आसपास लगने वाले फुटपाथ दुकानदारों को विधिवत एवं निर्धारित स्थान पर दुकान लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि दुकान लगाने के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखें कि श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले रास्ते में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो। सड़क एवं घाट के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगे तथा यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। थाना प्रभारी अरुण रवानी ने कहा कि छठ महापर्व क्षेत्र का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं आस्था का पर्व है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में सभी लोगों का सहयोग जरूरी है, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या परेशानी न हो। उन्होंने स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।

शिव मंदिर परिसर में जुटे कायस्थ समाज के लोग, विधि-विधान से हुआ धार्मिक अनुष्ठान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिला मुख्यालय धर्मपुर स्थित शिव मंदिर परिसर में बुधवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धा, भक्ति के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर अपने आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा में भाग लिया और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली तथा समाज के कल्याण की कामना की।पूजा का अनुष्ठान पंडित राकेश मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। उन्होंने पूरे विधि-विधान से भगवान चित्रगुप्त का पूजन कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा सामग्री अर्पित कर भगवान से आशीर्वाद मांगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान चित्रगुप्त मनुष्य के अच्छे और बुरे कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। उन्हें न्याय, ज्ञान और सद्कर्म का प्रतीक माना जाता है। चित्रगुप्त पूजा के माध्यम से लोग अपने जीवन में ईमानदारी, सच्चाई और अच्छे कर्मों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में पंकज सिन्हा, उदय सिन्हा, लवलेश प्रसाद, महावीर प्रसाद, अवधेश श्रीवास्तव, मिथलेश सिन्हा, राजेंद्र प्रसाद, दिलीप सिन्हा, योगेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार सिन्हा, संजीव सिन्हा, नीरज सिन्हा, विवेक सिन्हा, आलोक सिन्हा, अमित कुमार, विकास सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, अनिकेत सिन्हा, अमित सिन्हा, प्रिंस सिन्हा, विनीत सिन्हा, आशीष सिन्हा, प्रतीक आनंद, आर्यरंजन, आदित्य राज वर्मा, सर्वोत्तम प्रिय, वेदविकाश और समृद्धि सिन्हा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



55 वर्षों से चाईबासा में हो रही मां काली की पूजा में शामिल हुए अविनाश देव



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : चाईबासा में पिछले 55 वर्षों से आयोजित हो रही मां काली पूजा में झामुमो के युवा नेता अविनाश देव शामिल हुए। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आमंत्रण पर चाईबासा पहुंचे अविनाश देव ने मां काली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने मिथिलेश ठाकुर को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर से भी उनकी मुलाकात हुई। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि चाईबासा में 55 वर्षों से आयोजित हो रही मां काली पूजा धार्मिक आस्था और सनातन संस्कृति की समृद्ध परंपरा का प्रतीक है। पूजा में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मां काली की आराधना की गई। भव्य पूजा पंडाल, आकर्षक विद्युत सज्जा और आतिशबाजी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के साथ पैदल चलकर कलश विसर्जन में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मां काली अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देती हैं। 55 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा धार्मिक विरासत के साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करती है। उन्होंने मां काली से झारखंड की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

पांकी में हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

पत्नी और बड़ा पुत्र गिरफ्तार



- हत्या में प्रयुक्त टांगी बरामद, ढूब गांव में हुई थी 50 वर्षीय गुनी भुइयां की हत्या

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के ढूब गांव में हुई गुनी भुइयां (50) की हत्या के मामले का पुलिस ने उद्भेदन करने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी मनतोरवा देवी (47) और बड़े पुत्र कैलू भुइयां (26) को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर 2026 की रात पांकी थाना को सूचना मिली थी कि ढूब गांव निवासी गुनी भुइयां की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। इस संबंध में पांकी थाना कांड संख्या 172/2026, दिनांक 10 नवंबर 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)/3(5) में प्राथमिकी दर्ज की गई। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी और बड़े पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल में पांकी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

छठ की खरीदारी से डंडई साप्ताहिक हाट में बढ़ी रौनक



- महंगाई पर भारी पड़ी आस्था, सूप 150 से 350 और दौरा 350 से 450 रुपये तक बिका

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

डंडई (गढ़वा) : प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव में बुधवार को लगे साप्ताहिक हाट में छठ महापर्व को लेकर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। बाजार में सूप, दौरा समेत छठ पूजा में उपयोग होने वाली सामग्रियों की दुकानों पर सुबह से शाम तक ग्राहकों की आवाजाही लगी रही। बाजार क्षेत्र से सटे वाटरवेज की जमीन पर लगी दुकानों में सूप, दौरा, बेना और झाड़ू की खूब बिक्री हुई। इस दौरान सूप 150 से 350 रुपये और दौरा 350 से 450 रुपये तक बिका। ग्राहकों की भीड़ के कारण दुकानदारों को सामान बेचने में काफी व्यस्तता रही। दुकानदार झूलन कोरवा, अकरम अंसारी, शैलेश पासवान और जयगोविंद प्रसाद ने बताया कि महंगाई के कारण इस वर्ष छठ पूजा की सामग्री के दाम बढ़ाने पड़े हैं। पिछले साल अधिकतम 300 रुपये में बिकने वाला सूप इस बार 350 रुपये तक और 400 रुपये का दौरा 450 रुपये तक बिक रहा है। इसके बावजूद ग्राहकों की खरीदारी पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। दुकानदारों के अनुसार, छठ के प्रति लोगों की आस्था के कारण महंगाई के बावजूद बाजार में अच्छी बिक्री हुई।

चियांकी में आधुनिक सुविधाओं से लैस होटल मीरा स्क्वायर का उद्घाटन

- तीन श्रेणियों के बैंक्वेट हॉल, स्विमिंग पूल और 30 वाहनों की पार्किंग की सुविधा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : शहर के चियांकी में एनएच किनारे आधुनिक और लग्जरी सुविधाओं से सुसज्जित होटल मीरा स्क्वायर का उद्घाटन किया गया। होटल में आकर्षक कमरे, तीन श्रेणियों के बैंक्वेट हॉल, लॉन, टॉप फ्लोर पर स्विमिंग पूल और एक साथ 30 चारपहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। आसपास पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां आने वाले लोगों को शांत वातावरण भी मिलेगा। उद्घाटन के साथ ही होटल का रेस्टोरेंट भी शुरू हो गया। होटल के एमडी अजय पांडेय ने बताया कि प्रथम और द्वितीय तल पर तीन श्रेणियों के बैंक्वेट हॉल बनाए गए हैं। यहां शादी-विवाह, पार्टी और अन्य समारोह आयोजित किए जा सकेंगे। बेसमेंट में 30 चारपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है। होटल के कमरों से आसपास के प्राकृतिक नजारों का आनंद भी लिया जा सकता है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर उपस्थित थे। मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, मेयर अरुणा शंकर, डिप्टी मेयर मनोज सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, लवली गुप्ता, डॉ. राजीव नयन, डायरेक्टर ब्रजेश कुमार शुक्ला, कृष्ण मोहन पांडेय, संजय पांडेय और जीएम दलेर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

भाइयों की दीर्घायु के लिए बहनों ने रखा व्रत, विधि-विधान से की गोवर्धन पूजा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : भाई के लंबी आयु की कामना का पर्व भाई दूज बुधवार को जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों पूरे विधि-विधान व धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनाया गया । अहले सुबह ही बहनों ने गाय के गोबर का गोवर्धन बनाकर विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर यम से भाई की रक्षा की कामना की। भातृ द्वितीया पर्व भाई बहनों के अटूट स्नेह का परिचायक है। इसे कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इसे भातृ द्वितीया भी कहते हैं। इस दिन बहनें अपने भाइयों के सर्वविधि कल्याण के लिए गोवर्धन पूजन करती हैं और यम से प्रार्थना करती हैं कि वे उनके भाइयों को लंबी उम्र दें। ज्ञात हो कि भातृ द्वितीया को बहनें गोवर्धन पूजा कर उसे कूटती हैं और पूजनोपरांत भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई व पूजे गए चने खिलाती हैं। साथ ही उनके दीर्घजीवी होने की कामना करती हैं। इस पर्व की पौराणिक मान्यता है कि भगवान सूर्य की पत्नी छाया की कोख से यमराज व यमुना का जन्म हुआ। यमुना अपने भाई से बहुत स्नेह करती थी। वह यमराज को भोजन के लिए अपने घर बार-बार आमंत्रित करती थी। यमराज अपने कार्य में व्यस्त रहने के कारण यमुना की बात टाल देते थे। कार्तिक शुक्ल द्वितीय को यमुना ने अपने भाई यमराज को अपने घर भोजन के लिए बुलाया। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक में रहने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। भाई को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने अपने भाई का प्रसन्नता के साथ स्वागत किया और भोजन कराया। प्रसन्न होकर यमराज ने बहन से वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने कहा कि आप प्रतिवर्ष इस दिन मेरे यहां भोजन करने आया करें। इस दिन जो बहन अपने भाई को टीका करके भोजन कराए उसे आप का भय न रहे। यमराज तथास्तु कह यमुना को वस्त्र आभूषण देकर सम्मान करने के बाद यमपुरी चले गए।



आई आईटी (आईएसएम) धनबाद

शताब्दी भवन के लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स के लिए एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड देगा 05 करोड़



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची/धनबाद : आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के आगामी शताब्दी भवन में लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स के विकास के लिए एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड पांच करोड़ रुपये की सीएसआर सहायता देगा। इस सम्बन्ध में 11 नवम्बर को रांची स्थित एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के मुख्यालय में दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। इस सहयोग से संस्थान में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य आईआईटी (आईएसएम) में छात्रों, रिसर्च स्कॉलर्स और अन्य हितधारकों की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक शिक्षण, कन्वेंशन और कॉन्फ्रेंस सुविधाएं विकसित करना है। संस्थान का आगामी शताब्दी भवन उसके इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार की एक महत्त्वपूर्ण परियोजना है, जिसमें लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स की अहम भूमिका होगी। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की यह सहायता संस्थान में बेहतर अकादमिक सुविधाएं विकसित करने के साथ-साथ टेक्निकल एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण होगी। एमओयू पर आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा की ओर से डीन, एलुमनी अफेयर्स प्रो. राजीव उपाध्याय ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रो. विनय कुमार रजक भी मौजूद थे। वहीं, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की ओर से एडिशनल जनरल मैनेजर (एलए/ आरएंडआर/ सीएसआर) प्रशांत सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर एग्जीक्यूटिव (एलए/ आरएंडआर/ सीएसआर-सीडी) सुभेन्दु रंजन भी उपस्थित थे। समझौते के तहत एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड से लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स के विकास के लिए पांच करोड़ रुपये की सहायता देगी। इस कॉम्प्लेक्स की अनुमानित लागत 65.16 करोड़ रुपये है। इसमें 400 सीटों वाले मेगा स्मार्ट क्लासरूम/कन्वेंशन हॉल, 200 सीटों वाले स्मार्ट क्लासरूम/कॉन्फ्रेंस रूम/बोर्ड रूम और हॉल ऑफ फेम बनाने का प्रस्ताव है। शताब्दी भवन में इससे अलग 1,500 से 1,800 लोगों की क्षमता वाला शताब्दी ऑडिटोरियम भी प्रस्तावित है। समझौते के तहत लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स के एक हिस्से को एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड मेगा स्मार्ट क्लासरूम के रूप में विकसित किया जायेगा। इस निर्धारित स्थान पर कम्पनी का नाम और लोगो प्रमुखता से प्रदर्शित किया जायेगा। आईआईटी (आईएसएम) के डीन, एलुमनी अफेयर्स प्रो. राजीव उपाध्याय ने कहा, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की यह सहायता संस्थान के अकादमिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और छात्रों के लिए आधुनिक लर्निंग स्पेस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। यह सहयोग आईआईटी (आईएसएम) और एनटीपीसी के बीच लंबे समय से चले आ रहे संस्थागत संबंधों और टेक्निकल एजुकेशन को आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। परियोजना के निर्माण से सम्बन्धित कार्यों, जैसे विस्तृत प्रोजेक्ट एस्टीमेट तैयार करने, खरीद प्रक्रिया और निर्माण एजेंसी के चयन की जिम्मेदारी आईआईटी (आईएसएम) की होगी। वहीं, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड परियोजना की प्रगति के समन्वय और मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। एनटीपीसी और आईआईटी (आईएसएम) के बीच माइनिंग एवं मिनरल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में लम्बे समय से सहयोग रहा है। कोयला खनन उद्योग के लिए प्रशिक्षित तकनीकी मानव संसाधन तैयार करने में भी संस्थान की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। इस नये सहयोग से दोनों संस्थानों के बीच साझेदारी को और मजबूती मिलने के साथ आईआईटी (आईएसएम) में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार होगा।

प्रोजेक्ट रिन्यू सूर्या के तहत 80 महिला प्रशिक्षुओं को मिला सर्टिफिकेट



धनबाद : आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और रिन्यू की संयुक्त पहल प्रोजेक्ट रिन्यू सूर्या के तहत मंगलवार को गोल्डन जुबिली लेक्चर थिएटर में आयोजित सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में एसएसएलएनटी महिला कॉलेज और गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की करीब 80 महिला प्रशिक्षुओं को सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम के फेज-2 का पहला सर्टिफिकेट वितरण समारोह था। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्किल डेवलपमेंट के जरिए सोलर एनर्जी सेक्टर में रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। कार्यक्रम में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के डायरेक्टर प्रो. सुकुमार मिश्रा चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद थे। इस मौके पर प्रो. रजनी सिंह, डीन, इंटरनेशनल रिलेशंस; प्रो. एजाज अहमद, एसोसिएट डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट); रिन्यू की प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर/ऑफिसर अर्चना बाजपेयी तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रो. वेदांथम लक्ष्मी श्रीनिवास भी उपस्थित थीं। सर्टिफिकेट पाने वाली महिलाओं ने सोलर एनर्जी सेक्टर में ग्रीन जॉब्स के लिए तैयार किये गये स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस ट्रेनिंग में सोलर पैनल और सोलर पम्प की इंस्टॉलेशन, ऑपरेशन और मेंटेनेंस से जुड़ी टेक्निकल स्किल्स पर फोकस किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को सोलर टेक्नीशियन के रूप में रोजगार के साथ-साथ सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट और माइक्रो-एंटरप्रेन्योरशिप के अवसरों के लिए तैयार करना है। प्रोजेक्ट रिन्यू सूर्या, रिन्यू और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से माइनिंग और वंचित क्षेत्रों की महिलाओं की रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में भागीदारी बढ़ाना है। इसके तहत आईआईटी (आईएसएम) कैंपस स्थित डेडिकेटेड ट्रेनिंग सेंटर में रजिस्टर्ड महिला उम्मीदवारों को दो महीने की फ्री स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग दी जाती है। ट्रेनिंग में क्लासरूम सेशन के साथ प्रैक्टिकल और हैंड्स-ऑन मॉड्यूल भी शामिल हैं, ताकि प्रतिभागियों को इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप टेक्निकल स्किल्स मिल सकें। यह पहल सूर्यमित्र स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम और स्किल इंडिया मिशन के व्यापक उद्देश्यों के अनुरूप है। इसके जरिए सोलर एनर्जी सेक्टर के लिए स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार करने के साथ महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अपना उद्यम शुरू करने के अवसरों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। प्रोजेक्ट रिन्यू सूर्या के माध्यम से आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और रिन्यू का लक्ष्य रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में स्किल गैप को कम करना, महिलाओं के लिए रोजगार के नये अवसर तैयार करना तथा सोलर फोटोवोल्टिक इंस्टॉलेशन, ऑपरेशन और मेंटेनेंस के लिए ट्रेंड मैनपावर उपलब्ध कराने की दिशा में योगदान देना है।

आईआईटी (आईएसएम) रिसर्च स्कॉलर मुस्कान को जेएसटी-लोटस फेलोशिप 2026



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के केमिस्ट्री एंड केमिकल बायोलॉजी विभाग की रिसर्च स्कॉलर मुस्कान को जेएसटी-लोटस फेलोशिप 2026 के लोटस-बेसिक कैटेगरी के तहत चुना गया है। इस फेलोशिप के तहत वह जापान की ओकायामा यूनिवर्सिटी में एक साल तक रिसर्च करेंगी। वहां प्रो. यासुशी निशिहारा उनके मेंटर होंगे। मुस्कान का रिसर्च टॉपिक डेवलपमेंट ऑफ सस्टेनेबल सिंथेटिक मेथडोलॉजीज फॉर नोवेल एग्रीगेशन-इंड्यूस्ड एमिशन (एआईई)-एक्टिव फ्लोरोसेंट मैटेरियल्स है। इसमें एडवांस्ड फ्लोरोसेंट मैटेरियल्स तैयार करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल तरीके विकसित किये जायेंगे। ऐसे मैटेरियल्स का इस्तेमाल सेंसर, इमेजिंग और एडवांस्ड फंक्शनल मैटेरियल्स जैसे क्षेत्रों में हो सकता है। जापान साइंस एंड टेक्नोलॉजी एजेंसी (जेएसटी) की यह फेलोशिप भारत और जापान के बीच साइंटिफिक कोलैबोरेशन को बढ़ावा देने की पहल है। इसके तहत चुने गए भारतीय रिसर्चर्स को जापान की यूनिवर्सिटीज में काम करने, वहां के वैज्ञानिकों के साथ ज्वाइंट रिसर्च करने और एडवांस्ड रिसर्च फैसिलिटी का अनुभव हासिल करने का मौका मिलता है। मुस्कान के रिसर्च सुपरवाइजर और आईआईटी (आईएसएम) के डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) प्रो. पार्थसारथी दास ने कहा, यह फेलोशिप इंटरनेशनल रिसर्च कोलैबोरेशन मजबूत करने और हमारी रिसर्च स्कॉलर को एडवांस्ड रिसर्च का अनुभव देने का अच्छा अवसर है। इससे सस्टेनेबल फंक्शनल मैटेरियल्स के क्षेत्र में रिसर्च को भी बढ़ावा मिलेगा। मुस्कान से पहले आईआईटी (आईएसएम) के मैथेमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग विभाग के रिसर्च स्कॉलर बिस्वजीत बेरा और केमिस्ट्री एंड केमिकल बायोलॉजी विभाग की डॉक्टोरल स्कॉलर पलक जायसवाल को भी इसी फेलोशिप के एस्पायर कैटेगरी के तहत चुना गया है। बिस्वजीत के इंडियन सुपरवाइजर डॉ. सुधाकर कुमावत और पलक के इंडियन प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रो. सुमंत कुमार पाढ़ी हैं। इस तरह आईआईटी (आईएसएम) के तीन रिसर्च स्कॉलर्स को जेएसटी-लोटस फेलोशिप 2026 के तहत जापान की यूनिवर्सिटीज में रिसर्च का मौका मिला है।

एक झलक

औद्योगिक नगरी टंडवा में विकास की चकाचौंध के बीच बेरोजगारी, हादसे और प्रदूषण से जूझ रहे स्थानीय लोग

चतरा :औद्योगिक नगरी टंडवा, जहां देश की सबसे बड़ी कोयला परियोजनाओं में से एक आम्रपाली, चन्द्रगुप्त, मगध, संघमित्रा और 1980 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाली एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा जैसी महारत्न कंपनी स्थापित है, वहां के स्थानीय लोग आज भी बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। बड़ी-बड़ी परियोजनाओं, भारी मशीनों और चमचमाती काली सड़कों के बीच आम आदमी की जिंदगी संघर्ष से भरी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परियोजनाओं के लिए जमीन देने के बाद भी हजारों परिवार आज तक बेघर और बेरोजगार हैं।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केरेडारी हजारीबाग की बैठक सम्पन्न

केरेडारी: झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केरेडारी हजारीबाग की बैठक पंचायत भवन सभागार में हुई. बैठक में 15 नवंबर 2026 को रांची बिरसा चौक में आयोजित अनिश्चित कालीन आमरण अनशन, धरना - प्रदर्शन और उलगुलान एक क्रांति का आगाज कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय दिया गया. आंदोलनकारियों ने मांग की कि राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान,बाल बच्चों के रोजी रोजगार एवं नौकरियों में सौ प्रतिशत गारंटी करने तथा जेल जाने की बाध्यता को दूर कर सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु सरकार दे.

इस मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने आंदोलनकारियों से अपील की कि अपने बाल बच्चों के अधिकारों तथा अपने स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए 15 नवंबर 2026 को रांची बिरसा चौक में आयोजित अनिश्चित कालीन आमरण अनशन, धरना - प्रदर्शन और उलगुलान एक क्रांति कार्यक्रम के संघर्ष को तेज करना होगा. उन्होंने कहा कि अबुआ सरकार में अबुआ नौकरियों के अधिकारों से कोई वंचित नहीं कर सकता हे.हम झारखंड आंदोलनकारियों - झारखंडियों के बाल-बच्चों को नौकरी में प्रथम अधिकार हैं इस संवैधानिक अधिकारों से कोई वंचित नहीं कर सकता है ।

धूमधाम के साथ कुंडहित में मनाया गया भाई दूज



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कुंडहित (जामताड़ा): बुधवार को कुंडहित मुख्यालय के अलावे बाबूपुर, गड़जुड़ी, पालाजोड़ी, बागडेहरी, अंबा ,सालूका, तुलसीचक, बनकाटी, रामपुर, भंगाहिड़, नाटुलतोला, सुद्राक्षीपुर, लाइकापुर, नगरी, बेंलडंगाल, गायसावड़ा सहित प्रखंड के तमाम गांवो में भाई बहन का त्यौहार भाई दूज धुमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में क्षेत्र के पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल ने भी अपने बहन के साथ भैया दूज का पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया। भैया दूज, जिसे क्षेत्र में भाई फोटा के नाम से जानते हैं, के अवसर पर क्षेत्र की तमाम भाई-बहनो ने एक-दूसरे के कपाल में चंदन का तिलक लगाया। इस दौरान बहनों ने कहा कि भायेर कपाले दिलाम फोटा, जमेर द्वारे पड़लो काटा, जमुना देय जम के फोटा, आमि दी आमार भाई के फोटा। भैया दूज के तिथि को मनाए जाने वाले भाई फोटा पर्व बंगाली समुदाय के लोग रक्षाबंधन की तरह मनाते हैं। एक तरह से यह रक्षाबंधन की तरह ही त्यौहार है। जो कार्तिक मास में मनाया जाता हैं। इसे भातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व बहन और भाई के स्नेह का प्रतीक है। भाई दूज के दिन बहनें अपने भाईयो को तिलक लगाती है और बहन भाई को मिठाई भी खिलाकर उनके लंबे उम्र की कामना करती है। इससे भाई बहन का रिश्ता मजबूत होता है। जहां बहन अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती है, वहीं भाई अपने बहन के मान सम्मान की रक्षा करने का वचन देता है। भाई फोटो बनाने के लिए बड़ी संख्या में भाई और बहन एक दूसरे के घरों को आते हैं जिससे गांव की गालियां भी गुलजार हो जाती है पूरे क्षेत्र में उत्सव सारिका माहौल बन जाता है बुधवार को क्षेत्र के तमाम भाई और बहनों ने पूरे उमंग और उत्साह के साथ भैया दूज उर्फ भाई फोटो का त्यौहार मनाया।


डाईर जतरा पूर्वजों की धरोहर है, इसे संजोकर रखना जरूरी : सुदर्शन भगत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रायडीह(गुमला) : दीपावली एवं सोहराय पर्व के अवसर पर रायडीह प्रखंड के सिकोई पंचायत अंतर्गत कापूलूंगा ग्राम स्थित घोड़ा फार्म डांड में डाईर जतरा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने किया।इस अवसर पर सुदर्शन भगत ने कहा कि डाईर जतरा हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर और परंपरा का प्रतीक है। इसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अपनी पारंपरिक गीत-संगीत, भाषा, संस्कृति और वाद्य यंत्रों को भी संरक्षित रखने की जरूरत है। ऐसे आयोजन ग्रामीणों को आपसी एकता और भाईचारे के सूत्र में बांधने के साथ-साथ मनोरंजन का भी बेहतर माध्यम हैं। जतरा में विभिन्न प्रकार की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं। यहां खेल-खिलौने, श्रृंगार प्रसाधन, होटल, ईख, झूले और मिठाइयों की दुकानें सजाई गई थीं। युवाओं की टोलियों ने पारंपरिक गीत-संगीत की धुन पर नाच-गाकर खूब आनंद उठाया। जतरा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने मेले का भरपूर लुत्फ उठाया।कार्यक्रम से पूर्व आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को बैज लगाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।मौके पर डाईर जतरा समिति के अध्यक्ष शंकर बड़ाईक, सचिव श्याम सुंदर गोप, कोषाध्यक्ष शंभुनाथ गोप, उप मुखिया मीना देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मपाल सिंह, देवनंदन सिंह, गोविंद रजक, बालमोहन कुमार साहू, सुखराम गोप, कृष्ण सिंह, सीताराम बड़ाईक, जलसू लोहरा, रवींद्र गोप, भरत गोप, सुबोध गोप, कर्मपाल गोप, देवसागर गोप, भीषम गोप, बुधराम गोप, संजय कुमार सिंह, रवि प्रसाद सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

छठ घाटों का थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रायडीह(गुमला) : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर घाटों पर साफ-सफाई, सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित शंख नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय छठ पूजा समिति के सदस्य भी मौजूद थे।निरीक्षण के क्रम में थाना प्रभारी ने घाट की स्थिति, साफ-सफाई एवं छठ व्रतियों की सुविधा को लेकर समिति के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने घाट निर्माण एवं साफ-सफाई का कार्य शीघ्र शुरू करने की बात कही, ताकि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा उन्होंने नवागढ़ पतराटोली स्थित गंझू पोखरा छठ घाट का भी अवलोकन किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मौके पर कमलेश कुमार झा, किरण प्रसाद, पंकज राय, संतोष दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

हजारीबाग नगर आयुक्त के अभद्र व्यवहार पर झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन का कड़ा विरोध

■ पत्रकारों के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : जेजेए

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : हजारीबाग के नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा हजारीबाग प्रेस क्लब पहुंचकर पत्रकारों के साथ कथित अभद्र व्यवहार किए जाने के मामले में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए), कोडरमा ने कड़ा विरोध जताया है। एसोसिएशन ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि पत्रकारों द्वारा नगर निगम के 9.96 लाख रुपये के कार्य और टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए खबर प्रकाशित किए जाने के बाद नगर आयुक्त का प्रेस क्लब पहुंचकर पत्रकारों पर दबाव बनाने का प्रयास करना दुर्भाग्यपूर्ण है। जानकारी के अनुसार, हजारीबाग नगर निगम से जुड़े करीब 9.96 लाख रुपये के एक कार्य को लेकर पत्रकारों ने खबर प्रकाशित की थी। इसमें सवाल उठाया गया था कि क्या काम पहले ही पूरा करा लिया गया था और उसके बाद टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई? साथ ही निर्धारित समय में एक दिन के भीतर पूरा काम कराना कितना संभव है, इस पर भी सवाल उठाए गए थे। इसी खबर के बाद बुधवार को नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता हजारीबाग प्रेस क्लब पहुंचे और क्लब से संबंधित दस्तावेजों की मांग की। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुरारी सिंह के अनुसार, नगर आयुक्त ने भवन आवंटन से संबंधित कागजात दिखाने को कहा। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने पुलिस बुलाने, मामला दर्ज कराने और जेल भेजने तक की धमकी दी। इस घटनाक्रम से स्थानीय पत्रकारों में नाराजगी है। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन, कोडरमा ने कहा कि हजारीबाग प्रेस क्लब कोई अवैध संस्थान नहीं है, बल्कि उपायुक्त हजारीबाग द्वारा विधिवत आवंटित भवन में संचालित है। राज्य सरकार की ओर से रांची सहित अन्य स्थानों पर भी पत्रकारों के लिए इसी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ऐसे में किसी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा प्रेस क्लब पहुंचकर दस्तावेजों के नाम पर दबाव बनाने और पत्रकारों को धमकाने का आरोप गंभीर एवं चिंताजनक है। एसोसिएशन ने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों के संवाद, विचार-विमर्श और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण मंच है। लोकतंत्र के चारों स्तंभों विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और पत्रकारिता की अपनी-अपनी मयार्दा एवं जिम्मेदारियां हैं। पत्रकार तथ्यों के आधार पर खबर प्रकाशित करते हैं। किसी खबर पर आपत्ति होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी को अपना आधिकारिक पक्ष और तथ्य सामने रखना चाहिए, न कि पत्रकारों को डराने या दबाव में लेने का प्रयास करना चाहिए।

सुंदर आचारण और अच्छे विचारों से ही जीवन होता है परमात्मा के करीब : मुनि सुयशसागर जी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरीतिलैया : 11 नवम्बर श्री दिगम्बर जैन मंदिर झुमरी तिलैया में सुबह श्री जी का अभिषेक ओर शांतिधारा के पश्चात स्थानीय जैन मंदिर में विराजमान जैन संत श्रमण मुनि श्री 108 सुयशसागर जी गुरुदेव ने धर्म सभा में अपने उद्बोधन में कहा कि - हमारे सुंदर विचारों से,सुंदर आचारण से जीवन सुंदर बनता है और यही सुंदर जीवन ही एक दिन परमात्मा के नजदीक ले जाता है बूंद - बूंद से घड़ा भर जाता है ,एक मोती को जब धागा में पिरोते है तो वह भी माला बन जाती है ,एक - एक ईट लगाते लगाते ईमारत खड़ी हो जाती है आचार्य कहते है कि जीवन के अच्छे गुणों को एक सूत्र में पिरोये तो जीवन आगम बन जाता है जोड़ो मत छोड़ो,जोड़ो तो बेजोड़ जोड़ो। जीवन एक किताब है उसमें देखो क्या - क्या लिखा है जो अच्छा है उसे प्रिंट करा लो जिसे हर कोई पढ़ना पसंद करें।जिंदगी की इतनी अच्छी किताब बनाओ कि कितने ही लोग उससे खिताब पाकर के जीवन की किताब तैयार कर ले, हम अपने पूज्य पुरुषों ने अपने जीवन में सागर में गागर भरा,अपने जीवन में महान से महान कार्य किए ।हमारे तीर्थंकरों ने अपने जीवन में उस व्यकत्व को प्राप्त किया जिसे गणधरों ने पढ़ा और गणधरों की जीवन की किताब इतनी महान थी जिसे मुनिराजों ने किताब लिख ली और आज हम भी उनकी किताब से अपनी किताब ठीक करे।

वन विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

गुमला से स्थानांतरित होकर चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के डीएफओ बने अहमद बेलाल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : झारखंड वन विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत अहमद बेलाल अनवर को चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल का नया वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) नियुक्त किया गया है। गुमला वन प्रमंडल में डीएफओ के पद पर कार्यरत रहे अहमद बेलाल अनवर का स्थानांतरण करते हुए विभाग ने उन्हें चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इतना ही नहीं, प्रशासनिक दृष्टिकोण से उन्हें चतरा उत्तरी वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। विभाग की ओर से जारी स्थानांतरण एवं पदस्थापन आदेश के अनुसार उनकी नियुक्ति अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस निर्णय के बाद अब चतरा जिले के दोनों वन प्रमंडलों की प्रशासनिक जिम्मेदारी एक ही अधिकारी के पास होगी।वन विभाग के इस प्रशासनिक निर्णय को जिले में वन प्रबंधन, विभागीय कार्यों के समन्वय और वन संपदा के संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के नियमित दायित्वों के साथ उत्तरी वन प्रमंडल का अतिरिक्त प्रभार संभालने के कारण अहमद बेलाल अनवर के कार्यक्षेत्र का दायरा बढ़ गया है। अब दोनों प्रमंडलों से संबंधित प्रशासनिक गतिविधियों, विभागीय योजनाओं की निगरानी, वन भूमि की सुरक्षा, अवैध कटाई पर नियंत्रण तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कार्यों का संचालन उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में होगा।

लोक आस्था का पर्व छठ 13 को नहाय खाय के साथ होगा शुरू 16 को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ होगा सम्पन्न


फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : लोक आस्था, अनुशासन और प्रकृति की उपासना के महापर्व छठ की तैयारी शुरू हो गया है। अभ्रकांचल क्षेत्र झुमरी तिलैया सहित जिले के विभिन्न प्रखण्डों में भी तालाबो की साफ - सफाई शुरू हो गयी है डोमचांच में भव्य मेले का आयोजन होता है। इसके अलावा झुमरी तिलैया कोडरमा डोमचाचं मरकच्चों सतगावॉ जयनगर के इलाकों में नगर पंचायत नंगरपर्षद जिला परिषद एवं प्रशासनिक स्तर पर तालाबों की साफ-सफाई शुरू हो गयी है। वहीं स्वयंसेवी सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के साथ-साथ विभिन्न पूजा समितियॉ टेंट लाईट प्रतिमा एवं भक्ति जागरण जैसे आयोजन के लिए बुकिंग की गई है। सडकों के किनारे लाईट लागाने के लिए पोल भी लगने लगे है। गली मुहल्लों में छठ मईया की गीत से वातारण भक्तिमय हो गया है। वही परिवार के साथ छठ मनाने वाले विभिन्न प्रदेशों में नौकरी पेशा छात्र-छा.त्राएँ भी अपने -अपने घर पहुचने लगे है। इधर पंचांग की गणना के अनुसार इस वर्ष दीपावली के ठीक बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में मनाए जाने वाले सूर्य षष्ठी व्रत की तिथियां स्पष्ट हो गई हैं। देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में अपनी विशेष पहचान बना चुका यह महापर्व इस बार 13 नवंबर से शुरू होकर 16 नवंबर तक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। 4 दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत के दौरान व्रती महिलाएं और पुरुष पूरी निष्ठा के साथ सूर्य देव और छठी मईया की आराधना करेंगे।

13 नवम्बर को पहले संयम (नहाय-खाय) से होगी शुरूआत

छठ महापर्व की शुरूआत 13 नवंबर से होगी। इस दिन प्रथम संयम यानी नहाय-खाए के साथ व्रती अपने अनुष्ठान का संकल्प लेंगे। इस दिन स्नान-ध्यान के बाद पूरी पवित्रता के साथ सात्विक भोजन ग्रहण किया जाता है, जिसके बाद से ही 4 दिनों तक चलने वाला कड़ा उपवास शुरू हो जाता है। घरों में साफ-सफाई और प्रसाद (ठेकुआ आदि) बनाने के लिए गेहूं धोने व सुखाने का क्रम शुरू हो जाता है।

रेड क्रॉस सोसाइटी ने शुभ्रा इंस्टीट्यूट में चलाया जागरूकता अभियान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : रक्त की एक बूंद किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकती है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, चतरा की ओर से शुभ्रा इंस्टीट्यूट में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व, उसकी आवश्यकता और इससे जुड़ी भ्रांतियों की जानकारी दी गई। साथ ही 18 वर्ष की उम्र पूरी होने और रक्तदान के निर्धारित स्वास्थ्य मानकों को पूरा करने पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे बढ़कर मानव सेवा और पुण्य का दूसरा कोई काम नहीं है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव और थैलेसीमिया जैसे रोगों से जूझ रहे मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना कई बार जीवन बचाने का एकमात्र माध्यम बन जाता है।


स्व. कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह युवा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

घाघरा (गुमला) : घाघरा प्रखंड के बदरी गांव स्थित प्रोजेक्ट स्कूल मैदान में स्वर्गीय कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह युवा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे खोड़हा दलों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने लोकगीत और लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान मांदर, नगाड़ा सहित अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज से पूरा मैदान गुंजायमान रहा। वाद्य यंत्रों की थाप पर महिला-पुरुष कलाकारों ने सामूहिक रूप से पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मैदान में मौजूद लोगों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के महान विभूति स्व. कार्तिक उरांव की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के साथ-साथ समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, भाषा, परंपरा और रीति-रिवाजों को संरक्षित करना तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। युवा महोत्सव के माध्यम से युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और पारंपरिक विरासत को समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को बचाए रखना बेहद जरूरी है। ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में आपसी एकता, भाईचारा और सामूहिक सहभागिता की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर अतिथियों एवं उपस्थित लोगों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई।

डीवीसी केटीपीएस के अध्यक्ष, डीवीसी, राजेश पांडेय आईएएस एवं शालिनी पांडेय का हुआ स्वागत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा :दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र (केटीपीएस) में अध्यक्ष, डीवीसी, राजेश पांडेय, आईएएस, एवं शालिनी पांडेय के 11 नवंबर 2026 को केटीपीएस आगमन पर उनका हार्दिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। अध्यक्ष के साथ राजेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएँ); संजीव श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (संचालन); तथा अमन ज्योति, महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष के तकनीकी निजी सहायक भी उपस्थित थे। केटीपीएस परिसर में आगमन पर विशिष्ट अतिथियों का स्वागत संजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान (सीजीएम एवं एचओपी), डीवीसी केटीपीएस द्वारा किया गया। इस अवसर पर सोमनाथ सरकार, महाप्रबंधक (ओएंडएम); तापस मिर्धा, महाप्रबंधक (एएमएस); तथा मानस नस्कर, महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सीआईएसएफ के जवानों द्वारा प्रस्तुत औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ। इसके पश्चात वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण, हरित पहल एवं सतत विकास के प्रति डीवीसी की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

बिहार के दरभंगा में ट्रक ने चार किशोर को कुचला

तीन की मौके पर ही मौत

एजेंसी

दरभंगा : बिहार में दरभंगा जिले के एनएच-27 पर बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में तीन नाबालिग किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका चौथा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मब्बी थाना क्षेत्र के बाजार समिति चौक के समीप हुई, जहां एक अज्ञात ट्रक ने एक ही बाइक पर सवार चार दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतकों की पहचान लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बाकरगंज मोमिन टोला निवासी फारीश (15), मो. इस्तखार (15) और अल्ताफ नेयाज (16) के रूप में हुई है। वहीं, घायल मो. तल्फ (16) का दिल्ली मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

धार्मिक जलसे से लौट रहे थे चारों दोस्त

जानकारी के अनुसार, चारों किशोर मंगलवार रात बाकरगंज स्थित एक मस्जिद में आयोजित धार्मिक जलसे में शामिल होने गए थे। बुधवार सुबह करीब 4 बजे चारों एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाकरगंज से लगभग 8 किलोमीटर दूर बाजार समिति चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीन किशोरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चारों



में से किसी ने हेलमेट नहीं पहना था।

परिजनों को नहीं थी बच्चों के निकलने की जानकारी

मृतक के चाचा मो. अकील ने बताया कि चारों बच्चे मदरसे में पढ़ते थे। परिवार के किसी सदस्य को जानकारी नहीं थी कि वे रात में बाइक लेकर कहां गए हैं। बुधवार सुबह करीब 5:30 बजे हादसे की सूचना मिलने पर परिजन डीएमसीएच पहुंचे और मृतकों की पहचान की। उन्होंने पुलिस से ट्रक की पहचान कर उसे बरामद करने तथा चालक को गिरफ्तार करने की मांग की है।

डीएमसीएच में छह थानों की पुलिस तैनात

तीन किशोरों की एक साथ मौत की खबर से डीएमसीएच में परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए मब्बी, विश्वविद्यालय, बेंता, कोतवाली, लहेरियासराय और सदर थाना की पुलिस तैनात रही। पुलिस अधिकारियों की निगरानी में तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया।

ओवरब्रिज की मांग वर्षों से लम्बित

बाजार समिति चौक पर ओवरब्रिज निर्माण की वर्षों पुरानी मांग इस हादसे के बाद फिर चर्चा में आ गई है। शीशोपश्चिमी के भाजपा मीडिया प्रभारी सह पूर्व मुखिया शमसे आलम खां ने कहा कि यदि इस चौक पर ओवरब्रिज बन गया होता तो संभवतः ऐसी हृदयविदारक घटना नहीं होती। उन्होंने कहा कि यहां लगातार दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, लेकिन ओवरब्रिज निर्माण की मांग को अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया।

पुलिस गश्ती और सड़क सुरक्षा पर सवाल

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्ती व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि लहेरियासराय से मब्बी तक कई थाने होने के बावजूद चार किशोर एक ही बाइक पर सवार होकर रात में सड़क पर चलते रहे और किसी ने उन्हें नहीं रोका।

गोलीकांड के विरोध में बाजार बंद
व्यवसायियों ने निकाला शांतिपूर्ण मार्च

एजेंसी

नवादा : जिले के अकबरपुर प्रखंड के नेमदारगंज बाजार में मिठाई दुकानदार विकास कुमार उर्फ उत्तम को गोली मारने की घटना के विरोध में बुधवार को व्यवसायियों ने बाजार बंद रखकर अपना आक्रोश जताया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बाजार की सभी दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। इस दौरान व्यवसायियों ने शांतिपूर्ण मार्च निकालकर अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। बाजार में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा और रोजाना की चहल-पहल पूरी तरह गायब रही। शांतिपूर्ण मार्च का नेतृत्व मुखिया उदय कुमार यादव ने किया। इसमें रणविजय सिंह, बबलू नायक, भोला प्रसाद, अश्विनी प्रसाद समेत बड़ी संख्या में व्यवसायी एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। मार्च के दौरान लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी और व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। छोटी दिवाली यानी शनिवार की शाम करीब 8:30 बजे नेमदारगंज बाजार स्थित राज मिष्ठान भंडार के संचालक विकास कुमार उर्फ उत्तम को बदमाशों ने गोली मार दी थी। थाना से महज कुछ दूरी पर हुई इस वारदात के बाद से बाजार के व्यवसायियों में भय और आक्रोश का माहौल है। व्यवसायियों का कहना है कि जब बाजार में थाना के इतने करीब दुकानदार सुरक्षित नहीं हैं तो आम लोगों की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस घटना के विरोध में सोमवार की शाम व्यवसायियों की बैठक हुई थी। इसमें मुखिया उदय कुमार यादव, बजरंग दल अध्यक्ष जीतू सहित कई व्यवसायी शामिल हुए थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि बुधवार तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

एक झलक

वरिष्ठ पत्रकार झूलन अग्रवाल का निधन, शोक की लहर

गोला (रामगढ़) : जी न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार झूलन अग्रवाल के निधन से गोला समेत पूरे रामगढ़ जिले में शोक की लहर है। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत के साथ सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में भी शोक व्याप्त है। अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। झूलन अग्रवाल सरल स्वभाव, हंसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वे लोगों से आत्मीय संबंध रखते थे और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते थे। अपने व्यवहार के कारण हर वर्ग के लोगों के बीच उनकी विशेष पहचान थी। पत्रकारिता के क्षेत्र में झूलन अग्रवाल ने निष्पक्ष और बेबाक लेखनी से अपनी अलग पहचान बनाई थी। वे क्षेत्र की जनसमस्याओं और आम लोगों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते थे। उनकी कोशिश रहती थी कि लोगों की समस्याएं जिम्मेदार अधिकारियों और प्रशासन तक पहुंचें। उनके निधन से पत्रकारिता जगत ने एक निर्भीक साथी और समाज ने एक संवेदनशील व्यक्तित्व खो दिया है। उनकी बेबाक लेखनी, जनसेवा और आत्मीय व्यवहार की यादें हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगी।

विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

चतरा : प्रतापपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में मंगलवार की शाम एक विवाहिता ने जहरीली दवा खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रामपुर निवासी अखिलेश भारती की पत्नी प्रीति कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम पति-पत्नी के बीच मोबाइल पर किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई थी। इसके बाद प्रीति कुमारी ने कथित तौर पर जहरीली दवा खा ली और कमरे का दरवाजा बंद कर सो गई। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर उसकी गोतनी अनीता देवी की बेटी ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद अनीता देवी ने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया। ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़कर प्रीति को आनन-फानन में प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि मृतका का पति अखिलेश भारती चेन्नई में मजदूरी करता है। दोनों की शादी पिछले वर्ष ही हुई थी। मंगलवार की शाम मोबाइल पर हुई नोकझोंक के बाद यह घटना हुई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

निशा भगत को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर भाजपा मंडल बेड़ो ने निकाला कैंडल मार्च



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : दिवंगत आदिवासी नेत्री निशा भगत को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को भाजपा मंडल बेड़ो के तत्वावधान में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान भाजपा महिला एवं पुरुष कार्यकताओं ने हाथों पर मोमबत्तियां और तख्तियां लेकर दिवंगत नेत्री को न्याय दिलाने की मांग किया। कैंडल मार्च महादानी मंदिर से शुरू होकर देवी मंडप तक पहुंचा। इसके बाद मार्च वापस लौटकर महावीर चौक में समाप्त हुआ। इस दौरान कार्यकताओं ने दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो भाजपा कार्यकर्ता चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे। साथ ही महावीर चौक पर दिवंगत निशा भगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, अंजली कच्छप, महादेव कुजूर, नारायण महली, आनंद साहू, पार्थो दास गुप्ता,सरिता देवी व हरि मोहन गोप समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

जोन्हा में सरकारी जमीन पर चर्च निर्माण को लेकर विवाद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : रांची जिले के अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत जोन्हा में सरकारी जमीन पर चर्च निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दीपावली की रात तेजी से निर्माण कार्य कराकर चर्च भवन पूरा कर दिया गया। खास बात यह है कि अनगड़ा अंचल प्रशासन ने संबंधित जमीन की मापी के लिए मंगलवार को ही नोटिस जारी किया था। बताया जाता है कि जोन्हा स्थित इडली पुल के समीप पिछले एक वर्ष से अधिक समय से चर्च का निर्माण चल रहा था। निर्माण पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार अंचल कार्यालय और थाना में ज्ञापन दे चुके हैं। जोन्हा मुखिया कृष्णा मुंडा, ग्राम प्रधान मानकी जगन्नाथ शाही और भाजपा जोन्हा मंडल अध्यक्ष बसंत मुंडा के अनुसार, करीब छह माह



■ मापी का नोटिस जारी होने के बावजूद निर्माण पूरा करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

पूर्व निजी अमीन से जमीन का सीमांकन कराया गया था। इसमें लगभग नौ से दस फीट सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की बात सामने आई थी। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा। सीमांकन कराने वाले महावीर महतो ने बताया कि चर्च निर्माण के दौरान करीब 139 वर्गफीट जमीन पर अवैध कब्जे की बात सामने आई है। हालांकि, निर्माण का अधिकांश हिस्सा रैयती जमीन पर है। मामले में आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट अंचल अधिकारी को सौंपी जाएगी। वहीं, अनगड़ा थाना प्रभारी गौतम कुमार राजवर ने बताया कि दीपावली की रात निर्माण कार्य कराए जाने की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि सोसाइटी के नाम पर सरकारी जमीन पर चर्च का निर्माण कराया जा रहा है। उनका दावा है कि इसी भूखंड पर पहले से द गॉड ऑफ ग्रेस मैरिज सोसाइटी, जोन्हा के नाम से चर्च संचालित है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य एक पारा शिक्षक की देखरेख में होने का भी आरोप लगाया है। फिलहाल ग्रामीणों की नजर अंचल प्रशासन की जांच और आगे की कार्रवाई पर टिकी है।

रामगढ़ की अन्डर -14 बालिका वॉलीबॉल स्टेट चैम्पियन टीम को विधायक ने किया सम्मानित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : रामगढ़ जिले की वॉलीबॉल स्टेट चैंपियन अन्डर-14 बालिका वर्ग की पूरी टीम ने आज रामगढ़ विधायक ममता देवी से मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक ने सभी खिलाड़ियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चैंपियन बनकर पूरे जिले का गौरव बढ़ाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक ने इस शानदार उपलब्धि में ग्रामीण विकास केंद्र के सचिव कुंदन गोप, कोच बसंत नायक एवं मनिंद्र करमाली के अहम योगदान की सराहना की। उन्होंने संस्था द्वारा स्थानीय प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निःशुल्क वॉलीबॉल प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने की पहल को सराहनीय बताया। विधायक ममता देवी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रामगढ़ जिला, झारखंड राज्य और देश का नाम रोशन करेंगी।

10वें शैलेंद्र एक्का मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट सह सोहराई जतरा महोत्सव में शामिल हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

सोहराई जतरा झारखंडी कला-संस्कृति का संगम है : सुदेश महतो

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के गुड़ीडीह पंचायत अंतर्गत हेसलाबेड़ा में आयोजित 10वें शैलेंद्र एक्का मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट सह सोहराई जतरा महोत्सव में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए झारखंड की समृद्ध कला-संस्कृति और पारंपरिक विरासत को सहेजने के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान सुदेश महतो ने कहा कि सोहराई जतरा महोत्सव झारखंडी कला-संस्कृति का संगम है। ऐसे आयोजन हमारी



परंपरा और लोक विरासत को जीवंत रखने के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विशाल ब्रदर्स सियारबेड़ा की टीम विजेता बनी, जबकि फुटबॉल क्लब बगानटोली की टीम उपविजेता रही। दोनों टीमों को पुरस्कार स्वरूप खस्सी देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव के दौरान सुदेश महतो ने स्थानीय खोरहा टीमों के साथ पारंपरिक गीतों की धुन पर नृत्य कर समारोह का उत्साह बढ़ाया। उनके इस अंदाज से उपस्थित ग्रामीणों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुशील महतो, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, मुखिया रोशन मुंडा, पंचायत समिति सदस्य साहेबराम महतो, अमर सिंह मुंडा, सीताराम रजवार, राजेश साहू, करण सिंह मुंडा, सूरज कुमार मिश्रा, अमन शाहदेव, सल्लू खान सहित आयोजन समिति के अशोक एक्का, अगसतुस एक्का, दीपक मिंज, चूमना उरांव, सोमरा एवं सरिता देवी उपस्थित थे।

सेंट एन्स कॉलेज की 118 छात्राओं ने किया संसद भवन का भ्रमण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची के सेंट एन्स इंटरमीडिएट कॉलेज की 118 छात्राओं और 17 शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने लोकसभा, राज्यसभा और केंद्रीय कक्ष सहित संसद भवन के विभिन्न हिस्सों को देखा तथा देश की संसदीय परंपराओं, विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। कॉलेज प्रबंधन ने रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से संसद भवन भ्रमण का आग्रह किया था। उनकी पहल पर छात्राओं को यह अवसर मिला। दिल्ली में उनके सहयोगियों ने छात्राओं को संसद भवन का भ्रमण



कराया। दस दिवसीय शैक्षणिक यात्रा पर निकली छात्राएं कुल्लू-मनाली और दिल्ली का भ्रमण कर रही हैं। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या सिस्टर मेरी टोप्पो, रांची प्रोविंस की प्रोविंशियल सिस्टर सुजाता कुजूर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। संजय सेठ ने कहा कि संसद भवन का भ्रमण छात्राओं के लिए लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को समझने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि बेटियां देश का भविष्य हैं और शिक्षा, ज्ञान एवं आत्मविश्वास के बल पर हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकती हैं।

झारखंड के अजित नाग का भारतीय अंडर-20 रग्बी टीम में चयन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड के प्रतिभाशाली रग्बी खिलाड़ी अजित नाग का चयन 14 से 15 नवंबर तक ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले अंडर-20 एशिया कप के लिए भारतीय टीम में किया गया है। उनके चयन से झारखंड के खेल जगत में खुशी की लहर है। अजित नाग इससे पहले भी चार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इनमें 2024 और 2025 की अंडर-18 एशिया रग्बी चैंपियनशिप, 2025 की अंडर-20 एशिया रग्बी चैंपियनशिप और 2026 की अंडर-18 एशिया रग्बी चैंपियनशिप शामिल हैं। ये प्रतियोगिताएं मलेशिया, बिहार और चीन में आयोजित हुई थीं। झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु जालान, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, महासचिव हेजाज असदक, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित शादाब खान, फिरोज अंसारी और शशि पांडे ने अजित को बधाई दी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि वह प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड और देश का नाम रोशन करेंगे।

45 केन्द्रीय विद्यालयों तक पहुंचेगा रीबिल्ड इंडिया अभियान

56वीं प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने की पहल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रामकृष्ण मिशन आश्रम, रांची की ओर से आयोजित 56वीं रीबिल्ड इंडिया प्रतियोगिता 2026-27 (भारत गढ़ो अभियान) के प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए पहल की जा रही है। इसी क्रम में डॉ. ओम प्रकाश ने जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली की गणित शिक्षिका निशा पॉल और केंद्रीय विद्यालय संगठन, रांची संभाग के उपायुक्त एस.वी. जोगलेकर से मुलाकात की। निशा पॉल के साथ मुलाकात में प्रतियोगिता के उद्देश्यों और विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता पर चर्चा हुई। इस दौरान स्वामी विवेकानंद के विचारों, चरित्र



निर्माण और नैतिक मूल्यों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। वहीं, नामकुम स्थित केंद्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में उपायुक्त एस.वी. जोगलेकर से मुलाकात कर रांची संभाग के 45 केंद्रीय विद्यालयों में प्रतियोगिता का प्रचार-प्रसार कराने और विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। जोगलेकर ने मुख्यालय से दिशा-निर्देश मिलने के बाद आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। डॉ. ओम प्रकाश ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब युवा शिक्षा के साथ चरित्र, संस्कार, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति समर्पण को भी जीवन का आधार बनाएंगे।

बनसानी मुख्य पथ पर अनियंत्रित होकर पलटी कमांडर गाड़ी, आधा दर्जन लोग घायल, दो रेफर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भवनाथपुर : भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बनसानी गांव के मुख्य पथ पर बुधवार को एक कमांडर गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में गाड़ी पर सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. जयप्रकाश पंडित ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में दो की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस से गढ़वा रेफर कर दिया गया। रेफर किए गए घायलों में मकरी बरवारी टोला निवासी धर्मेंद्र उरांव की पत्नी रंजू देवी तथा उनके भाई राकेश उरांव के तीन वर्षीय पुत्र मयंक कुमार शामिल हैं। वहीं अन्य घायलों में उत्तर प्रदेश के स्मिलवा निवासी नारायण सिंह तथा शिवपुर निवासी देव कुमार राम की पत्नी सोनी देवी के नाम शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी अरुण रवानी ने पुलिस बल के साथ गश्ती दल को घटनास्थल पर भेजा। वहीं थाना प्रभारी स्वयं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायलों के इलाज की व्यवस्था की। उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी से बातचीत कर गंभीर रूप से घायल दोनों मरीजों को निःशुल्क सरकारी एंबुलेंस से गढ़वा भिजवाने की व्यवस्था कराई।

बेड़ो के जरिया में राजीव गांधी सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

बेड़ो प्रखंड से जामटोली की टीम बनी चैम्पियन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड के जरिया गांव स्थित करमचंद भगत स्टेडियम में यूथ कांग्रेस बेड़ो प्रखंड के तत्वाधान में चल रहे बेड़ो प्रखंड स्तरीय राजीव गांधी सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हो गया। फाइनल मैच जरिया व जामटोली पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी में 4-3 गोल से जामटोली की टीम चैम्पियन बना। वहीं प्रखंड प्रशासन व बेड़ो कांग्रेस कमिटि के बीच सद्भावना मैच खेला गया जिसमें प्रखंड प्रशासन की टीम विजेता बनी। इससे पूर्व समापन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुखिया कुंवारी खलखो उपप्रमुख मोदस्सीर हक पंसस विशेश्वर उरांव सीओ राज कुंवर सिंह डीएसपी दीपक कुमार थाना प्रभारी कफील

- मानव संसाधन को विकसित करके मांडर विधानसभा को एक रॉल मॉडल बनाना हमारा लक्ष्य है : शिल्पी नेहा तिर्की
- खेल युवाओं को नशे और सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के साथ सामाजिक सद्भावना एवं नेतृत्व विकास का सशक्त माध्यम



अहमद,करमा उरांव, नकुल सिंह,नवल किशोर सिंह,परवेज आलम ने फाइनल मैच का उद्घाटन स्व राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं उन्होंने टूनोमेंट में भाग लेने वाली सभी 17 पंचायतों की टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए युवा कांग्रेस बेड़ो प्रखंड कमिटी के सदस्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों से पूरी लगन और मेहनत के साथ इस प्रतियोगिता का आयोजन करना युवा कांग्रेस की नेतृत्व क्षमता, समर्पण और संगठनात्मक कौशल को दर्शाता है। मंत्री ने कहा कि दीपावली के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में जुआ, नशापान और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना और उनकी ऊर्जा को सही दिशा देना है। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन को विकसित करके मांडर विधानसभा को एक रॉल मॉडल बनाना हमारा लक्ष्य है। इस टूनार्मेंट में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी को वह केवल एक खिलाड़ी के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य के नेतृत्वकर्ता के रूप में देखती हैं। खेल में हार-जीत होती रहती है, लेकिन अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व की सीख जीवनभर काम आती है। मंत्री ने राजीव गांधी सद्भावना फुटबॉल टूनार्मेंट के नाम और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सद्भावना का अर्थ जाति और धर्म से ऊपर उठकर समाज, गांव और पंचायत को एकजुट रखना है। आज सोशल मीडिया के दौर में समाज को बांटने वाली प्रवितयां बढ़ रही हैं। ऐसे समय में युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे सामाजिक समरसता बनाए रखें,गलत के खिलाफ आवाज उठाएं और सच के साथ मजबूती से खड़े हों। उन्होंने कहा कि मांडर विधानसभा को झारखंड का एक आदर्श क्षेत्र बनाने के लिए केवल सड़क और आधारभूत संरचना का विकास पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं की प्रतिभा, शिक्षा, नेतृत्व क्षमता और मानव संसाधन का विकास भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के साथ खेल प्रतियोगिताओं, प्रतिभा सम्मान समारोह और प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। समारोह में उन्होंने भविष्य में युवाओं के लिए नेतृत्व विकास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की भी बात कही।उन्होंने विजेता जामटोली पंचायत की टीम को 18 नवंबर को मांडर के बुढ़ा खुखरा मैदान में आयोजित होने वाले मांडर विधानसभा स्तरीय फाइनल मुकाबले में पांचों प्रखंडों की विजेता टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीम के लिए एक लाख रुपये का मुख्य पुरस्कार निर्धारित है। मौके पर मुखिया रमेश उरांव फहीमूल हक, शंभु बैठा, सोमरा लोहरा, बुधराम लोहरा, चरवा उरांव,भीम गोप, सुभाष लकड़ा मौजूद थे। टूनार्मेंट को सफल बनाने में यूथ कांग्रेस के हसीबुल अंसारी, गंगा मुंडा, रेयाज अंसारी,विन्नी उरांव, अरुण एक्का,विनीता लकड़ा, अरहम मिरदाहा, शेख अकराबा, वमाजिद अंसारी,जैद आलम,रमेश उरांव, एनी लकड़ा, अरशद रेहान,संतोष उरांव,संदीप तिर्की, सुमित टोप्पो ने सराहनीय योगदान दिया।

एक झलक

बेसबॉल एकेडमी ने जीती लिटिल लीग नेशनल चैंपियनशिप

इंदौर : दिल्ली में आयोजित लिटिल लीग नेशनल चैंपियनशिप 2026-27 में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही इंदौर बेसबॉल एकेडमी ने राष्ट्रीय खिताब जीतकर शहर को गौरवान्वित किया है। देशभर की 21 टीमों के बीच हुई इस प्रतियोगिता में इंदौर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। टीम को मुख्य कोच जितेंद्र शिंदे, प्रभा त्रिपाठी और विनीता तिवारी का मार्गदर्शन मिला। लिटिल लीग कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में इंदौर एकेडमी के खिलाड़ियों ने अंडर-9, अंडर-12 और अंडर-14 आयु वर्गों में हिस्सा लिया। तीनों वर्गों के कुल 33 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शहर का प्रतिनिधित्व किया।अंडर-9 वर्ग में मोहम्मद शोएब, व्योम ढाका, लौकिक अग्रवाल, विवांश नामदेव, सारांश पाटीदार, रेयांश रासनकर, यशार्थ श्रीनेत, वेदिका गुप्ता, देवांशी शेरावत और अयांश ओझा शामिल रहे।

अनुज श्रीवात्री की शतरंज में ऐतिहासिक जीत

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फिलीपींस में आयोजित सातवीं आसियान प्लस इंडिविजुअल ओपन शतरंज चैंपियनशिप जीतने पर कटनी के अनुज श्रीवात्री को बधाई दी है। उन्होंने अनुज की इस उपलब्धि को मध्यप्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनुज श्रीवात्री ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। वे मध्यप्रदेश के पहले और भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बने हैं। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुज की सफलता उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि में भारतीय प्रशिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने भारतीय प्रशिक्षकों को भी बधाई देते हुए अनुज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खराब प्रदर्शन के कारण हट सकते है कोच कैरिक

लंदन : प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के खराब प्रदर्शन के बाद से ही टीम के मुख्य कोच माइकल कैरिक की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। क्लब प्रबंधन प्रीमियर लीग में टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए उनके विकल्प की तलाश में है, जिसने टीम रेलीगेशन जोन में आ गयी है लगातार खराब परिणामों के चलते कैरिक के कार्यकाल पर सवाल उठने लगे है। पिछले सप्ताहांत एस्टन विला के साथ 4-4 के ड्रॉ के बाद, मैनचेस्टर 18वें स्थान पर खिसक गया है, जो सबसे निचले क्लब क्रिस्टल पैलेस से सिर्फ एक अंक ऊपर है। यह स्थिति पिछले शनिवार को नॉटिंघम फॉरेस्ट द्वारा मैनचेस्टर सिटी पर 3-1 की जीत के बाद और भी गंभीर हो गई, जिसने यूनाइटेड को सीधे रेलीगेशन के खतरे में डाल दिया। वहीं मैनचेस्टर यूनाइटेड के अनुसार कोच को हटाने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है पर कहा जा रहा है कि संकेत मिलने लगे हैं।

अंडर-19 एशिया कप

भारत का अफगानिस्तान से होगा मुकाबला

पाकिस्तान की बांग्लादेश से होगी भिड़ंत

एजेंसी



नई दिल्ली : ओमान में खेले जा रहे अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है. उन्होंने अपने आखिरी ग्रुप मैच में यूएई को 70 रनो से मात देकर ग्रुप ए में दूसरा स्थान हासिल किया. भारतीय टीम ने यूएई के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 309 रन बनाए. जिसमें आर्यवीर सहवाग के 160 रन सबसे खास थे. जवाब में यूएई की टीम 50 ओवर में 239 रनों पर ऑल आउट हो गई. ग्रुप ए के ही दूसरे मैच में पाकिस्तान ने नेपाल को 101 रनों से मात देकर ग्रुप को टॉप किया. पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 275 रन बनाए और फिर नेपाल की टीम को 174 रनों पर समेट दिया. इसके साथ ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर गए. वहीं ग्रुप बी से बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है. अफगानिस्तान अपने ग्रुप में टॉप पर रहा. उसने अपने तीनों मैचों में जीत दर्ज की. जबकि बांग्लादेश को तीन मैच में से एक मैच में हार का सामना करना पड़ा. जिसकी वजह से वो ग्रुप में दूसरे स्थान पर हैं. टूर्नामेंट में अभी तक पाकिस्तान और अफगानिस्तान ही अजेय रहे हैं. जबकि बांग्लादेश और भारत को अपने अपने ग्रुप में पाकिस्तान और अफगानिस्तान से हार का सामना करना पड़ा है.सेमीफाइनल मुकाबला 12 नवंबर को खेला जाना है. जिसमें भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा, जबकि पाकिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा. अगर भारत और पाकिस्तान दोनों अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीत जाते हैं, तो क्रिकेट फैंस को इस टूर्नामेंट में दूसरी बार भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला फाइनल में देखने को मिलेगा. खिताबी मुकाबला 14 नवंबर को खेला जाएगा.इस टूर्नामेंट में भारतीय अंडर 19 टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है. उसे सिर्फ पाकिस्तान से कड़े मुकाबले में तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा. भारतीय टीम ने 46.3 ओवर में अर्जुन के शतक की बदौलत 208 रन बनाने में सफल रही थी. लेकिन पाकिस्ता ने हमजा जहूर के नाबाद 100 रनों की वजह से 48.1 ओवर में 7 विकेट पर 209 रन बनाकर मैच जीत लिया. इससे पहले भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में नेपाल को 128 रनों पर समेटकर 19.1 ओवर में ही 10 विकेट से मैच जीत लिया. तीसरे मैच में उन्होंने यूएई को 70 रनों से मात दी. पिछले मैच में शतक ठोककर सुर्खियां बटोरने वाले आर्यवीर सहवाग अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में आकर्षण का केंद्र होंगे. पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

आर्यवीर युवा क्रिकेटरों के क्लब में शामिल

मस्कट । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने ओमान में जारी अंडर-19 एशिया कप 2026 में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 168 गेंदों पर 160 रन की आक्रामक पारी खेलकर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। इस यादगार पारी के साथ ही आर्यवीर ने देश के उन शीर्ष युवा बल्लेबाजों के क्लब में पहुंच गये हैं। जिन्होंने एकदिवसीय अंडर-19 क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाये हैं। आर्यवीर अपनी इस 160 रनों की पारी के साथ ही युवा एकदिवसीय क्रिकेटरों के साथ शामिल हो गये हैं। इस श्रेणी में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर अंबाती रायुडू का है। रायुडू ने साल 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 177 रन बनाए थे।

लिंडा नोस्कोवा ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी



डब्ल्यूटीए फाइनल्स

इंडियन वेल्स : विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं, जेसिका पेगुला ने यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक को हराकर अंतिम चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदें कायम रखीं। चेक गणराज्य की आठवीं वरीयता प्राप्त नोस्कोवा ने ग्रुप-1 के मुकाबले में गॉफ को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। उन्होंने गॉफ की कमजोर सर्विस का फायदा उठाते हुए पहले सेट में चार बार उनकी सर्विस तोड़ी और 6-3 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरूआत में भी नोस्कोवा ने निर्णायक ब्रेक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने मैच में अपना नौवां ऐस लगाते हुए मुकाबला समाप्त किया और सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया। जीत के बाद नोस्कोवा ने कहा, ह्लमैं बहुत खुश हूं। इस प्रतियोगिता में हर जीत महत्वपूर्ण है। कोको एक बड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं, इसलिए मुझे आज हर तरह की चुनौती के लिए तैयार रहना था।उन्होंने कहा, कोको के खिलाफ आखिरी अंक तक खेलना होता है, क्योंकि वह अपनी सर्विस और संघर्ष करने की क्षमता से किसी भी समय वापसी कर सकती हैं। मुझे लगा कि मैंने उन पर दबाव बनाने के लिए शानदार खेल दिखाया। नोस्कोवा ने रविवार को अपने शुरूआती ग्रुप मुकाबले में यूक्रेन की कोस्त्युक को भी हराया था। दूसरी ओर, अमेरिका की जेसिका पेगुला ने उतार-चढ़ाव से भरे मुकाबले में कोस्त्युक को 6-2, 7-5 से हराया। इस हार के साथ कोस्त्युक टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। अब ग्रुप-1 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अंतिम खिलाड़ी के लिए कोको गॉफ और पेगुला के बीच मुकाबला होगा। पेगुला को अपने शुरूआती मुकाबले में रविवार को गॉफ के हाथों हार मिली थी।

झारखंड की कुमारी पलक का फिर भारतीय टीम में चयन

अंडर-19 टीम में मिली जगह

संवाददाता



रांची : झारखंड की युवा महिला क्रिकेटर कुमारी पलक ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. रांची जिला क्रिकेट संघ की अंडर-19 महिला खिलाड़ी पलक का चयन भारतीय अंडर-19 बी महिला टीम में किया गया है.वह भारत अंडर-19 ए, भारत अंडर-19 बी और नेपाल अंडर-19 टीम के बीच होने वाली आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलेंगी. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की महिला चयन समिति ने 9 नवंबर 2026 को इस श्रृंखला के लिए दोनों भारतीय टीमों की घोषणा की. इसके बाद झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने भी पलक के चयन पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। पलक के लिए यह लगातार दूसरी बड़ी उपलब्धि है. इससे पहले श्रीलंका महिला टीम के भारत दौरे के लिए घोषित भारतीय अंडर-19 टीम में भी उनका चयन हुआ था. उस दौरे के लिए उन्हें टी-20 और एकदिवसीय, दोनों प्रारूपों की टीम में जगह मिली थी. लगातार दो बार भारतीय अंडर-19 टीम में चयन से पलक ने झारखंड की महिला क्रिकेट में अपनी मजबूत पहचान बनाई है.रांची जिला क्रिकेट संघ की खिलाड़ी पलक का भारतीय टीम तक पहुंचना राज्य के क्रिकेट जगत के लिए खास उपलब्धि है. उनके चयन से परिवार, कोच और स्थानीय क्रिकेट से जुड़े लोगों में खुशी है. सीमित संसाधनों के बीच अभ्यास और लगातार मेहनत के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर तक अपनी जगह बनाई है। जेएससीए ने अपने संदेश में पलक को बधाई देते हुए कहा कि उनका चयन मेहनत, समर्पण और खेल के प्रति जुनून का परिणाम है. संघ ने आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वह अपने प्रदर्शन से झारखंड का नाम रोशन करेंगी।

स्टार्क ने ख्वाजा के दावों को गलत करार दिया, खिलाड़ियों में तल्खी बढ़ी

एजेंसी



सिडनी : पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा सैंडपेपरगेट (गेंद से छेड़छाड़) विवाद के मामले में किये दावों को लेकर अलग-थलग पड़ते जा रहे है। एक के बाद कई दिग्गज क्रिकेटरों ने ख्वाजा के दावों को गलत बताया है। ख्वाजा ने अपनी एक किताब में कहा था कि सभी को इस मामले की जानकारी थी पर तीन खिलाड़ियों को बलि का बकरा बना दिया गय था। वहीं अन्य पूर्व क्रिकेटरों ने कहा है ख्वाजा अपनी किताब की बिक्री के लिए आधारहीन बातें का रहे है।इसी कड़ी में पूर्व बल्लेबाज डेरेन लेहमान के बाद अब तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें ख्वाजा ने कहा था कि 2018 के बहुचर्चित सैंडपेपरगेट विवाद के बारे में पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को जानकारी थी। स्टार्क ने कहा है कि वह 2021 में साथी गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन के साथ जारी किए गए अपने संयुक्त बयान पर बरकरार हैं, जिसमें इस बात से इनकार किया गया था कि गेंदबाजों को मैदान पर गेंद से छेड़छाड़ की जानकारी थी। स्टार्क ने ख्वाजा के इन दावों पर ज्यादा ध्यान न देने की बात कही, लेकिन स्पष्ट किया कि समय के साथ उनकी राय में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि हम यहां क्रिकेट की गर्मियों के लिए आए हैं। मैंने सच में इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है। जाहिर है, लगभग आठ साल पहले इस पर अलग-अलग राय थी। अब, मुझे लगता है, मैं गेंदबाज की तरफ से नहीं बोलूंगा, लेकिन जहां मैं खड़ा हूं, मेरी राय नहीं बदली है। 2021 में हमने जो कहा था, वहीं आज भी कह रहे हैं।

सचिन के 26 ऐतिहासिक बल्ले अब क्रिकेट संग्रहालय में होंगे प्रदर्शित

एजेंसी



मुंबई : भारतीय क्रिकेट की विरासत को सहेजने और खेल के इतिहास को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अपने करियर के कुछ सबसे खास बल्ले और यादगार वस्तुएं मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को भेंट करेंगे। इनमें वे बल्ले भी शामिल हैं, जिनसे उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के 100 शतक लगाए थे। इन सभी वस्तुओं को एमसीए के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। इस विशेष संग्रह का अनावरण 16 नवंबर 2026 को एक समारोह में होगा। यह तारीख सचिन तेंदुलकर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के 13 वर्ष पूरे होने का भी प्रतीक है। उन्होंने 16 नवंबर 2013 को अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना 200वां टेस्ट मैच खेलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। इस अवसर पर संग्रहालय में पहली बार अपनी तरह की एक विशेष प्रदर्शनी बैटोग्राफी शुरू की जाएगी। इसमें तेंदुलकर के करियर के 26 बल्लों के साथ उनसे जुड़ी कई महत्वपूर्ण यादगार वस्तुएं प्रदर्शित होंगी। 'बैटोग्राफी' नाम जीवनी की अवधारणा से प्रेरित है। इसके माध्यम से मास्टर ब्लास्टर के क्रिकेट सफर को उन बल्लों की कहानी के जरिये प्रस्तुत किया जाएगा, जो उनके करियर के ऐतिहासिक और यादगार पलों के साक्षी रहे हैं। प्रत्येक बल्ला उनके शानदार करियर के एक खास अध्याय को दर्शाएगा। इससे क्रिकेट प्रेमियों को उनके रिकॉर्ड और उपलब्धियों के पीछे की कहानी को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। इस पहल पर मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, ह्लसचिन तेंदुलकर का भारतीय और विश्व क्रिकेट में योगदान उनके बनाए रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। उनका सफर करोड़ों क्रिकेट प्रशंसकों की यादों में रचा-बसा है और ये बल्ले उस सफर की सबसे व्यक्तिगत धरोहरों में शामिल हैं। 'बैटोग्राफी' के माध्यम से हम एमसीए संग्रहालय में एक अनूठा आयाम जोड़ रहे हैं। इससे आगंतुक उन उपलब्धियों के पीछे की कहानी को उन्हीं साधनों के जरिये अनुभव कर सकेंगे, जिनसे वे उपलब्धियां हासिल की गईं। हम सचिन के आभारी हैं कि उन्होंने अपनी इन बेशकीमती धरोहरों को एमसीए के साथ साझा करने का निर्णय लिया। इससे यह असाधारण विरासत आने वाली पीढ़ियों के क्रिकेट प्रेमियों के लिए भी सुलभ बनी रहेगी। बल्लों के अलावा सचिन के करियर के महत्वपूर्ण अवसरों और उपलब्धियों से जुड़ी कई अन्य यादगार वस्तुएं भी प्रदर्शनी का हिस्सा होंगी। इनमें हेलमेट, जर्सी, नोट्स सहित अन्य संग्रहणीय वस्तुएं शामिल हैं। संग्रहालय में इसके लिए एक विशेष स्थान तैयार किया गया है, जो तेंदुलकर के असाधारण क्रिकेट सफर को समर्पित होगा। इस प्रदर्शनी के जरिये प्रशंसक उनके करियर के ऐतिहासिक पलों, उपलब्धियों और यादों को फिर से करीब से देख सकेंगे।

बोल्ट को रिलीज कर सकती है मुंबई इंडियंस : चोपड़ा

एजेंसी



मुम्बई : भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीए) के 2027 सीजन से पहले मुंबई इंडियंस की टीम में संभावित बड़े बदलाव हो सकते हैं। इसके तहत ही ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का ट्रेड किया जा सकता है। पांड्या की कप्तानी में पिछले दो सत्रों में टीम को प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इसके साथ ही उनका निजी योगदान भी उम्मीद के अनुसार नहीं रहा। उन्होंने साथ ही पिछले सीजन में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को टीम से रिलीज करने के मुंबई इंडियंस के निर्णय का भी समर्थन किया। चोपड़ा ने कहा कि मुंबई इंडियंस के पास अनुभव और आक्रामक खेल का शानदार मिश्रण है, जिससे उनकी टीम काफी संतुलित दिखती है। उनके मुताबिक, अगर पिछला आईपीएल सीजन टीम की अपेक्षाओं के अनुरूप होता, तो शायद उन्हें किसी बड़े बदलाव की जरूरत महसूस नहीं होती। हालांकि, उन्होंने पांड्या के संभावित ट्रेड को एक महत्वपूर्ण कारक बताया, जो खिलाड़ियों को रिटेन या रिलीज करने संबंधी टीम के फैसलों को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकता है। चोपड़ा ने कहा, अगर पिछले सीजन में सब कुछ योजना के मुताबिक होता, तो टीम को देखकर यही लगता कि बदलाव की क्या जरूरत है? उनके पास संतुलन, अनुभव और आक्रामक खिलाड़ी हैं। तो फिर बदलाव क्यों? शायद उन्हें एक-दो भारतीय स्पिनर या तेज गेंदबाज की जरूरत होती, जिसे वे आसानी से ढूँढ लेते। पर अभी सबसे ज्यादा चर्चा पांड्या के ट्रेड की हो रही है। उन्होंने संकेत दिया कि हार्दिक जैसे दुर्लभ खिलाड़ी के बदले में मुंबई इंडियंस को शायद दो अन्य उपयोगी खिलाड़ी मिल सकते हैं, जिससे टीम की गहराई और बढ़ सकती है।

पाक ने अगले डब्ल्यूटीसी चक्र पर ध्यान देने युवाओं को शामिल किया : बाबर

एजेंसी



लाहौर : पाकिस्तान क्रिकेट टीम का खराब दौर समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। टेस्ट प्रारूप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण प्रबंधन की परेशानी बढ़ गयी है। यहां तक कि टीम मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल की दौड़ से तकरीबन बाहर हो चुकी है। ऐसे में अब पाक टीम ने भविष्य की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के कप्तान बाबर आजम ने भी माना है कि डब्ल्यूटीसी चक्र में पाक की टीम काफी पीछे है और उसे केवल एक जीत मिली है। इससे वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। इससे उसकी फाइनल की उम्मीदें लगभग पूरी तरह से समप्त हो गयी हैं। इसी को देखते हुए पाक टीम में युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिससे अगले चक्र के लिए एक मजबूत टेस्ट इकाई तैयार की जा सके। बाबर ने साफ कर दिया है कि टीम का ध्यान अब पूरी तरह से अगले डब्ल्यूटीसी चक्र पर केंद्रित है। इसी को देखते हुए श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज शुरू की गयी है। उन्होंने बताया कि घरेलू क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आधे दर्जन से अधिक नए और युवा खिलाड़ियों को टीम में जगह दी गई है। टीम प्रबंधन भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है, ताकि आने वाले समय में एक संतुलित और प्रभावी टेस्ट टीम का निर्माण किया जा सके।

मुंबई इंडियंस में अर्शदीप सिंह की एंट्री, हार्दिक पंड्या पंजाब किंग्स से जुड़ेंगे

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

- आईपीएल 2027 से पहले मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच बड़ा ट्रेड
- आकाश अंबानी बोले...अर्शदीप के आने से मजबूत होगी गेंदबाजी, हार्दिक का योगदान यादगार
- कप्तानी के विकल्पों पर विचार करेगी मुंबई इंडियंस, फैसला बाद में



मुंबई : आईपीएल 2027 से पहले मुंबई इंडियंस ने बड़ा बदलाव किया है। स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे, जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अब पंजाब किंग्स की जर्सी में नजर आयेंगे। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को इस ट्रेड की आधिकारिक घोषणा की। अर्शदीप के टीम से जुड़ने पर आकाश अंबानी ने कहा, 'अर्शदीप के आने से हमारी गेंदबाजी को एक नया आयाम मिलेगा। हम हमेशा ऐसी टीम बनाने की कोशिश करते हैं, जिसमें अनुभव, कौशल और जीतने की भूख का सही संतुलन हो। अर्शदीप में ये सभी खूबियां हैं। हम और मुंबई इंडियंस के प्रशंसक यानी टकपलटन, नीली और सुनहरी जर्सी में उनका स्वागत करते हैं।' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहचान बना चुके अर्शदीप अलग-अलग परिस्थितियों और मैच के अहम मौकों पर प्रभावी गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं। उनके आने से मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी को और मजबूती मिलेगी।

हार्दिक की विदाई पर आकाश अंबानी ने कहा, 'हार्दिक के साथ मुंबई इंडियंस की कई खास यादें जुड़ी हैं। हमने उन्हें एक क्रिकेटर के तौर पर आगे बढ़ते, विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाते और फिर टीम की कप्तानी संभालते देखा है। टीम के लिए उनका योगदान, जोश और मैदान पर प्रतिस्पर्धा का जज्बा बेहद अहम रहा है। एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है। मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' हार्दिक ने 2015 में एक युवा क्रिकेटर के तौर पर मुंबई इंडियंस के साथ अपना सफर शुरू किया था। वह टीम के चार आईपीएल खिताबी अभियानों का अहम हिस्सा रहे और 2024 में कप्तान के तौर पर फ्रेंचाइजी में लौटे थे। मुंबई इंडियंस ने उनके योगदान और यादगार पलों के लिए आभार जताया है। इस बीच, मुंबई इंडियंस ने स्पष्ट किया है कि आगामी सीजन के लिए कप्तानी के विभिन्न विकल्पों पर सोच-समझकर विचार किया जायेगा। टीम के कप्तान की घोषणा उचित समय पर की जायेगी।



इंडियन वेल्स में डब्लयूटीए फाइनल्स में रिटर्न शॉट लगाती हुई जैसिका पेगुला।

संक्षिप्त खबर

गैस सिलेंडर की कीमतों में नहीं की बढ़ोतरी



नई दिल्ली। देश में सरकारी तेल कंपनियां ने बुधवार को गैस सिलेंडर की नई कीमतें जारी कर दी हैं। उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और वे जून से स्थिर बनी हुई हैं। दिल्ली में बुधवार को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 942 रुपए पर बनी हुई है। वहीं, कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 1 नवंबर को 10 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी, जिसके बाद यह 2,820 रुपए प्रति सिलेंडर पर है। इसके अलावा, 5 किलोग्राम वाले छोटू सिलेंडर की कीमत 349 रुपए है। मुंबई में घरेलू सिलेंडर 941.50 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर 2,774.50 रुपए में मिल रहा है, जबकि कोलकाता में घरेलू सिलेंडर 968 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर 2,964 रुपए का है।

बल्क ड्रग उत्पादन को मिलेगा 7000 करोड़ का नया बूस्टर डोज

नई दिल्ली । देश में दवाओं के मुख्य रासायनिक घटकों (बल्क-ड्रग) के उत्पादन को अभूतपूर्व बढ़ावा देने के लिए सरकार 7,000 करोड़ रुपये की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार कर रही है। इसका लक्ष्य भारत को इन महत्वपूर्ण घटकों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना और आयात पर निर्भरता को कम करना है, विशेषकर ऐसे समय में जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं संवेदनशील बनी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्तावित योजना में से 5,000 करोड़ रुपये उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) के लिए आवंटित किए जाएंगे, जबकि शेष 2,000 करोड़ रुपये अनुसंधान एवं विकास (आरऐंडडी), साझा बुनियादी ढांचे और पूंजीगत सब्सिडी पर खर्च होंगे। यह योजना 52 अणु समूहों या मॉलिक्यूल सेट पर केंद्रित होगी, जिसमें 300 से अधिक मध्यवर्ती और अनुगामी सक्रिय दवा तत्त्व (एपीआई) की मूल्य श्रृंखला शामिल होगी। एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में, यह नए निवेश के साथ-साथ मौजूदा विनिर्माण इकाइयों को भी अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देगी, और सभी छह प्रोत्साहन वर्षों के लिए एक समान उत्पादन प्रोत्साहन दर लागू होगी। प्रस्तावित योजना में आठ वर्ष की खर्च समय-सीमा की परिकल्पना की गई है, जो मौजूदा योजना के छह वर्षों से अधिक है। यह लंबी अवधि निमार्ताओं को उत्पादन में होने वाले उतार-चढ़ाव को संभालने और अधिक लचीलापन प्रदान करेगी। अधिकारियों ने बताया कि यह व्यापक योजना दीर्घकालिक क्षमता निर्माण, आरऐंडडी और शिक्षा जगत तथा उद्योग के बीच साझेदारी पर अधिक जोर देगी।

फॉरेक्स मार्केट में भारतीय मुद्रा की बढ़त जारी

नयी दिल्ली : घरेलू विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार (फॉरेक्स मार्केट) में आज शुरूआती कारोबार के दौरान भारतीय रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शानदार मजबूती दर्ज की है। घरेलू शेयर बाजार में आई तूफानी तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से मिल रहे मजबूत सपोर्ट के दम पर भारतीय करेंसी में यह उछाल देखने को मिल रहा है। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद भारतीय रुपया पिछले बंद भाव 93.9400 के मुकाबले 0.2525 रुपये यानी 0.27 प्रतिशत मजबूत होकर 93.6875 प्रति डॉलर के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। आज सुबह इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय रुपया 21 पैसे की अच्छी बढ़त के साथ 93.73 प्रति डॉलर के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही आयातकों की सामान्य डॉलर मांग के चलते रुपया एक समय फिसल कर 93.8825 के निचले स्तर तक भी गया। लेकिन इसके तुरंत बाद विदेशी फंड्स की ओर से इक्विटी मार्केट में लगातार हो रहे डॉलर के इनफ्लो से रुपये ने शानदार वापसी की और यह मजबूत होकर 93.67 के इंट्रा-डे उच्च स्तर तक पहुंच गया।

भारत की बेरोजगारी दर घटकर 5.1फीसदी पर पहुंची

गांवों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में बेरोजगारी की स्थिति में सुधार हो रहा है। हाल ही में जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जुलाई से सितंबर 2026 की तिमाही में भारत की बेरोजगारी दर घटकर 5.1फीसदी रह गई है, जो पिछली अप्रैल-जून तिमाही में 5.4फीसदी थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पीएलएफएस के आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय कमी आई है, जो 4.8फीसदी से घटकर 4.3फीसदी हो गई है। यह दशार्ता है कि गांवों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो 6.7फीसदी से बढ़कर 6.8फीसदी पर पहुंच गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक



जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान देश में 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के करीब 57.9 करोड़ लोग रोजगार में थे। इनमें से करीब 40.5 करोड़ पुरुष और करीब 17.4 करोड़ महिलाएं शामिल थीं। एक सकारात्मक रुझान यह भी है कि महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर बढ़कर 34.7फीसदी हो गई है, जो अप्रैल-जून में 33.2फीसदी थी। महिलाओं की रोजगार दर में भी वृद्धि हुई है, जो 31.3फीसदी से बढ़कर 32.8फीसदी हो गई है, जो देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम है। बेरोजगारी में इस गिरावट के पीछे कई कारक

शहरी क्षेत्रों में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई

जिम्मेदार हैं। सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेती से जुड़े काम करने वाले लोगों का अनुपात बढ़ा है। अप्रैल-जून 2026 में ग्रामीण कामगारों में कृषि से जुड़े लोगों का हिस्सा 52.9फीसदी था, जो जुलाई-सितंबर में बढ़कर 56.7फीसदी हो गया। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार करने वाले लोगों का हिस्सा भी 61.4फीसदी से बढ़कर 62.7फीसदी हो गया है। यह दशार्ता है कि गांवों में बड़ी संख्या में लोग खेती और खुद का काम करके रोजगार हासिल कर रहे हैं, जिससे समग्र बेरोजगारी दर में कमी आई है।

कमोडिटी मार्केट में सोना-चांदी और क्रूड में तेजी का रुख

नयी दिल्ली। घरेलू कमोडिटी मार्केट (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज-एमसीएक्स) में आज शुरूआती सत्र के दौरान शानदार तेजी का माहौल बना हुआ है। भाई दूज के मौके पर आज सराफा बाजार में हाजिर सोने के भाव में गिरावट का रुख बनने के बावजूद कमोडिटी मार्केट में सोना और चांदी दोनों कीमती धातुएं हरे निशान में कारोबार कर रही हैं। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में भी हल्की रिकवरी दर्ज की गई है।



दूसरी ओर, औद्योगिक धातुओं यानी बेस मेटल सेगमेंट में आज मिला-जुला रुख देखने को मिल रहा है। सराफा बाजार की बात करें तो आज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया है। शुरूआती कारोबार के बाद सुबह 11 बजे तक सोना वायदा 1,365 रुपये यानी लगभग 1 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,41,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता हुआ देखा गया। इसी तरह चांदी के भाव में भी जोरदार तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल चांदी वायदा 4,925 रुपये यानी 2.70 प्रतिशत की बड़ी छलांग लगा कर 1,87,501 रुपये प्रति किलोग्राम के दिन के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया है।

होम लोन, पर्सनल लोन और अन्य प्रकार के ऋण होगा महंगे

एचडीएफसी बैंक ने की एमसीएलआर की दरें बढ़ाने की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने अपनी मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट में बढ़ोतरी की घोषणा की है, जिससे बैंक से जुड़े होम लोन, पर्सनल लोन और अन्य प्रकार के ऋण अब महंगे हो जाएंगे। यह वृद्धि 7 नवंबर से प्रभावी हो चुकी है। बैंक ने अलग-अलग अवधियों के लिए एमसीएलआर में 5 से 15 बेसिस प्वाइंट तक की बढ़ोतरी की है। इस बदलाव के बाद, एचडीएफसी बैंक की नई एमसीएलआर दरें अब 7.85फीसदी से बढ़कर 8.70फीसदी के दायरे में आ गई हैं, जो पहले 7.75फीसदी से



8.55फीसदी के बीच थीं। उदाहरण के लिए ओवरनाइट दर में 5 बीपीएस की वृद्धि हुई है, जबकि 1 साल, 2 साल और 3 साल की अवधि के लिए दरें 15 बीपीएस तक बढ़ी हैं। एमसीएलआर वह न्यूनतम ब्याज दर होती है जिससे कम पर कोई भी बैंक किसी ग्राहक को ऋण नहीं दे सकता। यह बैंकों के लिए ऋण देने की एक आधार दर होती है।

दिग्गज वैश्विक बैंक बांग्लादेश से समेट रहे अपना रिटेल कारोबार

ढाका। एचएसबीसी के बाद अब स्टैंडर्ड चार्टर्ड जैसे दिग्गज वैश्विक बैंकों ने बांग्लादेश से अपना रिटेल कारोबार समेटने का फैसला लिया है। यह कदम देश के बैंकिंग क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है, जहां विदेशी बैंक छोटे ऋण और क्रेडिट कार्ड जैसे उच्च-लागत, कम-लाभ वाले व्यवसायों से पीछे हट रहे हैं। बांग्लादेश का बैंकिंग सेक्टर इस समय गहरे संकट से जूझ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह क्षेत्र नॉन-परफॉर्मिंग लोन (एनपीए), पूंजी की कमी, कमजोर कॉर्पोरेट गवर्नेंस और कई अनियमितताओं की समस्याओं से घिरा हुआ है। साल 2026 में देश के कुल बैंकिंग ऋणों का करीब एक-तिहाई हिस्सा नॉन-परफॉर्मिंग लोन बन चुका है, जिसका अर्थ है कि बैंकों द्वारा दिया गया लगभग 33फीसदी कर्ज वापस मिलने की



देश में बैंकिंग ऋणों का करीब एक-तिहाई हिस्सा नॉन-परफॉर्मिंग लोन बन चुका

कगार पर नहीं है। देश के बैंकिंग सिस्टम में राजनीतिक प्रभाव में बांटे गए असुरक्षित लोन, भाई-भतीजावाद और बड़े डिफाल्टरों पर सख्त कार्रवाई न होने जैसे मामलों के कारण विश्वसनीयता में कमी आई है।

एक नजर

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

नयी दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान महंगाई के ऊंचे आंकड़ों के कारण गिरावट के साथ बंद हुए थे। हालांकि, डाउ जोन्स फ्यूचर्स आज सुबह



मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान भी मिला-जुला कारोबार होता हुआ दिखाई दिया। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है, जिसमें ज्यादातर प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में काम कर रहे हैं। भारतीय बाजार के लिए शुरूआती संकेत देने वाला गिफ्ट निफ्टी भी आज सुबह अच्छी बढ़त दिखा रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट पर बिकवाली का दबाव रहा। अमेरिका में महंगाई के आंकड़े उम्मीद से ज्यादा रहे। इससे फेडरल रिजर्व द्वारा अगले महीने ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने और सख्त रुख अपनाने की चिंता बढ़ गई।

ईंधन की कीमतों में गिरावट, भारत में नहीं आया बदलाव

मुम्बई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में जमकर गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल के बेहद करीब आ गया है, जिससे दुनिया भर में पेट्रोल की



औसत कीमतें 150 रुपये प्रति लीटर से नीचे आ गई हैं। वहीं इसके विपरीत डीजल की कीमतों में बढ़त आई है। दूसरी ओर भारत की बात करें तो कीमतों में बदलाव नहीं आया है। आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया में पेट्रोल की औसत कीमत जहां 150 रुपये प्रति लीटर से नीचे आ गई है, वहीं डीजल की औसत कीमत 158.73 रुपये से बढ़कर 159.05 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके मुकाबले, भारत में पेट्रोल का औसत रेट लगभग 108 रुपये प्रति लीटर और डीजल का 98.10 रुपये प्रति लीटर है। दुनिया भर के विभिन्न देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी अंतर देखने को मिलता है। वेनेजुएला में एक लीटर डीजल लगभग 40 पैसे और पेट्रोल 3.31 रुपये में उपलब्ध है।

सेंसी के साइलेंट इन्वर्टर जनरेटर एवं पंप सेट की भव्य लॉन्चिंग

भारत मशीनरी ने किया आधिकारिक उद्घाटन

संवाददाता

रांची : राजधानी रांची में आधुनिक तकनीक से लैस मशीनरी उत्पादों की नई श्रृंखला पेश करते हुए भारत मशीनरी ने प्रतिष्ठित कंपनी सेंसी के साइलेंट इन्वर्टर जनरेटर एवं पंप सेट की भव्य लॉन्चिंग प्यादा टोली, बॉम्बे मेडिकल के पास, महावीर चौक, अपर बाजार, रांची मे की। इस अवसर पर भारत मशीनरी के संचालक मुनेश कुमार ने यह जानकारी दी व आयोजित समारोह में कंपनी के नए उत्पादों को आधिकारिक रूप से बाजार में उतारा गया। कार्यक्रम का आयोजन रांची के अपर बाजार स्थित भारत मशीनरी के प्रतिष्ठान में



किया गया। भारत मशीनरी, सेंसी कंपनी के इन उत्पादों का इम्पोर्टर है। इस लॉन्चिंग के माध्यम से रांची और आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को जनरेटर एवं पंप सेट की आधुनिक रेंज से परिचित कराया गया। लॉन्च किए गए उत्पादों में सेंसी के साइलेंट इन्वर्टर जनरेटर और विभिन्न पंप सेट प्रमुख रूप से शामिल हैं। आधुनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए ये उत्पाद मशीनरी बाजार में ग्राहकों के लिए एक नया विकल्प उपलब्ध कराएंगे। भारत मशीनरी की इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों तक आधुनिक तकनीक से युक्त मशीनरी उत्पादों को पहुंचाना और उन्हें बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना है। इस लॉन्चिंग से रांची एवं आसपास के क्षेत्रों में सेंसी उत्पादों की उपलब्धता बढ़ेगी और ग्राहकों को इन उत्पादों की खरीद एवं जानकारी के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधा मिलेगी।

भाई दूज के दिन फीकी पड़ी सोने की चमक

नई दिल्ली। घरेलू सराफा बाजार में आज भाई दूज के दिन सोने के भाव में कमजोरी नजर आ रही है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सराफा बाजार में सोना आज 1,770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,960 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 450 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 490 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह चमकीली धातु आज भी सोमवार के भाव पर ही कारोबार कर रही है।

पेज एक के शेष

500 करोड़ रुपये से होगी नौसेना के युद्धपोत बेतवा की मरम्मत, बढ़ेगी युद्धक क्षमता...

कम्पार्टमेंट में पानी भरकर और पम्प करके सीधा किया। तीन नेवी ऑफिसर्स का कोर्ट मार्शल किया गया और उन्हें लापरवाही का दोषी पाया गया। इसके बाद 10 जनवरी, 2021 को जहाज पर एक 22 साल के नाविक की गोली लगने से मौत हो गयी, कथित तौर पर यह सुसाइड था। इस जहाज ने मई, 2021 में साइक्लोन 'तौकते' के बाद सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में हिस्सा लिया था।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान, डीजीपी से मांगी जांच रिपोर्ट...

आरोप लगाये और न्याय की मांग की। आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि परिजनों की बातों को गम्भीरता से सुना गया है। आयोग आगे होनेवाली कार्रवाई पर लगातार नजर रखेगा।

विजया राहटकर ने झारखंड के अधिकारियों के रवैये पर भी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि गुमला दौरे के दौरान वहां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और उपायुक्त (डीसी) से मुलाकात नहीं हो सकी। वहीं, रांची में भी आयोग की ओर से अधिकारियों के साथ बैठक निर्धारित की गयी थी, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने मुलाकात के लिए समय नहीं दिया। उन्होंने बताया कि डीजीपी से मिलने का भी प्रयास किया गया, लेकिन उनके साथ भी बैठक नहीं हो पायी।

विजया राहटकर ने कहा कि वह दो बार झारखंड का दौरा कर चुकी हैं, लेकिन महिलाओं के उत्पीड़न से जुड़े गंभीर मुद्दों पर चर्चा के लिए किसी अधिकारी ने समय नहीं दिया। मुख्यमंत्री से भी मुलाकात का समय मांगा गया था, लेकिन वहां से भी कोई समय नहीं मिला।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य में महिलाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं और उन्हें न्याय की जरूरत है, तो ऐसे मामलों में उनके साथ कौन खड़ा होगा। महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर अधिकारियों का गम्भीर और जवाबदेह होना जरूरी है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने बताया कि निशा भगत की मौत के मामले के अलावा झारखंड की 536 अन्य महिलाओं से जुड़े उत्पीड़न के मामले भी आयोग के संज्ञान में आये हैं। इन मामलों पर भी राज्य सरकार की ओर से अब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं को न्याय दिलाना आयोग की प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत को नजरअंदाज नहीं किया जायेगा। आयोग सभी मामलों में सम्बन्धित विभागों से जवाबदेही सुनिश्चित करने और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठायेगा।

निशा भगत मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश के सम्बन्ध में पूछे गये सवाल पर विजया राहटकर ने कहा कि सीबीआई जांच की अनुशंसा कर देने मात्र से राज्य सरकार की जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती। स्थानीय पुलिस ने अब तक मामले में जो जांच की है और जो भी तथ्य एवं साक्ष्य जुटाये हैं, उनकी पूरी जानकारी सीबीआई को उपलब्ध कराना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जांच की प्रक्रिया में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। स्थानीय पुलिस की ओर से जुटाये गये तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर सीबीआई को जांच आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दिलाने का रास्ता साफ होगा। राष्ट्रीय महिला आयोग इस पूरे मामले की निगरानी करता रहेगा।

विजया किशोर राहटकर ने कहा कि किसी भी लड़की को उत्पीड़न के कारण इस तरह अपनी जान गंवानी पड़े, यह समाज और प्रशासन दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए सरकार, पुलिस तथा प्रशासन को अपनी जिम्मेदारियों का पूरी गम्भीरता से निर्वहन करना चाहिए।

इससे पूर्व झारखंड दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहटकर ने रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने निशा भगत की मौत को बेहद दुखद बताते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसी मामले की वास्तविक स्थिति जानने और पीड़ित परिवार से मिलने के उद्देश्य से वह झारखंड पहुंची हैं।

प्रधानमंत्री मोदी का 13-14 नवम्बर को दो राज्यों का दौरा...

में प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे और सभा को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर वह स्वर्ण जयंती प्रशासनिक भवन की आधारशिला रखेंगे तथा केरल के तिरुवनंतपुरम में एस-व्यासा के नए परिसर का शुभारम्भ करेंगे।

इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर करीब 12:45 बजे तवरेकेरे से आईआईएम बेंगलुरु मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो यात्रा करेंगे और बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन करेंगे। करीब 1:15 बजे वह 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे तथा जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

औद्योगिक कचरे से निर्माण सामग्री तैयार करने को भारत-नॉर्वे विकसित करेंगे तकनीक...

प्रमुख स्थान दिया गया है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीएसआईआर मुख्यालय के आईएसटीएडी प्रमुख डॉ. रमा स्वामी बंसल, नयी दिल्ली स्थित रॉयल नॉर्वेजियन दूतावास के डॉ. अरविन गाडगिल, एसआईएनटीईएफ के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. कारी हेल्गे कार्स्टेंसन और सीएसआईआर-सीबीआरआई के निदेशक प्रो. आर. प्रदीप कुमार सहित कई विशेषज्ञों ने विचार रखे।

प्रो. आर. प्रदीप कुमार ने रैखिक अर्थव्यवस्था से चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि निर्माण और औद्योगिक कचरे को मूल्यवान संसाधनों में बदलना समय की मांग है। संवाद में निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) कचरे, स्टील स्लैग, फ्लाई ऐश, रेड मड और अन्य औद्योगिक अवशेषों के उपयोग पर चर्चा की गयी। इनके प्रसंस्करण, मानकीकरण, आर्थिक व्यवहार्यता और बाजार में स्वीकार्यता से जुड़ी चुनौतियों पर भी विचार हुआ।

सीएसआईआर-सीआरआरआई और सीएसआईआर-एएमपीआरआई के शोध प्रयासों में फ्लाई ऐश, कॉपर स्लैग, रेड मड, प्लास्टिक कचरे, स्टील ग्रिट और अन्य औद्योगिक उप-उत्पादों के सड़क निर्माण, जियोपॉलिमर कंक्रीट, विशेष एग्रीगेट और मूल्यवर्धित निर्माण उत्पादों में उपयोग की सम्भावनाएं प्रस्तुत की गयी।

सीएंडडी कचरे के पुनर्चक्रण पर आयोजित सत्र में पुनर्चक्रित एग्रीगेट से निर्माण उत्पाद तैयार करने, मोबाइल रीसाइक्लिंग इकाइयों और अशुद्धियों को हटाने की बेहतर तकनीकों पर चर्चा हुई।

सीएसआईआर-सीबीआरआई के प्रो. एसके सिंह ने निर्माण क्षेत्र में स्लैग और अन्य औद्योगिक उप-उत्पादों के टिकाऊ उपयोग पर प्रस्तुति दी। संवाद में भविष्य के सहयोग के लिए दो से तीन संयुक्त भारत-नॉर्वे शोध प्रस्ताव तैयार करने, खतरनाक कचरे के उपचार के लिए पायलट परियोजनाएं शुरू करने, डीडीटी और पीसीबी से दूषित कचरे के निपटान संबंधी तकनीकी दिशा-निर्देश विकसित करने तथा उद्योग-अकादमिक साझेदारी मजबूत करने जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गयी।

कार्यक्रम का समापन दोनों देशों के बीच शोध और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने, चक्रीय निर्माण पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा सीमेंट एवं निर्माण क्षेत्र को अधिक टिकाऊ और संसाधन-कुशल बनाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

राष्ट्रपति ने जमशेदपुर को किया राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित, स्वच्छता में फिर लहराया परचम...

इस प्रतिष्ठित समारोह में जमशेदपुर को सम्मान मिलना शहर की स्वच्छता व्यवस्था और निरंतर प्रयासों की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

सम्मान समारोह में झारखंड की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, रवऊअ के निदेशक सूरज कुमार, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के नगर आयुक्त योगेन्द्र प्रसाद तथा टाटा स्टीलयूआईएसएल के जनरल मैनेजर (टाउन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) रवीन्द्र कुमार सिंह ने प्रतिनिधित्व किया।

जमशेदपुर की इस उपलब्धि के पीछे स्वच्छता के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता, आधुनिक तकनीक, प्रभावी निगरानी व्यवस्था और शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी की अहम भूमिका रही है। शहर में घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरे का पृथक्करण, आधुनिक अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) और जैविक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जा रहा है।

इसके अलावा आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल) केन्द्रों की स्थापना तथा विभिन्न जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन प्रयासों से शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी और टिकाऊ बनाने में मदद मिली है।

जमशेदपुर को मिला यह सम्मान केवल एक सर्वेक्षण में मिली सफलता नहीं, बल्कि स्वच्छ, सुन्दर और सतत शहर के निर्माण की दिशा में किये जा रहे सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस उपलब्धि में सफाई कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न संस्थानों और जागरूक नागरिकों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। जमशेदपुर की यह सफलता स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रबंधन और जनभागीदारी की मिसाल पेश करती है।

उर्वरक सब्सिडी, ऋण गारंटी और स्टैंडअप योजना को जारी रखेगी सरकार...

जन धन योजना खातों के तहत बैंकों द्वारा प्रदान किये गये 10,000 रुपये तक के ओवरड्राफ्ट और स्वयं सहायता समूहों को दिये गये ऋण (जिनका पोर्टफोलियो 10 लाख से 20 लाख के बीच है) की सुविधा देता है।

स्टैंड-अप इंडिया योजना का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में अतिरिक्त 2.5 लाख उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। योजना महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देगी। इसका उद्देश्य अतिरिक्त 2.5 लाख उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। ऋण मिश्रित (कार्यशील पूंजी और सावधि ऋण) या सावधि ऋण के रूप में 10.00 लाख रुपये से अधिक और 1.00 करोड़ रुपये तक (परियोजना लागत के 85% तक) की राशि के लिए उपलब्ध होगा।

नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक एक्वा लाइन मेट्रो के विस्तार को मंजूरी, 2,390 करोड़ रुपये होंगे खर्च...

कि इस मेट्रो कॉरिडोर से क्षेत्र में स्थापित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योगों और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) को बेहतर सम्पर्क सुविधा मिलेगी। इससे आसपास के वाणिज्यिक केन्द्रों, शैक्षणिक संस्थानों और आवासीय क्षेत्रों तक पहुंच भी आसान होगी।

प्रस्तावित कॉरिडोर में पार्थला चौक, गौर चौक, एक मूर्ति चौक सहित पांच प्रमुख स्थानों पर स्टेशन बनाये जायेंगे। इससे इन चौराहों पर लगने वाले यातायात जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। क्षेत्र में कई बड़ी कम्पनियों और कार्यालयों के साथ मीडिया संस्थान भी स्थित हैं। मेट्रो विस्तार से यहां काम करने वाले कर्मचारियों और रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों को लाभ होगा।

परियोजना के तहत नोएडा सेक्टर-61 पर ब्लू लाइन मेट्रो के साथ इंटरचेंज की सुविधा मिलेगी। इससे यात्रियों को दिल्ली और एनसीआर के अन्य हिस्सों तक पहुंचने में सहूलियत होगी। इस कॉरिडोर से गौर सिटी मॉल, एचएंडएस मॉल, ब्लू सफायर मॉल, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 के व्यावसायिक केन्द्रों और नोएडा सेक्टर-51 स्थित आईकेईए सहित प्रमुख वाणिज्यिक स्थलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

इसके अलावा टेक महिंद्रा, टीसीएल टेक और ऑयल इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड जैसे प्रमुख संस्थानों, दिल्ली पब्लिक स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थानों तथा कैलाश अस्पताल, क्लाउडनाइन अस्पताल और रामा अस्पताल जैसे स्वास्थ्य केन्द्रों तक पहुंच आसान होगी। नोएडा सेक्टर-122 की क्लियो काउंटी और ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी-1 एवं गौर सिटी-2 जैसी आवासीय सोसायटियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार से सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा और यात्रा समय में कमी आयेगी। इससे सड़क सुरक्षा में सुधार के साथ-साथ पारंपरिक ईंधन से चलने वाले वाहनों के मुकाबले कार्बन उत्सर्जन घटाने में भी मदद मिलेगी। बेहतर परिवहन संपर्क से स्थानीय कारोबार, निवेश और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान मेट्रो बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ा है। इससे मध्यम वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, युवाओं और महिलाओं को सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन का विकल्प उपलब्ध हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस विस्तार से रोजगार, कारोबार, शिक्षा और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए आवागमन करने वाले लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। साथ ही, दिल्ली हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक पहुंच भी सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

एक झलक

03 तेल टैकर माइंस से टकराने पर फटे

तेहरान : ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स ने बताया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तीन तेल टैंकरों को माइंस से टकराने के बाद नुकसान पहुंचा है। इस इलाके में ईरान अक्सर उन जहाजों को निशाना बनाता है जो उसकी इजाजत के बिना वहां से गुजरते हैं। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात की सरकारी तेल कंपनी आईआरजीसी ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में यूएई के समुद्री इलाके के भीतर दोपहर के समय उसके एक जहाज पर हमला हुआ, जिससे उसे नुकसान पहुंचा है। ओमान के तट के पास व होर्मुज स्ट्रेट के निकट एक तेल टैंकर पर किसी अज्ञात वस्तु से हमला हुआ है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या इनमें से कोई घटना उन जहाजों से जुड़ी है, जिनका जिक्र तेहरान ने किया था।

हेगसेथ को हटाने का प्रस्ताव खारिज

वॉशिंगटन : अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को पद से हटाने के लिए लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को फिलहाल रोक दिया है। सदन के ज्यादातर सदस्यों ने मंगलवार को इस प्रस्ताव को रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाली न्यायपालिका समिति के पास भेजने के पक्ष में वोट दिया। इससे प्रस्ताव पर आगे की कार्रवाई फिलहाल रुक गई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रस्ताव खारिज होने पर खुशी जताई। केंटकी से रिपब्लिकन सांसद थॉमस मैसी ने सोमवार को हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग के 8 आरोपों वाला प्रस्ताव पेश किया था। आरोप था कि हेथसेग ने अमेरिकी संसद की मंजूरी के बिना ईरान के खिलाफ 90 दिनों से ज्यादा समय तक युद्ध चलाया। उन पर ड्रग्स तस्करी के शक में नावों पर अमेरिकी हमलों के दौरान बिना कानूनी प्रक्रिया के लोगों की हत्या कराने का भी आरोप लगाया गया था।

यूरोप में हमलों की साजिश रच रहे थे 03 आतंकी

वॉशिंगटन : ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस पर ईंधन से भरी वैन के जरिए हमले की साजिश रचने का मामला सामने आया है। अमेरिकी जांच एजेंसियों के मुताबिक, इस साजिश के पीछे तीन लोग थे। इनमें से एक आरोपी न्यूयॉर्क की जेल में बंद था। वह जेल से ही कोड भाषा में अपने साथियों को संदेश भेज रहा था। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि इन लोगों ने अमेरिका और यूरोप में करीब 20 हमलों की योजना बनाई थी। अमेरिका के न्याय विभाग ने 10 नवंबर को इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोप तय किए। आरोपियों के नाम मोहम्मद बाकिर साद दाऊद अल-असादी, मोहसिन मोहाजेरी और मोहम्मद अली अल-हसानी हैं। जांच एजेंसियों के मुताबिक, इन लोगों ने ब्रिटेन के सैन्य एयरबेस की रेकी कराई और वहां हमले की तैयारी की।

कांगो में 66 फौजियों को मौत की सजा

किंशासा : युद्ध के मैदान में दुश्मन से मुकाबला करने के बजाय अगर कोई सैनिक अपनी पोस्ट छोडकर भाग जाए तो उसे क्या सजा मिलनी चाहिए? अफ्रीकी देश कांगो में सेना ने इस सवाल का बेहद सख्त जवाब दिया है। यहां लड़ाई के दौरान मोर्चा छोडकर भागने और आदेशों का पालन नहीं करने के आरोप में 66 सैनिकों को मौत की सजा सुनाई गई है।
इस फैसले ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इन सैनिकों पर ऐसे समय में कार्रवाई हुई है, जब कांगो का पूर्वी इलाका लंबे समय से विद्रोही संगठनों के साथ संघर्ष का सामना कर रहा है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक, उत्तरी किवू प्रांत के वालिकेल में 71 सैनिकों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया था। इन पर आरोप था कि विद्रोही संगठन एफआरएन के लड़ाकों के साथ मुठभेड़ के दौरान इन्होंने अपनी तैनाती वाली जगह छोड़ दी और मैदान से भाग गए। सैनिकों पर कायरता दिखाने, विद्रोह करने और सेना के आदेशों का पालन नहीं करने जैसे आरोप लगाए गए।

मोदी सरकार ने जनजातीय समाज को देश की गौरवशाली विरासत के रूप में पहचान दिलायी

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देशभर में बुधवार से १८ नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस के तहत कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। भाजपा के इस विशेष आयोजन में बारे में भाजपा के महामंत्री गजेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में 11 नवंबर से 18 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों, उनके उत्थान और विकास के साथ ही उनके जीवन में आए सुखद परिवर्तन की यात्रा से लोगों को अवगत कराया जाएगा। भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में गजेंद्र पटेल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातु गांव में हुआ था। उनका जीवन, संघर्ष और बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 में 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि इसी अवसर पर भोपाल में पहले जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान एवं संग्रहालय का लोकार्पण किया गया। साथ ही, हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर आदिवासी



क्रांतिवीर रानी कमलापति के नाम पर रखा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सम्मान, स्वाभिमान और सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं एवं महत्वपूर्ण पहल की गई हैं, जिन्होंने आदिवासी समाज के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में वर्ष 1999 में पहली बार अलग जनजातीय मंत्रालय का गठन किया गया। वर्ष 2000 में झारखंड और छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का दर्जा दिया गया। इसी क्रम में संथाली और बोडो जैसी जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया।
गजेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज को राष्ट्रीय पहचान, सम्मान और गौरव दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई हैं। लंबे समय तक देश में जनजातीय समाज को केवल वोटबैंक की राजनीति के नजरिये से देखा गया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने का काम किया है। पटेल ने कहा कि विपक्ष ने लंबे समय तक जनजातीय समाज को केवल वोटबैंक की राजनीति तक सीमित रखा। कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में न तो जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया और न ही अलग जनजातीय मंत्रालय का गठन किया। जनजातीय समाज के महान स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों और समाज सुधारकों के योगदान को वह सम्मान और पहचान नहीं मिल सकी, जिसके वे वास्तविक हकदार थे। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के इतिहास और विरासत को देश की राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष और बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का गौरवशाली अध्याय है। इसी तरह तिलका मांझी, सिद्धो-कान्हू और गोविंद गुरु जैसे महान जनजातीय नायकों ने अंग्रेजी शासन और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए देश की आजादी और समाज के अधिकारों के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

सुपर स्वच्छ लीग में तीन शहरों ने मारी बाजी

एजेंसी

नयी दिल्ली : स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने सुपर स्वच्छ लीग में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को यहां आयोजित समारोह में विभिन्न श्रेणियों के विजेता शहरों और नगर निकायों को सम्मानित किया। इस वर्ष स्वच्छ शहर जोड़ी, पांच जनसंख्या श्रेणियों, नदी तटवर्ती, तटीय और हिमालयी शहरों तथा राज्यों के सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहरों सहित विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वच्छ शहर जोड़ी पुरस्कार में गुजरात के अहमदाबाद और सानंद की जोड़ी ने पहला स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के इंदौर और देपालपुर की जोड़ी दूसरे तथा आंध्र प्रदेश के तिरुपति और कुप्पम की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। इस श्रेणी के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मार्गदर्शक शहरों और उनसे जुड़े शहरों को साझा प्रयासों तथा अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए सम्मानित किया गया। सुपर स्वच्छ लीग में नवी मुंबई, सूरत और विजयवाड़ा क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। यह श्रेणी स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों के लिए निर्धारित की गई है। जनसंख्या के आधार पर पांच श्रेणियों में भी शहरों को सम्मानित किया गया। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में आंध्र प्रदेश का विशाखापत्तनम नगर निगम पहले, मध्य प्रदेश का जबलपुर दूसरे और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तीसरे स्थान पर रही। तीन लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में मध्य प्रदेश के उज्जैन ने पहला, चंडीगढ़ ने दूसरा और आंध्र प्रदेश के गुंटूर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 50 हजार से तीन लाख की आबादी वाले शहरों में मध्य प्रदेश का देवास पहले, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) दूसरे और मध्य प्रदेश का सागर तीसरे स्थान पर रहा। 20 हजार से 50 हजार की आबादी वाले शहरों में महाराष्ट्र के वीटा ने पहला, ओडिशा के अस्का ने दूसरा और गोवा के पणजी ने तीसरा स्थान हासिल किया। 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में छत्तीसगढ़ का बिल्हा पहले, महाराष्ट्र का पंचगनी दूसरे और मध्य प्रदेश का बुधनी तीसरे स्थान पर रहा। विशेष भौगोलिक श्रेणियों में नदी तटवर्ती शहरों के पुरस्कार में मध्य प्रदेश के रीवा ने पहला, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने दूसरा और उत्तर प्रदेश के वाराणसी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तटीय शहरों की श्रेणी में ओडिशा का पुरी पहले, केरलम का अलप्पुझा दूसरे और महाराष्ट्र का रत्नागिरी तीसरे स्थान पर रहा। हिमालयी शहरों की श्रेणी में उत्तराखंड का रुद्रपुर पहले, जम्मू-कश्मीर का जम्मू दूसरे और शोपियां तीसरे स्थान पर रहा।
समारोह में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरों को भी 'स्टेट फर्स्ट स्वच्छ सिटी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस श्रेणी में आंध्र प्रदेश से राजमहेंद्रवरम, अरुणाचल प्रदेश से जयरामपुर, असम से गुवाहाटी, बिहार से पटना, छत्तीसगढ़ से रायपुर, गोवा से संक्वेलिम, गुजरात से वापी, हरियाणा से करनाल, हिमाचल प्रदेश से थियोग, झारखंड से जमशेदपुर, कर्नाटक से मैसूर, केरलम से मट्टन्नूर, मध्य प्रदेश से ग्वालियर, महाराष्ट्र से पिंपरी-चिंचवड़, मणिपुर से जिरीबाम, मेघालय से विलियमनगर, मिजोरम से आइजोल, नगालैंड से लोंगलेंग, ओडिशा से भुवनेश्वर, पंजाब से आनंदपुर साहिब, राजस्थान से जयपुर, सिक्किम से मंगन, तमिलनाडु से तेनी अलिनगरम, तेलंगाना से ग्रेटर हैदराबाद, त्रिपुरा से खोवाई, उत्तर प्रदेश से गाजियाबाद, उत्तराखंड से काशीपुर और पश्चिम बंगाल से तारकेश्वर को पुरस्कार मिला।



स्वच्छ सर्वेक्षण में मध्य प्रदेश के नौ शहरों को राष्ट्रीय सम्मान

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में मध्य प्रदेश ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष प्रदेश के नौ शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह देश के किसी भी राज्य के लिए सर्वाधिक संख्या है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर, देवास, बुदनी और देपालपुर को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, आयुक्त संकेत भोंडवे, मिशन संचालक शिशिर गेमावत सहित नगर निगम आयुक्त और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गरीबों और जनजातीय समाज के नेतृत्व को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं कर पा रही : प्रधान

एजेंसी

भुवनेश्वर : पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रधान ने आरोप लगाते हुए कहा कि गरीबों और जनजातीय समाज से उभरने वाले नेतृत्व को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। बुधवार को अनुगोल में आयोजित ह्यलोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओह्न पदयात्रा में शामिल होने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर अराजकता, भ्रष्टाचार, लोकतंत्र विरोधी रवैया और देश के विकास में बाधा डालने वाली मानसिकता का आरोप लगाया।
प्रधान ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की अराजकता और तुष्टीकरण की राजनीति को पूरी तरह नकार चुकी है। लगातार चुनावी पराजय के बाद राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता लोकतंत्र, निर्वाचन आयोग तथा संविधान के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे



हैं। यह उनकी हताशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में वर्ष 1998 से लेकर 2024 तक हुए चुनावों में जनता ने लगातार कांग्रेस को नकारा है। गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में भी कांग्रेस का जनाधार कमजोर हुआ है। प्रधान ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक ताकत के कारण ही ओडिशा के एक जनजातीय परिवार में जन्मी द्रौपदी मुर्मु देश की राष्ट्रपति बनीं और एक साधारण चाय विक्रेता के बेटे नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे, लेकिन कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व और गांधी परिवार गरीबों तथा जनजातीय समाज से आने वाले नेतृत्व को सहजता से स्वीकार नहीं कर पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावों में बार-बार हार के बाद कांग्रेस के नेता जनादेश, संविधान और निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने सोनिया गांधी की पुस्तक और उनके पूर्व के बयानों का उल्लेख किया। उन्होंने बाबरी ढांचे के मुद्दे पर कांग्रेस के रुख तथा बाटला हाउस मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति को उसकी तुष्टीकरण की मानसिकता का उदाहरण बताया।

शीतकाल के लिए बंद हुए यमुनोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी/यमुनोत्री : छह माह तक ग्रीष्मकालीन प्रवास के बाद उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को भैयादूज के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठानों और मां यमुना के जयकारों के बीच सुबह 10:28 बजे शुभ मुहूर्त में शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इसके बाद शनिदेव महाराज की अगुवाई में मां यमुना की उत्सव डोली पारंपरिक रीति-रिवाजों और वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों के बीच अपने शीतकालीन प्रवास खरसाली के लिए रवाना हुई। दोपहर बाद मां यमुना के अपने मायके पहुंचने पर पूरा खरसाली गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

भारत विकास की नयी ऊंचाइयों पर, विपक्ष की राजनीति गिर रही नये निम्न स्तर पर : भाजपा



एजेंसी

नयी दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की टिप्पणी पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष की राजनीति लगातार नए निम्न स्तर पर जाती दिखाई दे रही है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'शो कॉल्ड डेड इकोनॉमी' (कथित मृत अर्थव्यवस्था) कहा था, लेकिन इसी अर्थव्यवस्था ने धनतेरस के दिन सोने-चांदी की खरीदारी के मामले में अपनी ताकत दिखाई। उन्होंने दावा किया कि धनतेरस पर भारत में एक दिन में जितनी सोने-चांदी की खरीदारी हुई, उतनी खरीदारी पूरा यूरोप तीन महीने में करता है।
उन्होंने कहा कि यह भारत की आर्थिक क्षमता का प्रमाण है।

त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा व भीड़ प्रबंधन के निमित्त दक्षिण पूर्व रेलवे की व्यापक तैयारी

एजेंसी

कोलकाता : छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सम्भावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुरक्षित, संरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है।



यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने आवश्यकतानुसार विशेष ट्रेनों के परिचालन की व्यवस्था की है, ताकि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा हो। जोन के प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर विभिन्न स्टेशनों से अलग-अलग गंतव्यों के लिए कुल 35 जोड़ी विशेष ट्रेनें 407 फेरों के साथ चलायी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, 05 जोड़ी विशेष ट्रेनें दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार से होकर गुजर रही हैं। साथ ही, अक्टूबर 2026 तक विभिन्न ट्रेनों में स्थायी आधार पर 33 अतिरिक्त कोच जोड़े गये हैं, जिससे नियमित ट्रेनों में यात्री क्षमता एवं सीटों की उपलब्धता में वृद्धि हुई है।
शालीमार, रांची, टाटानगर एवं राउरकेला स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने, उनके आवागमन को सुव्यवस्थित करने तथा व्यस्त समय एवं त्योहारों के दौरान सुरक्षित यात्री प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए होल्डिंग एरिया विकसित किये गये हैं।

मायके मुखबा पहुंचीं मां गंगा श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

उत्तरकाशी : भैया दूज के पावन पर्व पर मंगलवार को मां गंगा व मां यमुना दोनों के ही मायके में उत्सव का माहौल रहा। मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव डोली बुधवार को अपने मायके मुखबा पहुंची। जहां तीर्थ पुरोहितों तथा श्रद्धालुओं ने मां गंगा का भव्य स्वागत किया। स्वागत के इस दौरान पूरे मुखबा गांव व क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। मां गंगा के स्वागत के लिए सभी लोग बड़े उत्साहित रहे और डोली यात्रा का परंपरानुसार पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया। मुखबा में मां गंगा का प्राचीन मंदिर है, जहां शीलकाल में वह प्रवास करती हैं और यहीं पर शीतकाल के छह माह तक देश-विदेश के श्रद्धालु मां गंगा के दर्शन करते हैं।

फिटनेस के प्रति बेहद समर्पित हैं सोहा अली



मुम्बई : 45 वर्ष की उम्र में भी अभिनेत्री सोहा अली खान अपनी फिटनेस के प्रति बेहद समर्पित हैं और नियमित रूप से कड़ी मेहनत से व्यायाम करती हैं। हाल ही में, उन्होंने अपने जिम साथियों के साथ एक गतिशीलता चुनौती (मोबिलिटी चैलेंज) में हिस्सा लिया, जो उनके लिए बेहद ज्ञानवर्धक अनुभव साबित हुआ। इस चुनौती में उन्हें बिना हाथों का सहारा लिए फर्श पर लेटना था और फिर वापस उठना था। 'रंग दे बसंती' जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने वाली सोहा ने बताया कि यह चुनौती देखने में भले ही छोटी और सीधी-सादी लगे, लेकिन इसमें कूल्हे की गतिशीलता, निचले शरीर की ताकत, संतुलन, लचीलापन और शरीर के अंगों के बीच समन्वय का एक जटिल मिश्रण शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उम्र बढ़ने के साथ, हम अक्सर ऐसी कई गतिविधियों को करने में असमर्थ होने लगते हैं जो युवावस्था में बेहद आसान प्रतीत होती थीं। सोहा ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा, हमें इस बात पर गहराई से सोचने की जरूरत है कि हम अपने शरीर को रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली गतिविधियों को करने के लिए कितनी बार प्रशिक्षित करते हैं। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती जाती है, यदि हम इन शारीरिक क्षमताओं को बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास नहीं करते हैं, तो हम स्वाभाविक रूप से उनमें से कुछ को खोने लगते हैं। और तब, रोजमर्रा की दिखने में बेहद सरल गतिविधियां भी अचानक से कठिन और चुनौतीपूर्ण लगने लगती हैं।

कृषि को आधुनिक, लाभकारी व रोजगारपरक बनाने के लिए प्रयासरत मप्र सरकार : मोहन

एजेंसी

भोपाल : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी, आधुनिक और रोजगारपरक बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से आधुनिक तकनीक, निवेश, नवाचार और उन्नत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली में राज्य सरकार के कृषि क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों का किया उल्लेख**
- **किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत घटाने और कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने पर जोर**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक निजी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल की ओर से आयोजित भारत कृषि सम्मेलन (एग्रीकल्चरल कॉन्फ्रेंस) के एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का विशेष जोर प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर है। उन्होंने बताया कि किसानों को परंपरागत खेती के साथ नई तकनीकों और लाभकारी कृषि गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा रहा है। इसके माध्यम से निवेशकों को विभिन्न विभागों की आवश्यक अनुमतियां एक ही व्यवस्था के तहत उपलब्ध कराने का प्रयास है। कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित करना सरकार की प्राथमिकता है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार कर अधिक से अधिक कृषि भूमि को सिंचित क्षेत्र के दायरे में लाने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराने के साथ कृषि अधोसंरचना को भी मजबूत किया जा रहा है। इससे कृषि उत्पादन बढ़ने और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।
डॉ. मोहन यादव ने बताया कि सरकार महिला किसानों, युवाओं और प्रगतिशील किसानों को कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दे रही है। कृषि को केवल परंपरागत व्यवसाय तक सीमित न रखकर आधुनिक तकनीक, उद्यमिता और रोजगार से जोड़ने की दिशा में पहल की जा रही है। किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, बेहतर बीज, आधुनिक उपकरणों और फसल प्रबंधन की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे उन्हें बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन करने और बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ किसानों की आय और जीवन स्तर में सुधार करना है। आधुनिक कृषि, निवेश, नवाचार और किसान-केंद्रित योजनाओं के समन्वय से मध्य प्रदेश को कृषि क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।